राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 159, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रोड निर्माण में अनियमितताओं की भरमार ठेकेदार पर लगे गंभीर आरोप...03

पहले भी हो चुके थे डिपोर्ट, फिर दिल्ली में पकड़े गए दो बांग्लादेशी नागरिक; दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई...12

# NCERT किताब विवादः सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कमेटी के गठन का आदेश दिया

● एक सप्ताह में पूर्व जज, शिक्षाविद् और कानून विशेषज्ञ वाली कमेटी बनेगी; विवादित अध्याय बिना मंजूरी प्रकाशित नहीं होगा; सोशल मीडिया पर जिम्मेदारहीन टिप्पणियों वालों की पहचान कर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार का उल्लेख करने वाले विवादास्पद अध्याय को लेकर केंद्र सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने बुधवार को केंद्र को आदेश दिया कि एक सप्ताह के भीतर डोमेन एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया जाए। इस कमेटी में एक पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीश, एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और एक प्रसिद्ध कानून व्यवसायी को शामिल किया जाएगा।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अध्याय-IV का पुनर्लेखन किया गया हो तो उसे इस कमेटी की मंजूरी के बिना प्रकाशित या स्कूलों में नहीं पढ़ाया जा सकता। साथ ही, केंद्र और एनसीईआरटी को निर्देश दिया गया कि प्रोफेसर मिशेल डैनिनो (सोशल साइंस करिकुलम कमेटी के चेयरपर्सन), सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्ना कुमार को स्कूल पाठ्यक्रम तैयार करने या पुस्तकें अंतिम रूप देने में किसी भी भूमिका से तत्काल अलग कर दिया जाए। यह आदेश केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों और सार्वजनिक धन से संचालित संस्थानों पर लागू होगा।

**विवाद की जड़** विवाद की शुरुआत फरवरी 2026 में हुई जब मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया कि एनसीईआरटी की कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की किताब (भाग-2) के अध्याय-ढ्ङ में न्यायपालिका की प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'भ्रष्टाचार' और 'केस बैकलॉग' का जिक्र किया गया था। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की छवि को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाला करार दिया और 26 फरवरी को पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। प्रकाशन, पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर रोक लगाई गई। एनसीईआरटी निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी को कंटेम्प्ट नोटिस जारी किया गया।

एनसीईआरटी ने बाद में सार्वजनिक रूप से 'अनशर्त और अयोग्य माफी' मांगी तथा पूरी पुस्तक वापस ले ली। निदेशक के एफिडेविट में कहा गया कि अध्याय को पुनर्लेखित कर लिया गया है और इसे



2026-27 सत्र से लागू किया जाएगा। लेकिन कोर्ट ने एफिडेविट पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि पुनर्लेखन किसने किया, कौन से विशेषज्ञ थे और सामग्री क्या है? जस्टिस जोयमल्या बागची ने टिप्पणी की, 'यह लैकोनिक बयान है।'

**सरकार का पक्ष और कोर्ट की प्रतिक्रिया**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र ने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा का निर्देश दे दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने सिस्टेमैटिक बदलाव शुरू कर दिए हैं। अब कोई भी सामग्री डोमेन एक्सपर्ट्स द्वारा वेट किए बिना प्रकाशित नहीं होगी।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'एनसीईआरटी को छोड़कर केंद्र खुद हाई-लेवल कमेटी गठित करता तो बेहतर होता।'

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वस्थ आलोचना का स्वागत है, लेकिन कक्षा 8 के impressionable उम्र के छात्रों के सामने नकारात्मक छवि पेश करना गलत है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'यदि न्यायपालिका में किसी अन्य संस्थान की तरह कमियां हैं तो विशेषज्ञ कमेटी उन्हें उजागर करे, तो यह भविष्य के न्यायाधीशों और वकीलों के लिए मददगार होगा।' उन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल से भी परामर्श लेने का सुझाव दिया।

**सोशल मीडिया पर सख्ती**

पीठ ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर न्यायपालिका को बदनाम करने वाली 'गैर-जिम्मेदाराना' टिप्पणियों पर भी सख्त रुख अपनाया। केंद्र को निर्देश दिया गया कि ऐसे वेबसाइट्स और संचालकों की पहचान कर उनकी पूरी डिटेल कोर्ट के सामने पेश की जाए ताकि उचित कार्रवाई हो सके। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'ऐसे लोगों को सबक सिखाना जरूरी है। मैं बतौर सीजेआई ऐसे लोगों को छोड़ने वाला नहीं हूं। भले ही वे देश के बाहर छिपे हों, हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे।'

**महत्वपूर्ण निर्देश**

• डोमेन एक्सपर्ट कमेटी एक सप्ताह में गठित हो।

• अध्याय-IV का पुनर्लेखित संस्करण कमेटी की मंजूरी के बिना प्रकाशित न हो।

• तीनों विशेषज्ञों को सार्वजनिक धन से संचालित किसी भी परियोजना से अलग किया जाए।

• एनसीईआरटी के नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मटेरियल कमेटी (एनएसटीएमसी) की संरचना पर पुनर्विचार।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तीनों विशेषज्ञों को आदेश में संशोधन के लिए अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। यह फैसला शिक्षा क्षेत्र में पाठ्यक्रम निर्माण की पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भविष्य में ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति रुकेगी और छात्रों को सही जानकारी मिलेगी। केंद्र सरकार ने कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है और शीघ्र अमल करने का भरोसा दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा की इच्छामृत्यु को दी अनुमति, कहा- हटाया जाए मेडिकल सपोर्ट सिस्टम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने 32 वर्षीय उस व्यक्ति को कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर निष्क्रिय इच्छामृत्यु ('पैसिव युथनेसिया') की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया थे और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में हैं।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार को एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले 32 वर्षीय व्यक्ति के माता-पिता से मिलने की इच्छा जताई थी। उसने दिल्ली स्थित एम्स के चिकित्सकों के द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड द्वारा दाखिल की गई राणा की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट का अवलोकन किया था और कहा था कि यह रिपोर्ट ''दुखद'' है।प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज की स्थिति की जांच करने के बाद कहा था कि उसके ठीक होने की संभावना नगण्य है।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 11 दिसंबर को कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह व्यक्ति ''बेहद दयनीय स्थिति'' में है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 2023 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोमा की स्थिति वाले मरीज की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने को लेकर विशेषज्ञों की राय लेने के लिए एक प्राथमिक और एक द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड का गठन करना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### टोल प्लाजा के वेट ब्रिज पर लटका पिकअप वाहन, हादसा टला




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के ऐहार टोल प्लाजा पर बुधवार को एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर वेट ब्रिज से लटक गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी मच गई। क्षेत्र के मेरुई गांव निवासी अमरनाथ अपनी पिकअप लेकर ऐहार टोल प्लाजा पहुंचे थे। वह वाहन का वजन कराने के लिए वेट ब्रिज पर चढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। पिकअप का दांया हिस्सा प्लेटफार्म से नीचे लटक गया जबकि बांकी हिस्सा वेट ब्रिज पर ही फंसा रह गया। गनीमत रही कि वाहन पूरी तरह नीचे नहीं गिरा नहीं तो पिकअप पलट सकता था। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही टोल प्लाजा पर तैनात पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थिति को संभाला और वाहन को हटाने की व्यवस्था शुरू कराई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों का कहना है कि वाहन चालक नशे की हालत में लग रहा था। जांच की जा रही है।

### पद्मश्री डॉ. सोमा घोष कला एवं संगीत केन्द्र' का उद्घाटन 14 मार्च को

**नैनी, प्रयागराज।** सामाजिक संस्था हुड्सा द्वारा संचालित समदरिया स्कूल दांदूपुर में कला एवं संगीत केंद्र का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष 14 मार्च को करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी पूर्व कुलपति, बीएचयू करेंगे ।इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, पूर्व अपर महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय नीरज त्रिपाठी तथा शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।यह केंद्र बच्चों एवं युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत, कला एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित रहेगा। उक्त आशय की जानकारी हुड्सा के सचिव डा मणि शंकर द्विवेदी ने दी।

## तंबौर में रसोई गैस की भारी किल्लत, उपभोता परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**तंबौर (सीतापुर)।** क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। एचपी और इंडेन गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश लोगों को खाली सिलेंडर लेकर ही वापस लौटना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता पिछले तीन-तीन दिनों से लगातार एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें गैस रिफिल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गैस की कमी के कारण घरों में भोजन बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। लोग सुबह से ही एजेंसी के बाहर लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं, लेकिन स्टॉक खत्म होने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

एक उपभोक्ता ने बताया कि काम-धंधा छोड़कर घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी गैस नहीं मिल रही है। कई बार एजेंसी पहुंचने के बावजूद उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ता है। लोगों का कहना है कि गैस वितरण की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

तंबौर स्थित एचपी गैस एजेंसी पर सुबह से ही भीड़ का दबाव बना रहता है। भीड़ अधिक होने के कारण कई बार उपभोक्ताओं और एजेंसी कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस की आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है, जिससे समस्या बढ़ती जा रही है।

वहीं इंडेन गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण करीब 12 दिनों तक गैस की सप्लाई नहीं आ सकी थी। हाल ही में गैस की गाड़ी पहुंची है, लेकिन लंबे समय से लंबित बुकिंग के कारण मांग के मुकाबले सप्लाई कम पड़ रही है। उनका कहना है कि धीरे-धीरे बैकलॉग कम किया जा रहा है और आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। फिलहाल तंबौर क्षेत्र के उपभोक्ता गैस की कमी से जूझ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन और संबंधित गैस कंपनियों से मांग की है कि गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 8000 की संपत्ति बरामद



**नैनी, प्रयागराज।** छिवकी रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ छिवकी की टीम ने रेलवे संपत्ति चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 8000 मूल्य की रेलवे संपत्ति बरामद की गई है।जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2026 को KCN-PCOI के मध्य सुरागरसी के दौरान रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने किमी संख्या 810/12-14 के पास समय लगभग 1:30 बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रेलवे संपत्ति (अनाधिकृत कब्जा) अधिनियम 147 R Act के अंतर्गत गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि दिनांक 9 मार्च 2026 को किमी संख्या 810/11-9 के पास उन्होंने टी-बोर्ड काटा था। उनकी निशानदेही पर छुपाकर रखा गया टर्मिनेशन बोर्ड बरामद किया गया।पूछताछ के आधार पर तीसरे आरोपी नौशाद सिद्दीकी को उसकी दुकान से समय लगभग 3:30 बजे रेलवे संपत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया, जो चोरी की सामग्री खरीदने वाला रिसीवर है।

गिरफ्तार आरोपियों में गुलशन पुत्र अशोक,उम्र 22 वर्ष,निवासी झुग्गी-झोपड़ी चुंगी, थाना दारागंज, जिला प्रयागराज रंजीत पुत्र राजकुमार, उम्र 24 वर्ष, निवासी उपरोक्त

नौशाद सिद्दीकी पुत्र गुलाम मुस्तफा, उम्र 31 वर्ष, निवासी बलापुर, थाना घूरपुर, जिला प्रयागराज (रिसीवर) बरामद रेलवे संपत्ति में एक टर्मिनेशन बोर्ड तथा लगभग 5 फीट लंबी 25 मिमी केबल शामिल है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत ?8000 बताई गई है। इस संबंध में मुकदमा संख्या 234/26 व 235/26 धारा 147 रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया है तथा दिनांक 9 मार्च 2026 को दर्ज मुकदमा संख्या 3/26 धारा 3 आरपी (UP) एक्ट से तीनों आरोपियों को संबद्ध किया गया है।इस कार्रवाई में IPF ए.के. यादव, SI ज्ञानचंद, ASI जे. कुशवाहा, HC मुन्ना पासवान, HC दीपक चौहान, ASI लखन सिंह (CIB) तथा HC अमित कुमार (CIB) शामिल रहे।गिरफ्तार आरोपियों को पोस्ट लाकर समय 5:05 बजे प्रविष्टि संख्या 30 पर मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा उन्हें आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

## एक मार्कशीट, दो जिले और दो सरकारी नौकरियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराबंकी/प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक और न्यायिक इतिहास में जालसाजी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरी व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। एक ही शैक्षणिक दस्तावेजों (मार्कशीट) के सहारे दो अलग-अलग जिलों और दो अलग-अलग विभागों में 17 वर्षों तक सरकारी नौकरी करने वाले जय प्रकाश सिंह को आखिरकार कानून के शिकंजे ने कस लिया है। बाराबंकी की सीजेएम (CJM) कोर्ट ने इस 'महासंग्रामी' धोखाधड़ी पर कड़ा प्रहार करते हुए दोषी को 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

**17 साल का दोहरा खेल**

मामला सुल्तानपुर के मूल निवासी जय प्रकाश सिंह से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि जय प्रकाश ने एक ही समय में दो सरकारी पदों पर कब्जा जमा रखा था:

**प्रतापगढ़ (स्वास्थ्य विभाग):** यहाँ वह एएनएम (ANM) के पद पर तैनात था।

**बाराबंकी (शिक्षा विभाग):** यहाँ उसने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शिक्षक की नौकरी हासिल की थी। आश्चर्य की बात यह है कि आरोपी ने न केवल 17 सालों तक दोनों विभागों से वेतन और भत्ते लिए, बल्कि उसने बाराबंकी में शिक्षक के पद पर पदोन्नति (प्रमोशन) भी प्राप्त कर ली थी।

**कैसे खुला राज?**

इस जालसाजी का पर्दाफाश तब हुआ जब 15 साल पहले बाराबंकी के आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रभात सिंह ने इस



17 साल का 'धोखाधड़ी का साम्राज्य' ढहा, 7 साल की जेल

विसंगति की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जय प्रकाश सिंह दो अलग-अलग जिलों में पूरी तरह सक्रिय होकर सरकारी खजाने को चूना लगा रहा है।

शुरुआती जांच के बाद कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। तत्कालीन विवेचक प्रेम सिंह रैकवार ने गहन छानबीन के बाद अदालत में पुख्ता आरोप पत्र (Charge Sheet) दाखिल किया।

**कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला**

सीजेएम कोर्ट की न्यायाधीश सुधा सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे 'सिस्टम के साथ क्रूर मजाक' करार दिया। अभियोजन पक्ष (SPO अनार सिंह) द्वारा पेश किए गए सबूतों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने जय प्रकाश को दोषी पाया।

**प्रमुख दंडः** कारावासः 7 साल की जेल।

**जुर्मानाः** 30,000 रुपये का अर्थदंड।

वेतन वसूलीः कोर्ट ने आरोपी द्वारा इन वर्षों में लिए गए करोड़ों रुपये के वेतन और भत्तों की वसूली का भी कड़ा आदेश दिया है।

**प्रशासनिक चूक पर सवाल**

» यह मामला उत्तर प्रदेश के सरकारी विभागों की सत्यापन प्रणाली (Verification System) पर बड़े सवालिया निशान खड़े करता है।

» कैसे एक व्यक्ति 17 साल तक दो जिलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहा?

» क्या विभागीय अधिकारियों ने कभी भौतिक सत्यापन या बायोमेट्रिक उपस्थिति पर ध्यान नहीं दिया?

» एक ही आधार कार्ड या पैन कार्ड (यदि उस समय लागू था) जैसी जानकारियों का मिलान क्यों नहीं हो पाया?

» 'यह फैसला उन सभी के लिए एक सबक है जो फर्जीवाड़े के दम पर व्यवस्था को चुनौती देते हैं। सरकारी धन जनता की अमानत है और इसकी लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' - कोर्ट टिप्पणी

फिलहाल, जय प्रकाश सिंह को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया गया है और प्रशासन ने उसकी संपत्तियों का आकलन शुरू कर दिया है ताकि अवैध रूप से हासिल किए गए वेतन की भरपाई की जा सके।

## लोकसभा में 2019 से डिप्टी स्पीकर नहीं', यह संविधान का उल्लंघन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के संकल्प पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय आवंटित किए जाने पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के बयान को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सदन में 2019 से उपाध्यक्ष का नहीं होना संविधान का उल्लंघन है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि 1954 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जी वी मावलंकर के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा में उस वक्त के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भाग लिया था और विपक्ष को अधिक समय दिए जाने की पैरवी की थी।

रीजीजू ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि बिरला के खिलाफ संकल्प पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय आवंटित किया गया है, जबकि 1954 में इसी तरह के संकल्प पर चर्चा के लिए सिर्फ ढाई घंटे का समय निर्धारित किया गया था। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कल लोकसभा में अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा में संसदीय कार्य मंत्री ने गर्व से दावा किया कि चर्चा के लिए 10 घंटे आवंटित किए गए हैं, जबकि दिसंबर 1954 में इसी तरह के प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे। 'उन्होंने कहा कि रीजीजू यह बताना भूल गए कि 18 दिसंबर 1954 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू स्वयं सदन में बैठे थे और चर्चा में भाग लिया था।

जयराम रमेश ने कहा, '18 दिसंबर 1954 को बोलते समय, जवाहरलाल नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया कि ज्यादा समय विपक्ष को आवंटित किया जाना चाहिए। जब 18 दिसंबर 1954 को लोकसभा में प्रस्ताव पेश किया गया, तो 489 सांसदों वाले सदन में कांग्रेस के पास 364 सांसद थे। ' कांग्रेस नेता का कहना है, '18 दिसंबर 1954 को (जैसा कि बाद में 1966 और 1987 में हुआ था) लोकसभा में अध्यक्ष के विरुद्ध प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सभापति की कुर्सी पर एक उपाध्यक्ष थे। 2019 के मध्य से लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं है जो संविधान का स्पष्ट उल्लंघन है। ' लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई ने भी इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भारत के संविधान का अनुच्छेद 96 यह प्रावधान करता है कि जब स्पीकर को पद से हटाने से संबंधित कार्यवाही चल रही हो, तो वह स्वयं उस कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते। इसका उद्देश्य निष्पक्षता बनाए रखना है। ' उन्होंने कहा, 'भारत का संविधान अनुच्छेद 93 के तहत केवल दो संवैधानिक पीठासीन अधिकारियों की कल्पना करता है, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर, जिन्हें सीधे सदन द्वारा चुना जाता है। डिप्टी स्पीकर का चुनाव न कराकर सरकार ने एक संवैधानिक शून्य पैदा कर दिया है। '

गोगोई ने कहा, 'ऐसी स्थिति में, जिस स्पीकर को चुनौती दी जा रही है, उसी द्वारा नामित किसी पैनल चेयरपर्सन को कार्यवाही की अध्यक्षता करने देना अनुच्छेद 96 के पूरे उद्देश्य को ही विफल कर देता है। ' उन्होंने कहा, 'निष्पक्षता को केवल एक औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं किया जा सकता। एक संवैधानिक लोकतंत्र में न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। अगर स्पीकर अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकते, तो वे अपने ही मामले में न्यायाधीश को नामित भी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त खबरें

### नो स्मोकिंग डे पर पीएचसी इमिलिया कोडर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**पचपेड़वा/बलरामपुर।** नो स्मोकिंग डे के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमिलिया कोडर में लोगों को तंबाकू और धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.डी. चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान डॉ. प्रसून गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। इससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशीले पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान की लत धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को कमजोर कर देती है और कई असाध्य बीमारियों का कारण बनती है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे इस लत को छोड़कर तंबाकू मुक्त जीवन अपनाएं और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान धूम्रपान करने वाले लोगों को इस आदत को छोड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा तंबाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट प्रकाश गौतम, एल.टी. विशाल, नर्स ज्योत्सना मंगलम, प्रिंस कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी व क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बस्ती में बन रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी और अंबेडकर पार्क, छात्रों को मिलेगा फायदा



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बुधवार को क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अटल नगर वार्ड स्थित निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया. इन्होंने इसे मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया. इसे इको फ्रेंडली बनाने का सुझाव दिया. श्रीमती राना इसके बाद राजा उदय प्रताप नगर वार्ड में बन रहे अंतरिक्ष प्रयोगशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया. उन्होंने दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया जिससे विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए. इसे वाई फाई और सोलर सिस्टम से जोड़ने निर्देश भी दिया नगर पंचायत अध्यक्ष ने भगत सिंह नगर वार्ड में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क और गुरु प्रसाद नगर वार्ड में बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया. इन दोनों परियोजनाओं में ठेकेदार ने बताया कि शासन द्वारा दूसरी किस्त नहीं मिलने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है. श्रीमती राना ने निर्देश दिया कि शासन से समन्वय स्थापित कर धन अवमुक्त कराने की कार्यवाही की जाए और शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाए. अध्यक्ष ने जनता की मांग पर नगर कप्तानगंज मार्ग पर एक शौचालय कॉम्प्लेक्स बनवाने का आश्वाशन दिया. नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने प्रयास जारी है।


### राज्य महिला आयोग अध्यक्ष 13 मार्च को सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की करेंगी जन सुनवाई

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर प्राप्त) डॉ0 बबिता सिंह चैहान का जनपद में सर्किट हाउस चुर्क में 12 मार्च को रात्रि में आगमन होगा, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष 13 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मवोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 09:30 बजे प्रतिभाग करेंगी, इसके पश्चात सर्किट हाउस में जनपद में महिलाओं की उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई करेंगीं, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस सभागार में महिलाओं का सम्मान गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में प्रतिभग करेगी इसके पश्चात वैष्णों माता मंन्दिर डाला में महिला आयोग अध्यक्ष दर्शन व पूजन करेंगीं इसके पश्चात जिला करागार महिला बन्दीगृह का निरीक्षण करेगी तद्दपश्चात अपने गनतब्य को प्रस्थान करेगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 308 जोड़ों का हुआ विवाह

### ●आईटीआई गौरीगंज के पीछे मैदान में आयोजित हुआ भव्य सामूहिक समारोह

### राज्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद अमेठी में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी 13 विकासखंडों व चारों निकायों से आए कुल 308 जोड़ों का विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ-शिशु कल्याण विभाग) मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण-पत्र, उपहार सामग्री प्रदान कर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना है। कार्यक्रम में वर-वधू को दी जाने वाली सभी सामग्रियां गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इससे भी अधिक संख्या में पात्र जोड़ों का विवाह इस योजना के अंतर्गत कराया जाएगा। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ समय पर पहुंचे। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानजनक तरीके से विवाह कराया जा रहा है। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को उज्ज्वल भविष्य और सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 13 विकासखंडों से कुल 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, सभी विवाह संबंधित धर्मों की परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रति युगल कुल एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, जबकि 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री जैसे पांच साड़ियां, ब्राइडल लहंगा, चांदी की पायल और बिछिया, डिनर सेट, कुकर, ट्रॉली बैग, सीलिंग फैन, आयरन, गद्दा-तकिया आदि वर-वधू को दिए जाते हैं। इसके अलावा 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह सुनिश्चित करना है। योजना का लाभ विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को भी दिया जाता है। साथ ही निराश्रित कन्याओं, विधवा की पुत्रियों, दिव्यांग अभिभावकों की पुत्रियों तथा स्वयं दिव्यांग कन्याओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीण शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः**– नारायणपुर थाना क्षेत्र के महतोडीह गांव के समीप बुधवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महतोडीह गांव निवासी दुर्गा दास का 18 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार गल्ला का सामान लेकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक उसकी बाइक एक ऑटो से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं ख़बर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई थी।

## परिवार की लापरवाही सेगैस लिंकेज से लगी आग घर का सामान जलकर हुआ खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खंड सल्टौआ क्षेत्र के सल्टौआ गोपालपुर में मंगलवार को एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब गैस सिलेंडर में लिंकेज होने के कारण अचानक आग लग गई। यह आग गांव निवासी प्रहलाद यादव के घर में लगी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भयभीत हो गए।मिली जानकारी के अनुसार,प्रहलाद यादव घर में दोपहर बाद रसोई मे बच्चे के लिए दूध गरम करने गए थे ।गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होने पर चूल्हा जलाते ही सिलेंडर से निकली गैस ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने पूरे रसोईघर को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में आग की लपटें तेज हो गईं और घर के अन्य हिस्सों तक फैलने लगीं।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बाल्टी तथा हैंडपंप के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा घरेलू सामान,अनाज,कपड़े तथा कुछ जरूरी कागजात जलकर नष्ट हो चुके थे। सूचना मिलने पर स्थानीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। तथा विभागीय सहयोग देने की भी बात कही है । पीड़ित के अनुसार आग से लगभग एक लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है ।ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद नियमानुसार मदद उपलब्ध कराई जाएगी ।इस घटना के बाद क्षेत्र में गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

## हरैया में विकास विभाग का भ्रष्टाचार तथा गौशाला नाम पर करोड़ रुपया जा रहा अधिकारियों के जेब में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया में विकास विभाग का भ्रष्टाचार तथा गौशाला नाम पर करोड़ रुपया जिले में पानी की तरह बह गया लेकिन छुट्टा पशु नेशनल हाईवे के किनारे घूमते नजर आ रहे हैं आए दिन जानवरों से कभी बाइक टकराती कभी टकराती पशुओं के कारणलोग दुर्घटना ग्रस्त होते रहते हैंइस मामले पर खंड विकास अधिकारी हरैया को फोन करने पर फोन रिसीव नहीं होता। और ना ही कोई कर्मचारी इस मामले को संज्ञान लेता है जबकि उसी रास्ते से जिम्मेदार अधिकारी खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने रोड पर डालते नजर आ रहे हैं फिर भी उनकोगौशालाओं में व्यवस्थित नहीं किया जा रहा चार के नाम पर हर महीने लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं एक ग्राम पंचायत में फिर भी इन पशुओं को गौशालयों में क्यों नहीं भेजा जा रहा है गौशाला के नाम पर चारा घोटाला बस्ती जनपद के सभी विकास करो में हो जमकर हो रहा है ना तो जिला प्रशासन इस मामले पर ध्यान दे रहा है ना ही खंड विकास अधिकारी इस मामले पर दे रहे हैं ध्यान जीवी हरैया विकासखंड के भदावल, संसारीपुर, खैरीओझा, बड़हर कला , चौकड़ी, आमा पांडे, भारगवा,गांव के सामने नेशनल हाईवे पर छुट्टा पशुओं का आतंक से लोग परेशान नजर आ रहे हैं आए दिन जानवरों से टकराकर घायल हो रहे हैं पुलिस प्रशासन अपना खाना पूर्ति करके वारा न्यारा कर देते हरैया विकासखंड के हाईवे के किनारे सड़कों पर डेरा डाले छुट्टा पशुहाईवे पर दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही है जिससे लोग आये दिन हो रहे हैं घायल जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यानप्रशासन द्वारा छुट्टा पशुओं को पड़कर गौशाला भेजने का अभियान साबित हो सिर्फ है दिखावा.छुट्टा पशुओं से सड़क व हाइवे पर लगातार बढ़ रही है दुर्घटनाएं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं ले रहे हैं संज्ञान कप्तानगंज हरैया विकास खंड क्षेत्र के हाईवे पर लगातार छुट्टा पशुओं का है आतंक जिम्मेदार अधिकारी नहीं ले रहे हैं इस पर कोई संज्ञान सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी जेब भरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं यहां तक ग्राम पंचायत में फर्जी हाजिरी के सहारे भुगतान करवा रहे हैं जबकि सरकार द्वारा छुट्टा पशु के लिए हर महीने लाखों का वारा न्यारा हो रहा है जिम्मेदार अधिकारी आंखें मुदे कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं कब होगी इन छुट्टा पशुओं को गौशाला में मैं भेजा जाएगा जिससे दुर्घटनाएं कम होगी जिला अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं ब्लॉक के कर्मचारी और अधिकारी इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं सरकार का बजट गौशाला के धन का बंदर बढ़ हो रहा है छोटा पशुओं से टकराने के बाद लोगों की हो रही है मोते फिर भी शासन प्रशासन नहीं ले रहा संज्ञा न कब होगी इस भ्रष्टाचार की जांच कर्मचारी गौशाला से बंद जानवरों को छोड़ दिया जा रहा है।

## कुर्मिडीह रोड जाम मामले में गंगा नारायण सिंह समेत छह लोग बरी, अदालत के फैसले से समर्थकों में खुशी

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः**– वर्ष 2019 में कुर्मिडीह रोड जाम से जुड़े एक मामले में माननीय न्यायालय ने गंगा नारायण सिंह सहित छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद आरोपियों और उनके समर्थकों के बीच खुशी का माहौल देखा गया। न्यायालय के निर्णय के बाद गंगा नारायण सिंह ने कहा कि 'सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।' उन्होंने कहा कि उन्हें शुरू से ही न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था और आज न्याय की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि सत्य को सामने आने में कभी-कभी समय जरूर लगता है, लेकिन अंततः विजय सत्य की ही होती है। गंगा नारायण सिंह ने इस कठिन समय में उनका मनोबल बढ़ाने वाले सभी शुभचिंतकों, साथियों एवं समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने वाले लोगों के सहयोग और विश्वास ने उन्हें हमेशा मजबूत बनाए रखा। इस मामले में गंगा नारायण सिंह के साथ सजल मिश्रा, सुमित झा, अमृत तुरी, झालो राणा और महेंद्र राणा भी आरोपी थे, जिन्हें न्यायालय ने बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले को न्याय की जीत के रूप में देखा जा रहा है।

# बीआरसी शुकुल बाजार पर उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई सम्पन्न

### ●मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेश पासी हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार स्थित बीआरसी केंद्र पर ग्राम प्रधानों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिवों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेश पासी शामिल हुए और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों तथा योजनाओं की जानकारी देते हुए शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताया।अपने संबोधन में विधायक सुरेश पासी ने कहा कि विद्यालयों के सुचारू संचालन और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में ग्राम प्रधानों व विद्यालय प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी से अपील की कि विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही 50 छात्र और 50 छात्राओं को विधानसभा भ्रमण कराया जाएगा, उन्होंने बताया कि लगभग सभी विद्यालयों में स्वच्छ एवं शीतल पिए जल हेतु वाटर कूलर लगवाए गए हैं जिन विद्यालयों में वाटर कूलर नहीं लगे हैं जल्द ही सभी विद्यालयों में वाटर कूलर लगवाए जाएंगे।कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम प्रधानों और वीएमसी पदाधिकारियों को शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय विकास, सरकारी योजनाओं और उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है, जिससे विद्यालयों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।कार्यक्रम में प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश मिश्रा, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुश पांडे, शिक्षक विक्रमादित्य तिवारी, राहुल पांडे, अजय तिवारी, अनूप तिवारी, संदीप यादव, घनश्याम यादव, प्रधान राकेश शर्मा, प्रधान रमई सहित क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, शिक्षक, संभ्रांत नागरिक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यशाला के दौरान शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।

### इफको के विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार का अमेठी भ्रमण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**अमेठी।** जनपद अमेठी में इफको के विपणन निदेशक का आगमन हुआ रिछौरा कृषि वानिकी साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर उपस्थित किसानों समिति सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ इफको के निदेशक विजय शंकर राम, राज्य विपणन प्रबंधक तथा आईएफएफडीसी के राज्य प्रबंधक आरके द्विवेदी उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर सभी कृषि वानिकी के सचिव, अध्यक्ष, महिला सदस्य उपस्थिति रही। इफकोडेलीगेट अशोक सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विपणन निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि हम समितियां को 15 दिन की क्रेडिट पर उर्वरक उपलब्ध करवाते रहेंगे तथा वानिकी समितियों को इफको हर प्रकार की सहायता करती रहेगी। इस अवसर पर अमेठी के आईएफएफडीसी के क्षेत्राधिकारी चक्रधर द्विवेदी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा आर के द्विवेदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर पीके सिंह, सुशील सिंह, जगबीर सिंह, विजय सिंह, संजय द्विवेदी, मीना द्विवेदी, रोहित सिंह, अमन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ईद व चैत्र रामनवमी को लेकर थाना बाजार शुकुल में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

### ●सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार, अमेठी।** आगामी त्यौहार ईद एवं चैत्र रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना प्रांगण बाजार शुकुल में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने की।

बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के प्रतीक होते हैं। उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों से अपील की कि ईद और चैत्र रामनवमी के पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके।इस दौरान हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं ने भी अपने विचार रखते हुए क्षेत्र में आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने पर जोर दिया और सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की।बैठक में क्षेत्र के कई संभ्रांत नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा दोनों समुदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार मनाए जाएंगे।पुलिस प्रशासन ने भी आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों से बारी बारी से बात करते हुए समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा सभी समस्याओं का निवारण किया गया। साथ ही साथ त्यौहार में होने वाली असुविधा एवं समस्या के बारे में भी जानकारी ली गई तथा थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना न घटने पाए इसके लिए त्यौहार आपसी सौहार्दपूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ मनाए तथा शासन की मंशा से भी अवगत कराते हुए कहा कि उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, अगर कहीं पर किसी प्रकार की समस्या दिखाई देती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें,साथ ही साथ अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# गिदही पावर प्लांट से एल्यूमिनियम तार चोरी का खुलासा, ई-रिक्शा सहित चार आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना कोतवाली पुलिस ने गिदही पावर भंडारण परिसर से चोरी हुए एल्यूमिनियम तार और लोहे के एंगल की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के पांच बंडल एल्यूमिनियम तार, 18 लोहे के एंगल और एक ई-रिक्शा बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल चोरी के सामान को ले जाने में किया गया था। पुलिस के अनुसार 8 मार्च को राजकुमार सिंह निवासी शिवा कॉलोनी, कोतवाली बस्ती ने सूचना दी कि 7 मार्च की रात करीब दो बजे गिदही पावर भंडारण परिसर में तैनात गार्ड ने कुछ संदिग्ध लोगों को परिसर की दीवार कूदकर भागते देखा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पाया गया कि सरकारी विद्युत भंडारण केंद्र से करीब सात बंडल एल्यूमिनियम तार चोरी हो गए हैं। इस संबंध में थाना कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संख्या 105/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान मुखबिर की सूचना और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने करनपुर के पास झलकटीया की ओर आने वाले मार्ग से 10 मार्च की रात करीब दो बजे तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वसीम पुत्र रहमत अली निवासी परसा तकियवा थाना पुरानी बस्ती, कपूर चौधरी पुत्र राम सजीवन निवासी लोहटी थाना कोतवाली तथा मनीष कुमार पुत्र राज किशोर निवासी बायपोखर थाना पुरानी बस्ती के रूप में हुई। पूछताछ में इनका एक साथी अमित पुत्र प्रकाश उर्फ मुन्ना निवासी बायपोखर फरार बताया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दिनेश उर्फ कल्लू पुत्र राधे श्याम निवासी समसपुर थाना लालगंज को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से यूपी-51 बीटी 9563 नंबर का ई-रिक्शा, पांच बंडल एल्यूमिनियम तार और 18 लोहे के एंगल बरामद किए हैं।

# सील के बाद भी धड़ल्ले से चल रहे क्लीनिक, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के विकासखंड पचपेड़वा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिकों को लेकर एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि जिन क्लीनिकों पर छापेमारी कर मुकदमा दर्ज कराया गया और सील की कार्रवाई की गई, वे आज भी खुलेआम संचालित हो रहे हैं। बताया जाता है कि जूड़ी कुइंया चौराहा पचपेड़वा स्थित साद क्लीनिक में अवैध रूप से डिलीवरी कराए जाने का मामला सामने आया था। डिलीवरी के दौरान पीड़िता की हालत गंभीर हो जाने पर उसे सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर जांच की थी। इसी दौरान अकबरुन्निशा पाली क्लीनिक व राहत जहाँ क्लीनिक पर भी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. संतोष कुमार द्वारा छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान क्लीनिक में अंग्रेजी दवाइयां, ऑपरेशन से संबंधित उपकरण व अन्य चिकित्सा सामग्री पाई गई। बताया जाता है कि इन क्लीनिकों का संचालन डॉक्टर आशमा और राहत जहाँ द्वारा किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार द्वारा इस मामले में पचपेड़वा थाने में तहरीर भी दी गई थी, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि दर्ज मुकदमे में संबंधित संचालकों के नाम शामिल नहीं किए गए। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग इसे धन उगाही का मामला बता रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिन क्लीनिकों को सील किए जाने की बात कही गई थी, वे आज भी बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रहे हैं। इससे विभागीय कार्रवाई की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध क्लीनिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### मुस्लिम युवती ने हिन्दू रीति से मंदिर में रचाई शादी

**अग्नि को साक्षी मानकर प्रेमी जोड़े बने पतिपत्नी**



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र में प्रेम विवाह का एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां एक मुस्लिम युवती ने अपने प्रेमी हिन्दू युवक से शादी कर ली। विवाह हिन्दू रीति-रिवाज से मंदिर में संपन्न हुआ। शादी के बाद युवती ने हिन्दू धर्म अपनाते हुए अपना नाम भी बदल लिया। कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव की रहने वाली आईमन अहमद का गांव के ही युवक शिवम के साथ करीब पांच वर्षो से प्रेम संबंध था। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे। समय के साथ उनका रिश्ता और मजबूत होता गया। आखिरकार दोनों ने अपने रिश्ते को विवाह का रूप देने का निर्णय लिया। परिवार और समाज की आशंकाओं के बीच दोनों ने शादी करने का फैसला किया। इसके बाद दोनों ऐहार स्थित बाल्हेश्वर मंदिर पहुंचे। जहां विधि-विधान से हिन्दू परंपरा के अनुसार विवाह कराया गया। मंदिर में पुरोहित की मौजूदगी में दोनों ने सात फेरे लिए। अग्नि को साक्षी मानकर जीवन भर साथ निभाने की शपथ ली। विवाह के बाद आईमन ने हिन्दू धर्म अपनाते हुए अपना नया नाम कृतिका रख लिया। शादी के बाद नवविवाहित दंपत्ति शिवम और कृतिका ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उनका रिश्ता आपसी विश्वास और प्रेम पर आधारित है। दोनों ने साथ मिलकर जीवन बिताने का निर्णय लिया है।

### बाइक-साइकिल की टक्कर में बुजुर्ग किसान समेत दो घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर बुधवार को बाइक और साइकिल की आमने सामने टक्कर में बुजुर्ग किसान समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।शीतलाबख्श खेड़ा गांव निवासी बुजुर्ग किसान श्रीअवतार साइकिल से घर लौट रहे थे। तभी मदुरी गांव निवासी बाइक सवार राजकिशोर कुशवाहा ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें फौरन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार राज किशोर हेलमेट नहीं पहना था।

### लखनऊ- हरदोई रोड पर सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौत, सहेली की हालत नाजुक



**लखनऊ-हरदोई रोड पर स्कूटी सवार युवती की मौत।**

**विपरीत दिशा में जा रही स्कूटी को अज्ञात बाइक ने टक्कर मारी।**

**मलिहाबाद।** माल के अहमदपुर गांव निवासी 34 वर्षीय स्कूटी सवार युवती की मंगलवार रात रहीमाबाद स्थित हरदोई-लखनऊ रोड पर सड़क हादसे में मौत हो गई। साथ बैठी उनकी सहेली को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, अहमदपुर निवासी 34 वर्षीय पारुल अपनी सहेली सावित्री के साथ हरदोई के संडीला में नमकीन फैक्ट्री में नौकरी करती थी। मंगलवार देर रात वह संडीला से सहेली को लेकर रहीमाबाद के सेरनगर जा रही थी। वह लखनऊ-हरदोई रोड पर विपरीत दिशा में स्कूटी चला रही थी। हाइवे ढाबा के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सहेलियां छिटककर सड़क पर जा गिरी। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने पारुल को मृत घोषित कर दिया। सावित्री की हालत नाजुक है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि सीसी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। परिवार ने फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी है।

# रोड निर्माण में अनियमितताओं की भरमार ठेकेदार पर लगे गंभीर आरोप

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण परियोजना में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कृष्णा कॉलोनी कल्याण समिति ने एक शिकायती पत्र जारी किया है। जिसमें कॉलोनी के निवासियों ने ठेकेदार पर मानकों की अनदेखी करने और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। इस मुद्दे ने स्थानीय स्तर पर हलचल मचा दी है, क्योंकि इससे कॉलोनी के सैकड़ों निवासियों की दैनिक जीवन प्रभावित हो सकता है। कृष्णा कॉलोनी, जो आईआईएम रोड, रायपुर इलाके में स्थित है, लखनऊ के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में से एक है। यहां एलडीए द्वारा अविनाश सिंह के मकान से मुनेंद्र सिंह के मकान तक सीसी (कंक्रीट) रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। यह परियोजना कॉलोनी की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन अब इसमें गंभीर खामियां सामने आ रही हैं।

कल्याण समिति के अध्यक्ष पी.के. राय द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ठेकेदार नक्शे के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है। पत्र के अनुसार, जल निकासी की नालियां गलत दिशा में बनाई जा रही हैं, जिससे बरसात के मौसम में कॉलोनी के घरों में पानी भरने की संभावना बढ़ गई है। इससे न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जो सड़क की गुणवत्ता और स्थायित्व पर सवाल खड़े करता है।

पत्र में लिखा गया है, 'उक्त कार्य में नाली खोदने की जल निकासी की दिशा विपरीत दिशा में बनाई जा रही है, जिसकी वजह से कॉलोनी वासियों के घरों में पानी भरने की संभावना है। ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।' समिति ने एलडीए के निदेशक से अनुरोध किया है कि वे स्वयं या तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के माध्यम से जांच कराएं और मानकों के अनुसार कार्य पूरा करवाएं।

इस शिकायत के पीछे कॉलोनी के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, आईआईएम रोड क्षेत्र में विकास कार्यों में अक्सर ऐसी अनियमितताएं देखी जाती हैं, जहां ठेकेदार लाभ कमाने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता करते हैं। एक स्थानीय निवासी, जो नाम न छापने की शर्त पर बात की, ने बताया, 'हमने कई बार शिकायत की है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। अब यह रोड बनने से पहले ही समस्या पैदा कर रहा है।

अगर जल निकासी सही नहीं हुई, तो मानसून में पूरा इलाका जलमग्न हो जाएगा। 'कृष्णा कॉलोनी कल्याण समिति एक



पंजीकृत संगठन है, और यह कॉलोनी के कल्याण और विकास से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करती है। एलडीए के अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क करने पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली, यह घटना लखनऊ में विकास परियोजनाओं की निगरानी की कमी को उजागर करती है, जहां अक्सर स्थानीय समितियां ही आवाज उठाती हैं।

ऐसे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता नियंत्रण आवश्यक है। एक 'जल निकासी की दिशा गलत होना एक बड़ी लापरवाही है। इससे न केवल बाढ़ का खतरा बढ़ता है, बल्कि सड़क की उम्र भी कम हो जाती है। एलडीए को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। कॉलोनी के निवासी अब इस शिकायत के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। यदि जांच में देरी हुई, तो समिति आगे की कार्रवाई, जैसे धरना या कोर्ट जाने पर विचार कर सकती है। यह घटना लखनऊ के अन्य कॉलोनियों के लिए भी एक उदाहरण बन सकती है, जहां विकास कार्यों में निवासियों की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

# चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मनाई गई चंद्रभानु गुप्त की 46वीं पुण्यतिथि



**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी और जननायक चंद्रभानु गुप्त जी की 46 वीं पुण्यतिथि पर चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 1995 में श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह ने चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय की स्थापना की थी जिसमें लगभग 100 से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी पूरे महाविद्यालय में कार्यरत हैं एवं लगभग 1700 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने बताया कि महाविद्यालय में बीएससी (ऑनर्स) कृषि एमएससी (कृषि)बीकॉम तथा बी बी ए की शिक्षा दी जाती है महाविद्यालय में उत्तर प्रदेशसहित अन्य प्रदेशों के छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चंद्रभानु गुप्त जी उन विरले नेताओं में थे जिन्होंने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन माना।

उनका सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ इच्छाशक्ति और गरीब-वंचित वर्ग के उत्थान के प्रति समर्पण उन्हें एक आदर्श जननेता के रूप में स्थापित करता है। उत्तर प्रदेश के विकास, शिक्षा के विस्तार और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है जो जनता के हित को सर्वोपरि रखे। उनकी पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी एवं धनेंद्र कुमार सिंह सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों कर्मचारियो ने गुप्ता जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर।** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रथम दिन इकाइयों के संयोजकों द्वारा छात्र-छात्राओं को सेवा योजना के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। पिडीलाइट कंपनी की संयोजिका राखी निगम द्वारा छात्र-छात्राओं को आर्ट एंड क्राफ्ट पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिन सेवा योजना इकाईयों द्वारा गोद लिए गए गांवों में वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान गाकर शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव डॉ दीप्ति श्रीवास्तव एवं डॉ सुधीर कुमार सिंह रघुवंशी, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ के डी सिंह, उरूज आलम सिद्दीकी, राहुल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिव मंगल चौरसिया सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा तथा जनमानस को जागरूक करने के लिए विशाल रैली निकाली जाएगी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं 30 और 31 मार्च को

**लखनऊ** विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी (नियमित) के लिए बुधवार को अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित कर दी। प्रवेश परीक्षा 30 और 31 मार्च को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी ने दो या अधिक विषयों में आवेदन किया है और उनकी परीक्षाएं एक ही दिन व सत्र में निर्धारित हैं, तो वे 16 मार्च तक ईमेल luadmissionswz@gmail.com के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे इस संभावित कार्यक्रम के अनुसार तैयारी करें और किसी भी अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं ईमेल संचार पर ध्यान दें। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने पीएचडी में प्रवेश के लिए आठ मार्च तक आवेदन का मौका दिया था।

# रसोई गैस की किल्लत, एजेंसियों पर लगी लंबी कतारें

**● बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान; होटल-ढाबा कारोबार भी प्रभावित**



**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे और आसपास के गांवों में रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बुधवार को बाईपास स्थित एक गैस एजेंसी पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे। यहां गैस बुकिंग और सिलेंडर वितरण को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले कराई गई बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

पूरे गुरदी मजरे पौशाला मोहल्ला निवासी उपभोक्ता राजू ने बताया कि कई दिन पहले गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। इससे घर की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।


गैस की कमी का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से ढाबा और होटल संचालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में कोयले की भट्ठी से काम चला रहे हैं। होटल व्यवसाय से जुड़े राम सिंह चौहान ने बताया कि हाल ही में गैस की कीमतें भी बढ़ी हैं और अब आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है। इससे कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## नो स्मोकिंग डे के अवसर पर गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली:-** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा के निर्देशन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 'नो स्मोकिंग डे' के अवसर पर गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान, का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डा0 अरुण कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 4 सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू धूम्रपान निषेध परिसर के बारे में बताया गया।

पूनम यादव, जिला परामर्शदाता, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जन-मानस में तम्बाव तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी किया जा रहा है। जिसके परिणाम बहुत ही गम्भीर है, तम्बाकू का धुआँ रहित या धुएं के साथ दोनों तरह का उपयोग समाज के लिए हानिकारक है। जिनमें मुख्यतः युवाओं को तम्बाकू के कुप्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें धुम्रपान न करने हेतु प्रोत्साहित किये जाने की मुख्य भूमिका है। साथ ही युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं हानियों के प्रति जागरूकता लाये जाने के साथ-साथ उनके आस-पास तम्बाकू प्रयोग कर रहे लोगों को तम्बाकू सेवन छोड़ने हेतु प्रोत्साहित किये जाने की जिम्मेदारी देकर उन्हें इस तरह के तम्बाकू सेवन से बचाया जा सकता है।




कार्यशाला में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके स्वयं के परिसर को तम्बाकू मुक्त परिसर बनाये रखने के साथ-साथ मरीजो को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अरविन्द कुमार, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 अम्बिका प्रसाद, जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी डी0एस0 अस्थाना, डी0पी0एम0 राकेश कुमार सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने की जनसुनवाई, कई मामलों का मौके पर निस्तारण

**● निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोण्डा।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का बुधवार को जनपद में आगमन हुआ। उन्होंने सर्किट हाउस में महिला संबंधी जनसुनवाई की और पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया, जबकि शेष 08 प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रत्येक पीड़िता को न्याय दिलाना प्राथमिकता है।

इसके बाद गांधी पार्क स्थित टाउनहॉल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह में उन्होंने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकती हैं।कार्यक्रम के उपरांत ऋतु शाही ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, दर्जीकुंआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया गया, जिस पर उन्होंने तत्काल उसे ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय, महिला थाना प्रभारी अनीता यादव, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, सेंटर मैनेजर चेतना सिंह, प्रियंका सिंह, सिद्धनाथ पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मऊ गांव में फाग के सुरों के साथ गूंजा होली मिलन समारोह: 'शिवाय सेवा समिति' ने सहेजी 14 वर्षों की गौरवशाली परंपरा




**● .....पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर थिरके ग्रामीण, फाग महोत्सव में लोक संस्कृति और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम।**

**स्वतंत्र प्रभात**
**विनीत कुमार मिश्रा(जिला संवाददाता)**

**लखनऊ (मोहनलालगंज):** राजधानी के मोहनलालगंज तहसील स्थित मऊ गांव में मंगलवार को भक्ति, संस्कृति और उल्लास का अद्भुत मेल देखने को मिला।14 वें वार्षिक फाग महोत्सव का आयोजन रंजीत यादव उर्फ गुड्डू की अगुवाई में होली मिलन समारोह ने पूरी ग्राम सभा को फागुन के रंगों से सराबोर कर दिया। पिछले 14 वर्षों से निरंतर चली आ रही इस धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा ने इस बार भी अपनी भव्यता से क्षेत्रीय लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण कलाकारों ने पारंपरिक लोक विधाओं के जरिए न केवल समां बांधा, बल्कि आधुनिकता के दौर में लुप्त होती ग्रामीण जड़ों को फिर से जीवंत करने का संदेश भी दिया।

**सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण: रंजीत यादव 'गुड्डू' की अनूठी पहल.........**

महोत्सव के मुख्य आयोजक और शिवाय सेवा समिति के संस्थापक/सचिव रंजीत यादव उर्फ 'गुड्डू' ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय लोक संस्कृति और फाग जैसी विधाएं हमारे ग्रामीण जीवन की आत्मा हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह महोत्सव केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली विरासत से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। रंजीत यादव के अनुसार, ऐसे कार्यक्रमों से आपसी कटुता मिटती है और समाज में भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है। इसी उद्देश्य के साथ समिति हर वर्ष होली के उपलक्ष्य में इस भव्य मिलन समारोह का खाका तैयार करती है।

**लोक गायकों की जुगलबंदी और अतिथियों का सत्कार.......**

इस वर्ष फाग महोत्सव में धनुवासांड, राजाखेड़ा और मऊ की प्रसिद्ध मंडलियों ने अपनी गायकी से समां बांध दिया। कार्यक्रम में मास्टर सुंदर लाल, त्रिलोकी यादव, नीलकंठ और राजाखेड़ा से आए श्रीराम व इंदल जैसे मंझे हुए कलाकारों ने जब ढोलक और मजीरों की थाप पर फाग के गीत छेड़े, तो उपस्थित जनसमूह झूम उठा। शिवाय सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष राहुल मिश्र, अखिलेश शुक्ल, पांशुल तिवारी, पंकज गुप्ता और गिरिजा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और इस सांस्कृतिक यज्ञ को अगले वर्ष और भी भव्य रूप देने का संकल्प लिया।






# कचरे से रोजगार का 'रामपुर मॉडल', खराब एंबुलेंस बनीं मोबाइल शॉप; रेहड़ी-पटरी संचालकों की बदली दुनिया

**● पुरानी एंबुलेंस को मोबाइल दुकानों में बदला गया।**

**गरीब रेहड़ी-पटरी संचालकों को मिला स्थायी रोजगार।**

**रामपुर में 'जीरो वेस्ट' और 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में नवाचार और विकास के नए मापदंड स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से संसाधन) के विजन को मिशन मोड में अपनाते हुए रामपुर जिला प्रशासन ने एक बेहद अनूठी और सराहनीय पहल शुरू की है। जिले में 'जीरो वेस्ट मॉडल' को धरातल पर उतारते हुए प्रशासन ने कबाड़ हो चुकी और निष्क्रिय एंबुलेंस को नया जीवन दिया है। इन अनुपयोगी वाहनों को आधुनिक मोबाइल दुकानों (वैनशॉप) में बदलकर गरीब रेहड़ी-पटरी संचालकों को रोजगार के लिए सौंपा गया है, जो प्रदेश में अपनी तरह का पहला मॉडल बनकर उभर रहा है।

**कचरे को बनाया संसाधन, एंबुलेंस बनी वैनशॉप**

रामपुर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कचरा प्रबंधन को लेकर अत्यंत गंभीर हैं और उनका संदेश है कि कचरे को समस्या नहीं, बल्कि अवसर समझा जाए। इसी क्रम में प्रशासन ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में वर्षों से धूल फांक रही 8 पुरानी और निष्क्रिय एंबुलेंस को चिन्हित किया। 'जीरो वेस्ट' पहल के तहत इन निष्प्रयोज्य वाहनों को कबाड़ में बेचने के बजाय मॉडिफाई कर आकर्षक मोबाइल वैनशॉप का रूप दिया गया है। इन वैनों को अब रेहड़ी-पटरी संचालकों को आवंटित कर उन्हें स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध कराया गया है।



**जाम से मुक्ति और सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन**

नगर क्षेत्र में लंबे समय से बेतरतीब ठेलों और अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता था, जिससे छोटे कारोबारियों को भी बार-बार हटाए जाने के डर से रोजगार का संकट रहता था। इस समस्या का स्थायी समाधान निकालते हुए फोटो चुंगी के समीप प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक अत्याधुनिक वेंडिंग जोन विकसित किया गया है। यहाँ इन मॉडिफाई की गई 8 वैनशॉप को स्थापित किया गया है, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरी है, बल्कि रेहड़ी-पटरी संचालकों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक व्यावसायिक स्थान प्राप्त हुआ है।

**एक ही छत के नीचे मिनी बाजार का अनुभव**

इस वेंडिंग जोन के विकसित होने से आम जनता को भी बड़ी सहूलियत मिलने वाली है। अब स्थानीय लोगों को कपड़े, खाने-पीने की वस्तुएं, फास्ट फूड और बच्चों के खिलौने जैसे दैनिक उपयोग के सामान एक ही स्थान पर मिलेंगे। जिलाधिकारी ने स्वयं इन दुकानों का निरीक्षण कर विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। प्रशासन की योजना है कि शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के वेंडिंग जोन विकसित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सशक्त बनाया जा सके और रामपुर को एक सुव्यवस्थित डिजिटल और आधुनिक शहर के रूप में निखारा जा सके।

# अमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इज़रायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इज़रायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है।

ईरान और इज़रायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इज़रायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इज़रायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।इज़रायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया। कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इज़रायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है।

वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था।

लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा ख़ामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा। मिसाइल हमले, ड्रोन अभियान और क्षेत्रीय सहयोगियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई तेज कर दी गई।

इस संघर्ष की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैलता दिखाई दे रहा है। खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे लगातार खतरे में हैं। ईरान ने अपने समर्थक संगठनों और मित्र देशों के माध्यम से कई अमेरिकी और पश्चिमी ठिकानों पर हमले किए हैं।मध्य-पूर्व के कई देश इस युद्ध से सीधे या परोक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। तेल के समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। यदि यह युद्ध लंबा चला तो विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष को लेकर बेहद कठोर बयान दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि यदि ईरान ने अपनी सैन्य नीति नहीं बदली तो उसके नए नेता को भी निशाना बनाया जा सकता है।

ऐसे बयान युद्ध को और अधिक खतरनाक बना देते हैं, क्योंकि जब किसी देश के सर्वोच्च नेता को खुले तौर पर लक्ष्य घोषित किया जाता है तो कूटनीति के रास्ते लगभग बंद हो जाते हैं। इससे संघर्ष और भी उग्र हो सकता है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुज्तबा ख़ामेनेई का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। उनका भविष्य कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करेगा।

पहला, ईरान की आंतरिक राजनीति। यदि देश के भीतर धार्मिक नेतृत्व, सैन्य प्रतिष्ठान और जनता का समर्थन उन्हें मिलता रहता है तो वे लंबे समय तक सत्ता में बने रह सकते हैं।

दूसरा, युद्ध का परिणाम ,यदि ईरान इस युद्ध में मजबूत प्रतिरोध दिखाता है तो मुज्तबा ख़ामेनेई एक शक्तिशाली युद्धकालीन नेता के रूप में उभर सकते हैं। इससे उनकी वैधता और प्रभाव बढ़ेगा।उन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव उत्तरोत्तर वृद्धि कर सकता है। यदि अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान पर सैन्य और आर्थिक दबाव को लगातार बढ़ाते हैं तो यह ईरानी शासन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।इस युद्ध का असर केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। रूस, चीन और यूरोपीय देशों की प्रतिक्रियाएँ भी इस संघर्ष की दिशा तय कर सकती हैं। यदि बड़ी शक्तियाँ अलग-अलग पक्षों में खुलकर उतर आती हैं तो यह संघर्ष एक बड़े वैश्विक टकराव का रूप ले सकता है। इसके अलावा तेल की कीमतों में उछाल, व्यापार मार्गों पर खतरा और वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ भी बढ़ सकती हैं। दुनिया पहले ही कई आर्थिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रही है, ऐसे में यह युद्ध वैश्विक अस्थिरता को और बढ़ा सकता है।

अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच चल रहा यह संघर्ष केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि शक्ति, विचारधारा और भू-राजनीतिक हितों की टकराहट है। अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई की हत्या ने इस संघर्ष को और अधिक उग्र बना दिया है, जबकि मुज्तबा ख़ामेनेई का उदय ईरान की नई राजनीतिक दिशा का संकेत देता है। अब पूरी दुनिया की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह युद्ध किस दिशा में जाएगा। क्या यह कूटनीति के जरिए थमेगा या फिर एक व्यापक क्षेत्रीय अथवा वैश्विक युद्ध का रूप ले लेगा? इतना निश्चित है कि मुज्तबा ख़ामेनेई का नेतृत्व इस समय एक कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रहा है। आने वाले समय में वही तय करेगा कि वे ईरान के इतिहास में एक मजबूत और निर्णायक नेता के रूप में याद किए जाएंगे या फिर विश्व राजनीति की उथल-पुथल में उनका अध्याय भी एक अस्थिर दौर की कहानी बनकर रह जाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## युद्ध और पर्यावरण विनाश: क्या तय होगी युद्ध थोपने वाले नेताओं की जवाबदेही?

वर्तमान सदी में युद्ध केवल सीमाओं को बदलने या सत्ता परिवर्तन के लिए ही नहीं, बल्कि संसाधनों पर कब्जे, हथियारों के प्रदर्शन और उनके परीक्षण के लिए भी लड़े जा रहे हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि ये युद्ध न केवल मानव सभ्यता को पीछे धकेल रहे हैं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरण पर भी गहरे और दीर्घकालिक घाव छोड़ रहे हैं।

युद्ध के दौरान फटने वाले बम, मिसाइलें और रासायनिक हथियार तेल भंडारों को राख कर रहे हैं, शहरों और जंगलों की हरियाली निगल रहे हैं, जल स्रोतों को दूषित कर रहे हैं और हवाओं को विषैला बना रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है और जैव विविधता पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि ?युद्ध केवल भूमि और आकाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनका सबसे मूक और गहरा प्रभाव समुद्रों पर पड़ता है। नौसैनिक युद्धों के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाले युद्धपोत और तेल टैंकरों से होने वाला 'ऑयल स्पिल' (तेल रिसाव) समुद्री जीवों के लिए मौत का वारंट बन जाता है। मिसाइल परीक्षणों और पनडुब्बियों द्वारा छोड़े गए मलबे से समुद्र के तल में भारी धातुएं जमा हो जाती हैं, जो खाद्य श्रृंखला के माध्यम से अंततः मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसके अतिरिक्त, आधुनिक युद्धों में उपयोग होने वाले शक्तिशाली सोनार सिस्टम समुद्री स्तनधारियों, जैसे व्हेल और डॉल्फिन की संचार क्षमता और दिशा-ज्ञान को नष्ट कर देते हैं, जिससे उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। लाल सागर और फारस की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वर्तमान सैन्य हलचल वहां के कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) को भी अपूरणीय क्षति पहुँचा रही है, जो हजारों प्रजातियों का घर हैं।

ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब युद्ध पर्यावरण के इतने बड़े विनाश का कारण बनते हैं, तो क्या इन्हें शुरू करने वाले नेताओं और शक्तियों की पर्यावरणीय जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए?

वर्तमान में पश्चिम एशिया का तनाव इस प्रश्न को और अधिक गंभीर बना रहा है। अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच छिड़ा संघर्ष अब भीषण रूप ले चुका है। दोनों ओर से घातक मिसाइलों और ड्रोनों की बरसात हो रही है। ऐसा ही भयावह मंजर रूस-यूक्रेन युद्ध में भी देखने को मिल रहा है। इन युद्धों का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं है। तेल भंडारों, सैन्य ठिकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर हमलों से निकलने वाला विषैला धुआं, रासायनिक गैसें और सूक्ष्म कण वैश्विक वायुमंडल में घुल रहे हैं। विकसित शहर मलबे के ढेर में बदल रहे हैं, जिससे जल, वायु, पृथ्वी और आकाश प्रदूषित होकर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध और पर्यावरण विनाश का चोली-दामन का साथ रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों ने न केवल लाखों जानें लीं, बल्कि दशकों तक रेडियोधर्मी प्रदूषण फैलाया, जिसने मिट्टी और जल को ज़हरीला बना दिया। खाड़ी युद्ध (1991) के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगाई गई आग आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी पर्यावरणीय आपदाओं में से एक है, जिससे महीनों तक लाखों टन कार्बन वायुमंडल में पहुंचा।

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध और विशेष रूप से 1999 का कारगिल युद्ध हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए बड़ी चुनौती बना। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में सैन्य कचरे और विस्फोटों ने संवेदनशील ग्लेशियरों को प्रभावित किया। वियतनाम युद्ध में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए 'एजेंट ऑरेंज' जैसे रसायनों ने लाखों हेक्टेयर वनों को बंजर बना दिया। वहीं, अफगानिस्तान में लगभग दो दशकों तक चली बमबारी ने भूमिगत जल और कृषि योग्य भूमि को भारी क्षति पहुँचाई। एक कड़वा सच यह भी है कि युद्ध न होने की स्थिति में भी सैन्य गतिविधियां प्रदूषण का बड़ा स्रोत हैं। लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और निरंतर होने वाले मिसाइल परीक्षण भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन की खपत करते हैं। यह ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन की समस्या को और विकराल बना रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूएनईपी जैसे संस्थान युद्ध के दौरान पर्यावरण संरक्षण की वकालत करते रहे हैं, लेकिन आज तक शायद ही किसी वैश्विक नेता को पर्यावरणीय विनाश के लिए दंडित किया गया हो। इन परिस्थितियों में 'इकोसाइड' को अंतरराष्ट्रीय अपराध घोषित करने की मांग की जानी चाहिए । यदि यह अवधारणा कानूनी रूप लेती है, तो भविष्य में पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँचाने वाले नेताओं को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के कटघरे में खड़ा किया जा सकेगा।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि युद्ध केवल मनुष्यों के विरुद्ध हिंसा नहीं, बल्कि प्रकृति के विरुद्ध भी अपराध है। प्रदूषित हवा और ज़हरीली नदियाँ सीमाओं के नक्शे नहीं पहचानतीं; इनका खामियाजा पूरी मानवता को भुगतना पड़ता है। आज वैश्विक राजनीति में 'युद्ध की संस्कृति' को त्यागकर शांति, कूटनीति और 'पर्यावरणीय जिम्मेदारी' को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। अन्यथा युद्ध की आग में केवल शहर ही नहीं जलेंगे, बल्कि पृथ्वी का अस्तित्व भी समाप्त होने की संभावना है।

# सरेंडर की मांग से भड़का संघर्ष- क्या यह युद्ध लंबा और विनाशकारी होगा?

**[ मध्य पूर्व में बढ़ती जंग: तेल संकट और परमाणु खतरे से कांपी दुनिया ]**

**[ टकराव की तपिश में मध्य पूर्व: शक्ति, प्रतिरोध और अनिश्चित भविष्य ]**

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। 6 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की – कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि केवल आत्मसमर्पण के बाद ही ईरान में नया 'महान और स्वीकार्य नेता' चुना जाएगा और देश का पुनर्निर्माण होगा। इस मांग ने कूटनीतिक रास्तों को पूरी तरह बंद कर दिया है। वैश्विक मीडिया इसे 'मैक्सिमलिस्ट वॉर ऐम्स' के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, जिससे साफ है कि यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रह सकता है। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोज़तबा खामेनेई ने इसे केवल एक 'सपना' करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है। खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, 'हम अंत तक लड़ेंगे।' इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इज़राइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। 10 मार्च तक, युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें 8 की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप्प है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। यह संघर्ष अब एट्रिशन वार की ओर बढ़ रहा है, जहां कोई स्पष्ट विजेता दिखाई नहीं देता। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 'मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी' घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है। ट्रंप बार-बार 'विजय नजदीक' बता रहे हैं, लेकिन मिसाइल हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। दुनिया की निगाहें थम गई हैं, क्योंकि किसी भी क्षण परमाणु खतरे का भय मंडरा रहा है।

भारत की ऊर्जा व्यवस्था संकट के सबसे गंभीर मोड़ पर है। देश का लगभग 50-60% तेल होर्मुज स्ट्रेट से आता है, जो किसी भी समय पूरी तरह बंद हो सकता है और आपूर्ति ठप्प कर सकता है। पेट्रोल और डीजल 200 रुपये पार कर सकते हैं, जबकि एलपीजी की कमी घरेलू अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डाल रही है। हवाई यात्रा ठप हो गई, फ्लाइट्स 14 घंटे तक फंसीं और लाखों लोग प्रभावित हुए। फरवरी 2026 में आयातित तेल की मात्रा देश की कुल जरूरत का 53% थी, और अब वैकल्पिक स्रोतों की ओर नजरें गड़ाई गई हैं—रूस, अमेरिका और वेस्ट अफ्रीका ही संभावित विकल्प बन रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय तनाव चरम पर पहुंच चुका है। दबाव और शांति के बीच संतुलन साधना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैकचैनल्स के जरिए शांति के संकेत भेजे जा रहे हैं, लेकिन अल्टीमेटम से पीछे हटना लगभग असंभव है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बिना रिजीम चेंज के कोई 'जादुई जीत' संभव नहीं। ईरान ने सरेंडर नहीं किया; उसका नेतृत्व और भी रेडिकल हो गया है। अमेरिकी बलों ने अब तक 5000 से अधिक टारगेट्स हिट किए, लेकिन ईरानी मिसाइलें लगातार जारी हैं। पेंटागन की चुप्पी वैश्विक स्तर पर सवाल खड़े कर रही है और यह अल्टीमेटम युद्ध को लंबा खींच सकता है, जिससे आर्थिक भार अमेरिका पर भारी पड़ेगा।

ईरान पूरी तरह अमेरिका को थकाने और दबाव में रखने की रणनीति पर केंद्रित है। होर्मुज स्ट्रेट और प्रमुख तेल पाइपलाइंस को निशाना बनाकर उसने वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ा दिया है। क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने के लिए विद्रोही समूहों को सक्रिय करना उसकी रणनीति का हिस्सा बन गया है। युद्ध का कोई सुरक्षित ऑफ-रैंप न होने के कारण यह दावा कि यह जल्द खत्म होगा पूरी तरह खोखला लगता है। संघर्ष का प्रभाव अब खेलों और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों तक पहुँच गया है—भारतीय महिला फुटबॉल टीम के वीजा अटक गए, जबकि वेस्ट इंडीज के क्रिकेटर हफ्तों तक फंसे रहे, कुछ खिलाड़ी कमर्शियल फ्लाइट्स से 9-10 दिन बाद घर लौट पाए, जिससे खेल जगत गहरे संकट में है।

डिप्लोमेसी अब सबसे अहम जरूरत बन गई है। रूस और ईरान की बातचीत जारी है, जबकि चीन की चेतावनी स्पष्ट और सख्त है। ट्रंप बैकचैनल्स के माध्यम से शांति के संकेत दे रहे हैं, लेकिन 'सरेंडर या डाई' अल्टीमेटम इसे रोक रहा है। ईरान न्यूक्लियर रिफाइनमेंट तेज कर सकता है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। अब दुनिया के नेताओं को तुरंत मध्यस्थता करनी होगी, वरना ह्यूमैनिटेरियन क्राइसिस और गहरा जाएगा। यह अल्टीमेटम इतिहास में दर्ज होगा—या तो अमेरिकी 'विजय' के रूप में, या गंभीर भूल के रूप में।

भविष्य की अनिश्चितता ने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। यदि ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है—जहाँ मौतों की संख्या बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ट्रंप को अपना अल्टीमेटम वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, और घोषित 'विक्ट्री' केवल राजनीतिक बयान भर रह जाएगी। दूसरी ओर, ईरान अपने सहयोगियों के साथ अंत तक लड़ने का संकेत दे चुका है। भारत जैसे देश तटस्थ रहते हुए कूटनीति के रास्ते को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। यह अल्टीमेटम शांति की संभावनाओं को कठिन परीक्षा में डाल रहा है। अब आने वाला समय ही तय करेगा कि ट्रंप की दिखावटी ताकत भारी पड़ेगी या ईरान की दृढ़ता पूरी दुनिया को एक नए संकट के दौर में धकेल देगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# खाड़ी युद्ध व घरेलू राजनीति

पश्चिम एशिया में ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध के चलते पूरी दुनिया में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो संकट गहराता जा रहा है उससे अब भारत भी अछूता नहीं रहा है और देश ने ईंधन गैस के मोर्चे पर सतर्कता दिखानी शुरू कर दी है। इस सन्दर्भ में केन्द्र की मोदी सरकार ने आवश्यक उपभोक्ता सामग्री अधिनियम लागू कर दिया है जिसके चलते किसी भी जरूरी सामान की जमाखोरी या जखीरेबाजी नहीं की जा सकती। ऐसा करना इस कानून के तहत दंडनीय अपराध होता है। सरकार ने दो दिन पहले ही गैस ईंधन की किल्लत को देखते हुए इसकी कीमत में थोड़ा इजाफा भी किया था। इससे समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में छिड़े युद्ध के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसकी मूल वजह यह है कि विश्व के तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक- दूसरे से जुड़ने के बाद परस्पर निर्भरता के दौर में पहुंच चुकी हैं। यह परिवर्तन 1990 में विश्व व्यापार संगठन के मूर्त रूप में होने के बाद आया है। दुनिया के अधिसंख्य देश इस संगठन के सदस्य बन चुके हैं परन्तु अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के पुनः राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उनकी नीतियों से यह संगठन लगातार अप्रासंगिक होता नजर आ रहा है क्योंकि ट्रम्प ने द्विपक्षीय आधार पर विभिन्न देशों के साथ आपसी कारोबारी समझौते की झड़ी लगा रखी है जिसकी वजह से हर देश को अपने कारोबारी राष्ट्रीय हितों को साधने की फिक्र हो गई है। मगर ट्रम्प ने अमेरिका को पुनः महान बनाने का जो राजनीतिक नारा दे रखा है उसकी वजह से पूरी दुनिया में स्थापित वह व्यवस्था लड़खड़ा रही है जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना के साथ हुआ था। इसके अनुसार दुनिया का हर छोटा- बड़ा देश एक-दूसरे की भौगोलिक संप्रभुता का सम्मान करेगा और अपनी ताकत के बूते पर किसी भी कमजोर देश की राष्ट्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं करेगा लेकिन हमने देखा है कि 1945 के बाद से भी दुनिया के विभिन्न देशों में युद्ध हुए हैं और संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित मानकों का हनन हुआ है। हैरत करने वाली बात यह है कि कमोबेश रूप से इन सभी युद्धों में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है परन्तु 1990 से पहले सोवियत संघ के विघटन से पूर्व विश्व में दो महाशक्तियों सोवियत संघ व अमेरिका के बीच शक्ति सन्तुलन इस प्रकार रहता था कि दोनों ही दुनिया में अपनी-अपनी विचारधारा के अनुसार विश्व के विभिन्न देशों को अपने खेमों में लाने के प्रयास करते रहते थे। 1990 के बाद पूरा विश्व एक पक्षीय या एकल ध्रुवीय होता चला गया। अतः आज पूरे विश्व में जो शक्ति सन्तुलन है वह स्वाभाविक रूप से अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ नजर आता है। ऐसे माहौल में ईरान के साथ पश्चिम एशिया में जो इजराइल व अमेरिका मिलकर युद्ध लड़ रहे हैं उससे पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता संकट में पड़ती नजर आ रही है जिसकी चपेट में अधिसंख्य खाड़ी व अरब देश आ चुके हैं क्योंकि लगभग इन सभी देशों में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति बहुत प्रभावी मानी जाती है। इसका कारण इन देशों की अपनी घरेलू राजनीतिक व शासकीय मजबूरियां मानी जाती हैं। इन सभी देशों की अर्थव्यवस्था पैट्रोलियम तेल के उत्पादन पर टिकी हुई है अतः ईरान-इजराइल युद्ध की चपेट में इन देशों के आ जाने के बाद सबसे बुरा असर पैट्रोलियम तेल की सप्लाई पर ही होना था। भारत चुंकि अपनी तेल व गैस ऊर्जा की आवश्यकताओं की खपत 85 प्रतिशत आयात से ही करता है अतः इस मोर्चे पर इसे सतर्कता बरतनी ही थी। इस वातावरण में हमें देश की राजनीति की परख करनी होगी समझना होगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र भारत को संसद से लेकर सड़क तक किस प्रकार के विमर्श के भीतर अपने राष्ट्रीय हितों को साधना चाहिए। फिलहाल संसद का सत्र चल रहा है और देश की विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशियाई युद्ध को लेकर व्यापक बहस व चर्चा कराई जाये।

लोकतन्त्र में ऐसी मांग को खारिज भी नहीं किया जा सकता है परन्तु असली सवाल यह है कि ऐसे माहौल में देश के सभी राजनीतिक दलों का कर्त्तव्य क्या बनता है। यह कर्त्तव्य सर्वप्रथम राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखने का होता है। हम मानते हैं कि भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं वे सभी राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित हैं, बेशक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उनके रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं परन्तु सभी भारतीय संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहते हुए सामाजिक व राष्ट्रीय उत्थान के पक्षधर होते हैं।

# अमेरिका ईरान युद्ध का असर भारत और गुजरात की ऊर्जा व्यवस्था पर

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का प्रभाव अब केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहा है बल्कि इसका असर भारत सहित कई देशों की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता के कारण भारत में तेल और गैस आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। युद्ध के कारण होर्मुज जलमार्ग पर टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है जिससे भारत को मिलने वाली गैस आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा बाधित हो गया है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का सीधा प्रभाव देश की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा है।

हाल के दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में भी भारी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। सोमवार को क्रूड ऑयल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी हालांकि मंगलवार को इसमें कुछ गिरावट आई और कीमत लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हुई। इसके बावजूद ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। भारत प्रतिदिन लगभग 19.1 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर गैस की खपत करता है और इस जरूरत का लगभग आधा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है। युद्ध के कारण मध्य पूर्व से आने वाली लगभग 6 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है जिससे ऊर्जा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है।

स्थिति को संभालने के लिए केंद्र सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय ने तुरंत कदम उठाए हैं। सरकार ने गैस आवंटन की नई प्राथमिकताएं तय की हैं ताकि आम नागरिकों को परेशानी न हो। एलपीजी सीएनजी और पाइप्ड कुकिंग गैस की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और इनकी मांग को पूरी तरह पूरा करने का निर्णय लिया गया है। इसके विपरीत कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को उनकी मांग का लगभग अस्सी प्रतिशत और उर्वरक उद्योगों को लगभग सत्तर प्रतिशत गैस आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। पिछले छह महीनों की औसत खपत के आधार पर यह वितरण तय किया जाएगा। गैस आपूर्ति के प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकारी कंपनी गेल को दी गई है ताकि उपलब्ध संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है। हाल ही में कुछ स्थानों पर कमर्शियल सिलेंडरों की कमी को लेकर चिंताएं सामने आई थीं लेकिन अब आपूर्ति को स्थिर करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। देश की रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं और उन्होंने उत्पादन में लगभग दस प्रतिशत की वृद्धि भी की है। इसके साथ ही जमाखोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है। ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं।

इस वैश्विक संकट का सबसे ज्यादा प्रभाव गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों पर पड़ा है जहां बड़ी संख्या में उद्योग गैस पर निर्भर हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से राज्य में कई उद्योगों को उत्पादन कम करना पड़ा है। गुजरात में गैस आपूर्ति में रुकावट के कारण छोटे दुकानों से लेकर बड़े होटलों और उद्योगों तक सभी प्रभावित हुए हैं। कई स्थानों पर स्थिति लगभग लॉकडाउन जैसी हो गई है क्योंकि गैस की उपलब्धता कम होने से व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ा है।

सुरेंद्रनगर जिले में सिरेमिक उद्योग को इस संकट से बड़ा झटका लगा है। धानगढ़ क्षेत्र में लगभग सात सौ से अधिक कारखाने गैस पर निर्भर हैं और गैस आपूर्ति में पचास प्रतिशत तक कमी आने से उत्पादन लगभग ठप हो गया है। इससे करीब पचास हजार कारीगरों के रोजगार पर असर पड़ने की आशंका है। इसी तरह सूरत जिले में भी गैस की कमी के कारण कई होटलों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। पलसाना हाईवे पर कुछ होटलों पर ताले लग गए हैं क्योंकि कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता खत्म हो गई थी। नवसारी जिले में भी पिछले तीन दिनों से कमर्शियल सिलेंडरों की बिक्री बंद रहने की खबरें सामने आई हैं।

गैस संकट के डर से घरेलू उपभोक्ताओं में भी चिंता बढ़ गई है। कई लोगों ने अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी है जिसके कारण एलपीजी सिलेंडर की मांग में लगभग बीस प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुजरात में लगभग तिरासी लाख घरेलू एलपीजी उपभोक्ता और छत्तीस लाख पीएनजी उपभोक्ता हैं। राज्य में कुल मिलाकर करोड़ों लोग गैस पर निर्भर हैं इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की रुकावट का असर सीधे आम जीवन पर पड़ता है। गुजरात में कुल 1042 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर हैं जिनमें से लगभग 488 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। राज्य में हर दिन लगभग 55 लाख किलो एलपीजी की मांग रहती है और वर्षभर में इसकी मांग करीब 200 करोड़ किलो तक पहुंच जाती है।

स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए प्रशासन ने आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के लिए ईएसएमए कानून लागू किया है। इसका उद्देश्य गैस की जमाखोरी रोकना और आपूर्ति को नियमित बनाए रखना है। मेहसाणा और पंचमहल जैसे जिलों में पाइपलाइन गैस उपलब्ध होने से घरेलू उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है लेकिन कमर्शियल सिलेंडरों के लिए कई स्थानों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। दाहोद और पंचमहल जिलों में नए कोटे में कटौती के कारण आने वाले समय में हालात और कठिन होने की आशंका जताई जा रही है।

दूसरी ओर अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के भविष्य को लेकर भी असमंजस बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि युद्ध लगभग समाप्ति की ओर है और उन्हें उम्मीद है कि यह जल्द खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि ईरान तेल आपूर्ति को बाधित करता है तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ उनका सैन्य अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक उनके लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते।

युद्ध की संभावनाओं के बीच खाड़ी देशों में भी सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ गई है। परमाणु आपदा की आशंका को देखते हुए बहरीन और अन्य देशों ने न्यूक्लियर इमरजेंसी में उपयोग होने वाली दवाओं की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। चंडीगढ़ की एक दवा कंपनी से प्रशियन ब्लू कैप्सूल के बड़े पैमाने पर उत्पादन को लेकर संपर्क किया गया है। इस दवा का उपयोग परमाणु या रेडियोलॉजिकल आपदा की स्थिति में शरीर में प्रवेश कर चुके रेडियोएक्टिव तत्वों के प्रभाव को कम करने के लिए किया जाता है। कंपनी से एक करोड़ कैप्सूल के उत्पादन की क्षमता और विभिन्न आयु वर्ग के लिए आवश्यक खुराक के बारे में जानकारी मांगी गई है।

प्रशियन ब्लू कैप्सूल डीआरडीओ की तकनीक पर आधारित है और इसे भारत में दो वर्ष पहले व्यावसायिक रूप से तैयार करना शुरू किया गया था। यह दवा शरीर में मौजूद रेडियोएक्टिव सीजियम और थैलियम जैसे तत्वों को बांधकर उन्हें शरीर से बाहर निकालने में मदद करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसे रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर आपात स्थितियों के लिए महत्वपूर्ण दवाओं की सूची में शामिल किया है। इसके अलावा पोटेशियम आयोडाइड टैबलेट की भी मांग बढ़ रही है जो परमाणु विकिरण से थायराइड ग्रंथि की सुरक्षा के लिए उपयोग की जाती है।

इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय युद्ध और संघर्ष केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहते बल्कि उनका प्रभाव पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था ऊर्जा आपूर्ति और आम जनजीवन पर पड़ता है। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश के लिए यह स्थिति एक बड़ी चुनौती है। हालांकि सरकार ने समय रहते आवश्यक कदम उठाकर घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने की कोशिश की है लेकिन यदि युद्ध लंबा खिंचता है तो ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और आर्थिक दबाव बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए आने वाले समय में भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैकल्पिक स्रोतों और आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता होगी।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ताओं में मचा हां हां कार



**रसोई गैस माफिया एजेंसी से लाकर धड़ल्ले से कर रहे हैं ब्लैक**

**खजनी गोरखपुर**- खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित भारत गैस एजेंसी पल्हीपार में रसोई गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं में रसोई गैस सिलेंडर न मिलने से हां हां कार मचा हुआ है। और रसोई गैस के माफिया एजेंसी से सांठ गांठ कर रसोई को धड़ल्ले से ब्लैक कर रहे हैं। रसोई गैस की किल्लत से एजेंसी पर सिलेंडर के साथ उपभोक्ता भोर से ही लाइन लगाए हुए हैं रसोई गैस एजेंसी के मालिक का कहना है। कि बीना ओ पी पी के हम गैस सिलेंडर नहीं दे पायेंगे रसोई गैस न मिलने भोजन का स्वाद बिगड़ गया है । रसोई गैस सिलेंडर के दामों में एक बैग साठ रुपये की बढ़ोत्तरी से जहां पाकेट पर काफी असर पड़ा है वहीं एजेंसी पर गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं गैस चूल्हे पर भोजन बनाने की आदत अब परेशानी का सबक बन गया है, सुबह बच्चों को टिफीन बनाने में तथा भूख मिटाने के लिए अब लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है । बढ़ती गैस की किल्लतों से गैस सिलेंडर ब्लैक करने वाले अपना पाकेट भर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### मुंबई से घर लौट रहा युवक लापता, दो महीने से नहीं मिला सुराग

**रामलक्षन देवरिया।** रूद्रपुर कोतवाली अंतर्गत शिवपुर करिहवा ग्राम सभा निवासी राकेश राजभर पुत्र स्वर्गीय कोमल राजभर पिछले लगभग दो महीनों से लापता हैं। उनके अचानक गायब हो जाने से परिवार के लोग गहरे चिंता और परेशानियों में डूबे हुए हैं।परिजनों के अनुसार राकेश राजभर जनवरी महीने में रोज़गार की तलाश में मुंबई गए थे। फरवरी महीने में उन्होंने अपने परिवार को फोन कर बताया कि वह घर वापस आ रहे हैं। बताया जाता है कि बनारस पहुंचने के बाद उन्होंने किसी दूसरे के मोबाइल से घर फोन कर जानकारी दी कि वह देवरिया आ रहे हैं और बड़े भाई को स्टेशन पर लेने के लिए भेज दें।सूचना मिलने पर उनके बड़े भाई देवरिया रेलवे स्टेशन पहुंचे और देर रात तक उनका इंतजार करते रहे, लेकिन राकेश राजभर स्टेशन पर नहीं पहुंचे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। करीब दो महीने बीत जाने के बावजूद राकेश राजभर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।राकेश राजभर की पत्नी समेत पूरा परिवार उनके सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। परिजनों ने बताया कि इसकी तहरीर पुलिस को भी दे दी गई ।

### संविदा व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की उठी मांग : मंजीत करौसिया

**ललितपुर।** नगर पालिका सभागार में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य के ललितपुर आगमन पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने प्रदेश के विभिन्न निकायों में तैनात संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित/स्थायी किए जाने की मांग उठाते हुई प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम क ज्ञापन आयोग सदस्य को दिया। कार्यक्रम में मंजीत करोसिया ने कहा कि संविदा व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की लगभग 100 समस्याओं का एक ही समाधान है और वह है उन्हें नियमित किया जाना। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को स्थायी दर्जा मिलना चाहिए, जिससे उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सभासद आलोक मयूर, अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, सफाई निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र यादव (दाऊ), वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, चंद्र विनोद मिश्रा, अभिषेक चौबे, दीपेंद्र कुमार, सुधीर रावत सहित अन्य बाबूगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी संजय करोसिया (संजू कप्तान), स्वास्थ्य नायक बृजेश बाल्मीकि, अखिलेश करौसिया, छोटे लाल, जितेंद्र करौसिया सहित अन्य स्वास्थ्य नायक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संविदा व आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग उठाई है।

# ख़जनी में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्तीः एसडीएम-सीओ ने खजनी में दो गैस एजेंसियों पर किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी /गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र में गैस सिलेंडर की संभावित कालाबाजारी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में बुधवार को खजनी क्षेत्र में एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह, सीओ खजनी दीपांशी राठौर और आपूर्ति निरीक्षक बीरेंद्र पटेल की संयुक्त टीम ने दो गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों की इस कार्रवाई से एजेंसी संचालकों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खजनी क्षेत्र के बिहारी बुजुर्ग स्थित इंडेन गैस एजेंसी तथा पल्हईपार स्थित भारत गैस एजेंसी पहुंचकर गैस गोदामों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान गोदामों में उपलब्ध गैस सिलेंडरों का वर्तमान स्टॉक, वितरण व्यवस्था, उपभोक्ताओं की बुकिंग और आपूर्ति की स्थिति की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों से रिकॉर्ड



भी तलब किया और स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण रजिस्टर का मिलान कराया।

एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जाए और किसी भी स्थिति में कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता अपील कर कहा आप लोगो गैस स्टॉक न करे समय पर आपको सिलेंडर गैस मिलता रहेगा । कहा कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या उपभोक्ताओं को परेशान करने की शिकायत मिली तो संबंधित एजेंसी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ खजनी दीपांशी राठौर ने भी एजेंसी संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं आपूर्ति निरीक्षक बीरेंद्र पटेल ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की कि गैस सिलेंडर को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा और स्टाकिंग जनता न करे कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, महिला से संबंधित मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**चोपन / सोनभद्र** – पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2026 धारा 64(2)स्न, 109(1), 152(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (BNS) से संबंधित वांछित अभियुक्त गंगादयाल यादव पुत्र स्व0 शिवपूजन निवासी ग्राम सड़की थाना अधौरा जनपद कैमूर (भभुआ) बिहार, हाल पता रामगढ़ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 56 वर्ष को दिनांक 10.03.2026 को समय करीब 20:40 बजे मारकुंडी गुरमा मोड़ थाना चोपन जनपद सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा,हे0का0 सन्तोष यादव, हे0का0 विरेन्द्र कुमार सरोज शामिल रहे।

## सरकारी जमीन पर लाखों की बनी कोठी पर मौखिक कार्यवाही कर तहसीलदार लूट रहे वाहवाही

**●-मौखिक कार्रवाई करने की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रहा वाइरल**

**-तहसीलदार अभय राज एसडीएम के बची इज्जत को फजीहत करने पर तुले**

**-दबंग भूमाफिया पर प्रशासन का संरक्षण कार्रवाई में लेटी लपेटी करने से जुडा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती**- खलिहान व गड्ढे की जमीन पर बनी लाखों की कोठी का मामला तहसील प्रशासन ने लगभग एक माह बाद मौखिक कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही है ।तहसीलदार अपने मिया मिट्ठू बनकर चर्चा में रहना पसंद करते हैं इनके अधीन आने वाले गांवों में सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा बारहा किया जा रहा होता है ।लेकिन महोदय द्वारा समुचित कार्रवाई न करके ग्रामीण व शिकायतकर्ता को लॉलीपॉप देने का कार्य करते हैं । आपको बताते चलें कि




लगभग एक माह पूर्व हरैया तहसील के राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 व 43 में अवैध कब्जेदारों का कब्जे का मामला प्रकाश में आया था ।जो की खलिहान व गड्ढे की जमीन है ।तहसीलदार अभय राज लगभग एक माह के बाद मौखिक कार्रवाई करने की बात कही है जब मीडिया बंधू ने सरकारी जमीन पर बने लाखों की कोठी पर कार्रवाई करने की बात पूंछी तो उन्होंने कहा कि उस पर नोटिस काटी जा चुका है । मीडिया बंधु ने नोटिस मांगा तो तहसीलदार अभय राजगोल-गोल घूमाते हुए नज़र आए । बड़ा सवाल यह है कि क्या अभय राज मोटी रकम लेकर दबंग भू माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं ।यदि नहीं तो कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे है । अब कहना लाजमी है कि तहसीलदार अभय राज अपनी इज्जत के साथ-साथ एसडीएम की बची इज्जत को भी फजीहत करने पर तुले हुए हैं ।

# नवरात्रि मेले की तैयारियां समय से पूरी करें, सुरक्षा-स्वच्छता पर विशेष ध्यानः मुख्यमंत्री

**●देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश,**

**कानून-व्यवस्था व विकास कार्यों की भी समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बलरामपुर मंडल की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और आगामी चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले में देवीपाटन शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा, सुगम दर्शन, पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध बिजली आपूर्ति और भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों और धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्वच्छताकर्मियों की तैनाती की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से तैयारियों की विस्तृत जानकारी भी ली।

**कानून-व्यवस्था पर सख्त निर्देश**

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को लेकर भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों के आसपास एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय रहें। शोहदों और चेन स्नेचरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा ऐसे अपराधियों की फोटो सार्वजनिक स्थानों और सोशल मीडिया पर जारी की जाए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि नवधनाढ्यों की संपत्तियों की भी जांच कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'छांगुर जैसा कोई








व्यक्ति दोबारा पनपने न पाए।' इसके लिए ग्राम चौकीदारों को सक्रिय कर सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए।

**अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ**

मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने इसे रिसर्च सेंटर के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली थारू जनजाति और अन्य जरूरतमंद परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देने, राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने और पैमाइश व विरासत के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने को कहा।

**व्यापारियों की समस्याओं पर भी जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला उद्योग बंधु और व्यापारी बंधुओं की नियमित बैठकें आयोजित हों और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। साथ ही मेडिकल कॉलेज में सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर नए सत्र से पढ़ाई शुरू कराने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।

**शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान**

उन्होंने कहा कि अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र से पहले सभी बच्चों को ड्रेस, बैग, किताबें, जूते-मोजे उपलब्ध करा दिए जाएं और 'स्कूल चलो अभियान' की तैयारियां पूरी कर ली जाएं। आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था बेहतर करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया, ताकि मरीजों को इलाज के लिए अन्य जनपदों का रुख न करना पड़े।

**विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

बैठक में महिलाओं और बच्चों के पोषण सुधार के लिए प्रोजेक्ट संवर्धन, थारू जनजाति क्षेत्रों में विद्युतीकरण और संपर्क मार्ग निर्माण, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, गो संरक्षण, टीकाकरण, पौधरोपण, आईजीआरएस सहित कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र व अवधेश कुमार सिंह, नगर पालिका चेयरमैन धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, एडीजी अशोक मुथा जैन, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत पर एसडीएम का एक्शन, गैस एजेंसी का किया निरीक्षण



**सहजनवां /गोरखपुर** – सहजनवां कस्बे में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सहजनवां केशरी नंदन तिवारी ने बुधवार को कस्बा स्थित अनुभव गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को मिल रही सुविधाओं की जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गैस की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि अनियमितता पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## सीएचसी गोला में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर**- विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा तंबाकू सेवन के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी चिकित्सकों और स्टाफ ने तंबाकू या तंबाकू से बने किसी भी प्रकार के उत्पाद का सेवन न करने तथा अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर उन्हें तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.एन. ठाकुर ने सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि लोग तंबाकू का सेवन छोड़ दें तो कई घातक बीमारियों से बचाव



संभव है। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने शपथ ली कि वे अपने जीवन में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करेंगे और अपने परिवारजनों, मित्रों तथा परिचितों को भी तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे पर्यावरण को तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने में भी अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. रजनीश राहुल, डॉ. चंद्र कुमार मौर्य, चीफ फार्मासिस्ट जे.के. सिंह, फार्मासिस्ट अनूप श्रीवास्तव, बीसीपीएम पूनम मौर्य, बीएएम अफरीन गिलानी, डीईओ संजीव अग्रहरी, वार्ड बॉय सीताराम, संतोष सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## खजनी में जमीन हड़पने की सनसनीखेज साजिश! विधवा महिला भानमती को मिल रही मौत की धमकियां

**●प्रेस वार्ता में बोली- पति की हत्या भी इन्हीं लोगों की थी साजिश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** – खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम डोहरिया प्राणनाथ में जमीन विवाद अब खून-खराबे की कगार पर पहुंच गया है। एक असहाय विधवा महिला को उसके पति की जमीन हड़पने के बाद जान से मारने की खुली धमकियां दी जा रही हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि कथित जालसाजों ने पहले फर्जी खतौनी बनाकर जमीन हड़पी, फिर जब अदालत ने उसके पक्ष में फैसला दिया और उसने जमीन बेच दी, तो अब हत्या की साजिश रच रहे हैं। पीड़िता भानमती (पत्नी स्वर्गीय निठुरी) ने आज खजनी थाने में कोई सुनवाई न होने पर प्रेस वार्ता कर अपनी आपबीती सुनाई और प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज करने व सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। भानमती ने बताया, 'मेरे पति निठुरी के नाम की जमीन




को विंध्याचल पुत्र विपत ने फर्जी तरीके से खतौनी से खारिज कर अपने नाम करा लिया था। जब मुझे इस जालसाजी का पता चला, तो मैंने खजनी तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा दायर किया। अदालत ने मेरे पक्ष में फैसला सुनाया और पति के स्थान पर मेरा नाम खतौनी में दर्ज करने का आदेश दिया।' न्यायालय के आदेश के बाद भानमती ने अपनी जमीन वैध तरीके से कई व्यक्तियों के पक्ष में बैनामा कर दिया। लेकिन इसी से भड़क गए विंध्याचल और उसके पूरे परिवार ने महिला पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।

**भानमती का आरोप**

'विंध्याचल, रामकिशन, रामदुलारे, रामसाही, रुधल, आल्हा, मलखा, सुदामा, जयगोपाल और जयगोविंद (सभी पुत्र विंध्याचल) मिलकर मुझे फोन पर और आमने-सामने धमकी दे रहे हैं कि बैनामा रद्द करो या सारी रकम लौटा दो, वरना जान से मार देंगे। ये लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। मैं और मेरा परिवार लगातार मौत के साए में जी रहा है।' सबसे चौंकाने वाली बात–भानमती ने खुलकर कहा कि उनके पति निठुरी की मौत भी विंध्याचल की मिलीभगत से हुई हो सकती है। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। महिला ने रोते हुए शासन-प्रशासन से गुहार लगाई, 'मैं एक बेबस विधवा हूं। अगर मुझे तुरंत सुरक्षा और न्याय नहीं मिला तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। मैं चाहती हूं कि इन लोगों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज हो, कड़ी कार्रवाई हो और मुझे व मेरे परिवार को पूर्ण सुरक्षा दी जाए।'

**प्रशासन पर सवाल**

खजनी थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने के कारण भानमती को मीडिया के सामने आना पड़ा। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और पुलिस इस संवेदनशील मामले को कितनी गंभीरता से लेती है। एक विधवा की जान खतरे में है–क्या प्रशासन समय रहते जागेगा?

### श्री राम जन्म कथा का प्रसंग सुन हुए भाव - विहोर श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर**- जिले के इटवा ब्लाक ग्राम पंचायत इमिलिया में समय माता के स्थान पर विराट सात दिवसीय शत चंडी महायज्ञ एवं संगीत मय श्री राम कथा के पांचवें दिन मंगलवार की रात कथा व्यास पंडित ओंकार नाथ द्विवेदी ने श्रीराम कथा मे राम जन्म की कथा का वर्णन किया।जिसे श्रोता सुन कर भाव विभोर हो गए और पूरा पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक पंडित ओंकारनाथ द्विवेदी ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथावाचक ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस अवसर पर गजेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट तहसील अध्यक्ष बार इटवा सत्येंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट कैप्टन रमेन्द्र प्रताप सिंहसमीर विक्रम सिंहधीरेंद्र सिंहशिव प्रसाद सिंहमन बहाल यादव छोटकन यादव नारदा हे अनेक प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

### बांध सुरक्षा के साथ जल संरक्षण का संदेश

**पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने किया तालबेहट के ऐतिहासिक दुर्ग का भ्रमण**

**ललितपुर।** माताटीला में आयोजित बांध सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आए पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने बुधवार को तालबेहट के ऐतिहासिक किले एवं प्राचीन तालाब का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए जल स्रोतों का संरक्षण अनिवार्य है। दुर्ग भ्रमण के पश्चात उन्होंने नगर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था हरित पंख के कार्यालय पहुंचे। यहां संस्था की अध्यक्ष ने उनका आत्मीय स्वागत किया। संस्था द्वारा पर्यावरण और पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पद्मश्री पांडे ने खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ने उन्हें स्मृति स्वरूप गौरैया घर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण और लुप्त होती गौरैया को बचाने के संकल्प पर चर्चा की गई। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य एवं रवि सिंह, मयंक सिंह, विक्रांत गौर, प्रवीण साहू आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# शहर में ई-रिक्शा पर शिकंजा


**●सत्यापन को लेकर यातायात पुलिस का सघन अभियान, नियम तोडऩे वालों पर कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर में लगातार बढ़ रही ई-रिक्शा की संख्या और उससे उत्पन्न हो रही यातायात अव्यवस्था को देखते हुए यातायात पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर शहर भर में ई-रिक्शा के सत्यापन और नियमों के पालन को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बिना पंजीकरण, बिना नंबर प्लेट, बिना वैध दस्तावेज और निर्धारित रूट का उल्लंघन कर चल रहे ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा यातायात क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा की जा रही है। उनके निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर लगातार चेकिंग अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा, फिटनेस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। इसके साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि ई-रिक्शा चालक निर्धारित रूट का पालन कर रहे हैं या नहीं। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को चेतावनी देने के साथ-साथ उनके खिलाफ चालान और अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से शहर में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिससे कई स्थानों पर यातायात जाम और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है। कई चालक बिना सत्यापन और आवश्यक दस्तावेजों के ई-रिक्शा संचालित कर रहे हैं, जिससे सड़क सुरक्षा को भी खतरा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाया जा सके। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। उन्हें निर्धारित रूट पर ही वाहन चलाने, ओवरलोडिंग न करने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस का उद्देश्य शहर में सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना है, ताकि आम नागरिकों को जाम और दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर एवं एनश्डीश्आरश्एफ के संयुक्त तत्वाधान में रोपवे आपात स्थिति में बचाव हेतु किया गया मॉक अभ्यास




**मीरजापुर** में लगे कालिखोह (विंध्याचल) रोपवे पर किसी प्रकार की आपात स्थिति में होने पर बचाव के रोकथाम हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एन0डी0आर0एफ, स्वास्थ्य विभाग, एनश्सीश्सी, अग्निशमन विभाग सहित अन्य हितधारकों ने आज दिनाँक 11 फरवरी 2026 को कालिखोह स्थित रोपवे पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया। इस मॉक अभ्यास कि भूमिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली से प्राप्त मार्गदर्शन के क्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, एन0डी0आर0एफ 11 बटालियन उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी (विश/रा)- प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) अजय कुमार सिंह द्वारा तैयार किया गया है द्य उप कमांडेंट डॉक्टर विवेक सिंह की अगुवाई में एन0डी0आर0एफ टीम द्वारा इस संयुक्त मॉक अभ्यास को सक्षम में भाग लिया। इस पूरे मॉक अभ्यास को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत किया गया जिससे आपसी समन्वय और तैयारियों का परीक्षण तथा सभी विभागों को इस प्रकार के आपात के दौरान अपनी-अपनी भूमिका निभाने के बारे में पता चला और आपदा के प्रभाव को कम करने की संभावना पर ध्यान दिया गया। मॉक अभ्यास कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी (विश/राश) की अध्यक्षता में 5 क्क़पर ऑन साइट टेबल टॉप मीटिंग करके मॉक अभ्यास की प्रक्रिया का निर्धारण किया गया एवं तत्पश्चात 05:30 क्क़बजे एन0डी0आर0एफ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनश्सीश्सी, चिकित्सा विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा कुछ ऐसी स्थिति (पटकथा) बनाई गयी कि रोपवे फेल हो जाने के कारण रोपवे ट्रॉली में कुछ लोग फंस गए हैं एवं रोपवे स्थल पर आग लग गयी है द्य तत्क्रम में मॉक अभ्यास में एन0डी0आर0एफ द्वारा रोपवे रेस्क्यू करके प्रभावितों को बचाया गया। इस माक एक्सरसाइज के टेबल टॉप मीटिंग एवं मॉक अभ्यास में - अपर जिलाधिकारी (विश/राश)- प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन अजय कुमार सिंह, डॉक्टर विवेक सिंह, एन0डी0आर0एफ 11 बटालियन उप कमांडेंट (एनडीआरफ), उपजिलाधिकारी संजीव यादव, नायाब तहसीलदार अरविंद पांडेय, एन0डी0आर0फ निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव पांडेय, अग्निशमन विभाग की टीम, पुलिस विभाग की टीम स्वास्थ्य विभाग की टीम, एन0वाई0के0एस के स्वयंसेवकों की टीम।

### एएमयू में हुई शर्मसार करने वाली घटना, सोशल मीडिया पर लाइक्स पाने की चाहत में प्रसव का वीडियो किया पोस्ट



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के जवाहर लाल नेहरू (जेएन) मेडिकल कालेज में लेबर रूम में शर्मसार करने वाली घटना हुई। एक जूनियर महिला डाक्टर ने महिला के प्रसव के दौरान का वीडियो बना लिया। यही नहीं फालोवर्स बढ़ाने के चक्कर में वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड भी कर दिया। वीडियो प्रसारित होने पर मेडिकल कालेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। कालेज प्रशासन ने महिला डाक्टर को नोटिस देकर जवाब मांगा है। जेएन मेडिकल कालेज में अलीगढ़ के अलावा आसपास के जिलों के भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। इनमें महिला मरजों की संख्या भी खूब रहती है। प्रसव के गंभीर मरीजों को महिला जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों से मेडिकल कालेज ही रेफर किया जाता है। पिछले दिनों एक महिला के प्रसव के दौरान जूनियर डाक्टर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।मेडिकल कालेज प्रशासन को इसकी जानकारी हुई तो वीडियो की जांच कराई गई। प्रिंसिपल प्रो. अंजुम परवेज ने बताया जांच में पाया गया कि वीडियो मेडिकल कालेज की ओटी का ही है। जिसे जूनियर डाक्टर अंशिका कुशवाह ने बनाया था। यह बहुत ही गलत है, इससे मेडिकल कालेज के छवि खराब हुई है। जूनियर डाक्टर को नोटिस देकर 48 घंटे में जवाब मांगा है। इसके बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में एल0पी0जी0 गैस एवं पेट्रोल/डीजल से सम्बन्धित किसी प्रकार की कमी नही-जिलाधिकारी

**● गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने, गैस एजेन्सियों पर कड़ी निगरानी रखने व उनके दैनिक स्टॉक की मॉनीटरिंग करने के दिए निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज को प्रातः 10:00 बजे ही जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में जनपद के तीनों ऑयल कम्पनियों क्रमशः IOC, BPC व HPC व आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।

बैठक मे जनपद बरेली में एल0पी0जी0 गैस एवं पेट्रोल/डीजल से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कमी न होने के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी।

तीनों ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि जनपद में एल0पी0जी0 गैस सिलेण्डर एवं पेट्रोल/डीजल से सम्बन्धित किसी प्रकार कमी नही है। जनपद में पर्यात मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा गैस सिलेण्डर की रिफिल की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन की गयी है। कालाबाजारी रोकने के लिए ओ0टी0पी0 आधारित वितरण व्यवस्था लागू की गयी है।

मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 10मार्च को वीडियों कॉन्फरेन्सिंग के माध्यम से गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने हेतु गैस एजेन्सियों पर कड़ी निगरानी रखने, उनके दैनिक स्टॉक की मॉनीटरिंग करने तथा क्षेत्र में भ्रमण कर जांच करने सम्बन्धित ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों व सम्बन्धित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अतः जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद बरेली के आम जनमानस को सूचित किया है कि जनपद में एल0पी0जी0 गैस एवं पेट्रोल / डीजल से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कमी नही है। आम जनमानस को किसी भी प्रकार की




अफवाह पर ध्यान न दें। जनपद में आपूर्ति एवं वितरण सामान्य है।

बैठक में सौरभ दुबे अपर जिलाधिकारी (नगर), देश दीपक सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तृप्ती उपजिलाधिकारी, मनीष कुमार सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, बरेली, हिमांशु शर्मा वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक आई0ओ0 सी0, मुकेश कुमार आई0 ओ0सी0, हर्षित आर्या, स्वानिल सूर्यवंशी आई0 ओ0 सी0, रितेष जैन, आई0ओ0सी0, सुशील कुमार वर्मा एच0 पी0 सी0, कार्तिक कुमार बी0 पी0सी0, नितिन बिंदल आई0 ओ0सी0 तथा आशीष कुमार आपूर्ति लिपिक आदि उपस्थित रहे।

### पानी की बोतल 10 रुपये ज्यादा में बेचना पड़ा बहुत भारी, अलीगढ़ में उपभोक्ता फोरम ने लगाया रेस्तरां पर 50 हजार का जुर्माना

**अलीगढ़।** मिनरल वाटर की बोतल निर्धारित मूल्य दर से 10 रुपये अधिक ग्राहक को देना रेस्टोरेंट संचालक को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष हसनैन कुरैशी व पूर्णिमा सिंह राजपूत की पीठ ने रेस्टोरेंट संचालक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मुकदमे का खर्चा व नोटिस फीस भी अदा करने का आदेश दिए हैं। अकराबाद क्षेत्र के अधौन निवासी शमीम अहमद छह जुलाई 2024 को सेंटर प्वाइंट स्थित मेजबान रेस्टोरेंट में अपने दोस्त के खाना खाने के लिए गए थे। शमीम अहमद के अनुसार इस दौरान सामान्य पानी दिया गया, लेकिन सहमति के बिना उसे किनले ब्रांड की मिनरल वाटर की बोतल दी गई। जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य 20 रुपये था, लेकिन उससे 20 रुपये की बजाय 10 रुपये अधिक यानी 30 रुपये का शुल्क लिया गया। दो सदस्यीय पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पारित आदेश में कहा है कि इस मामले में रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि उसे किसी भी वस्तु के एमआरपी से अधिक राशि वसूलने का अधिकार था, लेकिन रिकार्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जो उसे अधिक राशि वसूलने का अधिकार देता हो। पीठ ने मिनरल वाटर की बोतल पर अधिक वसूले गए दस रुपये वापस करने का भी आदेश देते हुए मुकदमा लड़ने का खर्च 15 हजार और 2200 रुपये नोटिस फीस अदा करने।

### पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं, हमें बोलने से रोका गया', स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से कई बार रोका गया है और देश के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया।राहुल गांधी ने कहा, ''कई बार मुझे (यहां) बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया।''

उन्होंने यह भी कहा, ''यह सदन देश की जनता की अभिव्यक्ति के लिए है। यह एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। हम जब भी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो हमें रोका जाता है।''राहुल गांधी ने आज यह भी कहा, ''हमारे प्रधानमंत्री ने समझौता कर लिया है। सब यह जानते हैं।''

बुधवार को भी स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। इस पर चर्चा के लिए कल 10 घंटे का समय तय हुआ था, जिसमें मंगलवार को करीब 7 घंटे तक बहस हो चुकी है। आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन को संबोधित करेंगे। मंगलवार को सत्र के दूसरे दिन विपक्षी सांसद ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। 50 से अधिक सांसदों के प्रस्ताव के समर्थन में वोट करने के बाद पीठासीन अधिकारी ने इसे सदन में पेश करने और चर्चा की मंजूरी दी थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी को बजट सत्र के पिछले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण को उद्धृत करने की अनुमति नहीं दी गई थी और बार-बार इस विषय को उठाने पर उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

## चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि सबसे ज्यादा लोकप्रिय




**● 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि 2026।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व माना जाता है. साल में चार बार नवरात्रि आते हैं, जिनमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि सबसे ज्यादा लोकप्रिय होते हैं. चैत्र नवरात्रि का संबंध मां दुर्गा की उपासना और नए साल की शुरुआत से भी माना जाता है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं और व्रत रखकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. वर्ष 2026 में चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी और इसका समापन 27 मार्च, शुक्रवार को होगा इस तरह इस साल नवरात्रि पूरे 9 दिनों तक मनाए जाएंगे. धार्मिक मान्यता के अनुसार इन दिनों मां दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं. इस बार मां दुर्गा की सवारी पालकी मानी जा रही है।

नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना (कलश स्थापना) की जाती है. इसे नवरात्रि पूजा की शुरुआत माना जाता है. घरों और मंदिरों में विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है।

पंचांग के अनुसार, 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा. हालांकि, अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है. यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

चैत्र नवरात्रि 2026 का नौ दिनों का कैलेंडर

19 मार्च (गुरुवार)- प्रतिपदा, मां शैलपुत्री की पूजा और घटस्थापना

20 मार्च (शुक्रवार)- द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

21 मार्च (शनिवार)- तृतीया, मां चंद्रघंटा की पूजा

22 मार्च (रविवार)- चतुर्थी, मां कूष्मांडा की पूजा

23 मार्च (सोमवार)- पंचमी, स्कंदमाता की पूजा

24 मार्च (मंगलवार)- षष्ठी, मां कात्यायनी की पूजा

25 मार्च (बुधवार)- सप्तमी, मां कालरात्रि की पूजा

26 मार्च (गुरुवार)- अष्टमी, मां महागौरी की पूजा और दुर्गा अष्टमी

27 मार्च (शुक्रवार)- नवमी, कन्या पूजन और नवरात्र का समापन

## वेदांता एल्युमीनियम ने कमांड कंट्रोल रूम संचालित करने के लिए पूरी तरह महिलाओं की टीम तैनात की

**● लांजीगढ़ की 5 एमटीपीए रिफाइनरी के डिजिटल कमांड सेंटर की जिम्मेदारी 40 महिला पेशेवरों ने संभाली**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।**

**प्रयागराज।** के वेदांता की सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के लांजीगढ़ स्थित अपने एल्युमिना रिफाइनरी में डिस्ट्रिब्यूटेड कंट्रोल सिस्टम (डीसीएस) का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह महिलाओं की टीम तैनात करने की घोषणा की है। 40 प्रशिक्षित महिला पेशेवरों का यह समूह अब रिफाइनरी के नर्व सेंटर को संचालित करेगा, जो संयंत्र संचालन के तकनीकी रूप से जटिल और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह पहल भारत में मुख्य औद्योगिक और प्रोसेस कंट्रोल भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

डीसीएस रिफाइनरी का मुख्य केंद्र है, जो सैकड़ों डेटा स्ट्रीम्स को एकीकृत करके उत्पादन प्रक्रियाओं पर सुचारु नियंत्रण सुनिश्चित करता है। इस डिजिटल कार्य में महिलाओं को शामिल करके वेदांता एल्युमीनियम एक समावेशी औद्योगिक कार्यबल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इनकी भूमिका में प्रक्रिया से जुड़े मानकों की रियल-टाइम निगरानी, संचालन के रुझानों का विश्लेषण, सुरक्षा अलार्म का आकलन करना और रिफाइनरी के संचालन को स्थिर, कुशल और सुरक्षित बनाए रखने के लिए त्वरित निर्णय लेना शामिल है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, राजीव कुमार, सीईओ, वेदांता एल्युमीनियम, ने कहा, 'वेदांता एल्युमीनियम में महिलाओं को उच्च कौशल वाले औद्योगिक कार्यों में नेतृत्व देने के लिए सशक्त बनाना कोई पहल भर नहीं है, बल्कि कंपनी के रूप में हमारी दिशा भी है। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ कमांड सेंटर, स्मेल्टर, लोकोमोटिव और सुरक्षा प्रणालियों का संचालन कर रही हैं, हम ऐसा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर रहे हैं, जहाँ उत्कृष्टता के लिए लिंग कोई बाधा नहीं है। महिलाओं की भागीदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने की हमारी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा इस विश्वास को दर्शाती है कि औद्योगिक विकास की अगली बड़ी छलांग में महिलाएँ अहम् भूमिका निभाएँगी। '

यह पहल उच्च कौशल वाले औद्योगिक कार्यों में महिलाओं के लिए अवसरों का विस्तार करने के उद्देश्य से वेदांता एल्युमीनियम द्वारा किए जा रहे व्यापक बदलाव का हिस्सा है। टीम की एक सदस्य अंजनी कुमारी, डीसीएस, ने कहा, 'कमांड सेंटर में काम करने से मुझे यह विश्वास मिलता है कि महिलाएँ भी विनिर्माण क्षेत्र में केंद्रीय भूमिका निभा सकती हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम कई और युवा महिलाओं को इंजीनियरिंग और ऑपरेशंस में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

' पिछले कुछ वर्षों में वेदांता एल्युमीनियम ने भारत की पहली पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित पॉटलाइन शुरू की



है और स्मेल्टिंग तथा उत्पादन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में 100 से अधिक महिलाओं को तैनात किया है। कंपनी ने अपने एल्युमीनियम संचालन में देश की पहली पूरी तरह महिला लोकोमोटिव इंजन क्रू भी शुरू की है, जिससे पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में समावेशन के नए मानक स्थापित हुए हैं। इसके अलावा, वेदांता एल्युमीनियम ओडिशा में नाइट शिफ्ट में महिलाओं को शामिल करने वाली पहली कंपनी भी बनी। सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी को और मजबूत करते हुए, कंपनी ने अग्निवाहिनी नामक पूरी तरह महिला फायरफाइटिंग और आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाई तैनात की है। इस इकाई के माध्यम से 100 से अधिक महिलाओं को अग्रिम पंक्ति के सुरक्षा कर्मियों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जिससे संचालन में बेहतर तैयारी और मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा मिला है।

हाल ही में, वेदांता एल्युमीनियम 135 मेगावाट की एक पॉवर यूनिट का संचालन संभालने के लिए पूरी तरह महिलाओं की थर्मल पॉवर ऑपरेशंस टीम भी स्थापित की है, जिससे लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली औद्योगिक प्रथाओं में उसकी नेतृत्व भूमिका और भी मजबूत हुई है। अब बड़ी संख्या में महिलाएँ क्वालिटी लैबोरेटरी, डिजिटलीकरण से जुड़े कार्यों और माइनिंग इंजीनियरिंग जैसी भूमिकाओं में योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही भारत के विनिर्माण क्षेत्र में उच्च तकनीक और उच्च जिम्मेदारी वाले पदों पर महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

वर्तमान में वेदांता एल्युमीनियम के कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 21% है। कंपनी आने वाले वर्षों में इसे बढ़ाकर पहले 35% और फिर 50% तक ले जाने की योजना बना रही है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, कंपनी में प्रवेश स्तर (एंट्री-लेवल) की भर्तियों में अब 50% से अधिक महिलाएँ शामिल हैं, ताकि भविष्य में तकनीकी और नेतृत्व पदों पर महिलाओं की भागीदारी और अधिक बढ़ सके।

जैसे-जैसे भारत के विनिर्माण और धातु क्षेत्र एक अधिक तकनीक-आधारित और संसाधन-केंद्रित भविष्य का समर्थन करने के लिए विस्तार कर रहे हैं, वेदांता एल्युमीनियम की पहलें यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखती हैं कि महिलाएँ इस बदलाव का केवल हिस्सा ही न हों, बल्कि इसे आकार देने में अग्रणी भूमिका भी निभाएँ।

# राज्यसभा चुनाव : महाराष्ट्र,तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल और छत्तीसगढ़ में उम्मीदवार निर्वाचित घोषित किए गए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** देश के कई राज्यों में सोमवार को राज्यसभा के निर्वाचित घोषित कर दिया गया. इसमें अधिकतर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए. जिन राज्यों के रिजल्ट आ गए हैं, उनमें महाराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश व छत्तीसगढ़ शामिल हैं। कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक सिंघवी और वेम नरेंद्र रेड्डी सोमवार को तेलंगाना से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए. नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद चुनाव अधिकारी ने दोनों नेताओं के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के करीबी सहयोगी नरेंद्र रेड्डी ने राज्यसभा चुनाव में उन्हें उम्मीदवार नामित करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य का आभार व्यक्त किया. पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए एआईएमआईएम और भाकपा को भी धन्यवाद दिया।

सिंघवी और नरेंद्र रेड्डी ने पांच मार्च को तेलंगाना विधानसभा में नामांकन पत्र दाखिल किया था. हालांकि, एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भी नामांकन दाखिल किया था, लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के दौरान उसे खारिज कर दिया गया. उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित करने के लिए दस विधायकों की आवश्यकता होती है।

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी को डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद तेलंगाना से राज्यसभा के लिये दोबारा चुना गया है. नरेंद्र रेड्डी दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद से रेवंत रेड्डी के सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं. नरेंद्र रेड्डी, रेवंत रेड्डी के सहयोगी रहे हैं। दोनों पहले तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में साथ काम करते थे, इसके



बाद दोनों कांग्रेस में शामिल हो गए।

महाराष्ट्र से राज्यसभा की सात सीटों के लिए हो रहे चुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इनमें सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के छह उम्मीदवार और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार शरद पवार शामिल हैं। राज्यसभा की ये सात सीटें अप्रैल में खाली हो रही थीं। इन सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च थी, जबकि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मार्च तय की गई थी। चूंकि सात सीटों के लिए केवल सात ही उम्मीदवार मैदान में थे, इसलिए सभी को बिना मुकाबले विजयी घोषित कर दिया गया। यदि सीटों की संख्या से अधिक उम्मीदवार होते, तो 16 मार्च को मतदान कराया जाता।

सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की ओर से केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के रामराव वडकुते और माया इवनाते को राज्यसभा भेजा गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की ज्योति वाघमारे भी निर्विरोध चुनी गई। वहीं अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की ओर से पार्थ पवार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं।

पश्चिम बंगाल से राज्यसभा चुनाव में टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को विजय प्रमाण पत्र मिले. राज्यसभा चुनाव में नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार (नौ मार्च) को पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में संख्या बल सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के अनुकूल रहा और उसने पांच में से चार सीट जीत लीं।

इसी तरह मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अपने संख्याबल के हिसाब से एक सीट जीती. टीएमसी के विजयी उम्मीदवारों में राज्य के पूर्व मंत्री बाबुल सुप्रियो, पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी और अभिनेत्री कोयल मलिक शामिल हैं. भाजपा उम्मीदवार राहुल सिन्हा को भी राज्य की पांचवी सीट से विजेता के तौर पर प्रमाण पत्र हासिल हुआ।

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और इन दोनों दलों के सहयोगियों के कुल छह उम्मीदवारों को सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। द्रमुक के तिरुचि शिवा और कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, कांग्रेस पार्टी के क्रिस्टोफर मणिकम, द्रमुक के एल के सुधीश, अन्नाद्रमुक के एम थंबी दुरई और पीएमके के अंबुमणि रामदास को विधानसभा सचिवालय के निर्वाचन अधिकारी-अतिरिक्त सचिव आर शांति ने विधिवत निर्वाचित घोषित किया। द्रमुक के सहयोगियों में डीएमडीके और कांग्रेस



शामिल है, जबकि पीएमके अन्नाद्रमुक की सहयोगी पार्टी है. द्रमुक से एनआर एलंगो, तिरुचि एन शिवा, एंथियूर पी सेल्वारासु, कनिमोझी एनवीएन सोमू और अन्नाद्रमुक से एम थंबीदुरई और टीएमसी (मूपनार) के नेता जीके वासन दो अप्रैल, 2026 को अपने कार्यकाल की समाप्ति पर सेवानिवृत्त होंगे। तिरुचि शिवा और थंबीदुरई को फिर से चुना गया है। अधिकारी ने कहा, छह के नामांकन वैध पाए गए और नियमों के अनुसार स्वीकार किए गए और उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया. पीएमके के संस्थापक एस रामदास के सहयोगी स्वामीनाथन का आवेदन भी खारिज किए गए नामांकनों में शामिल है।

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा को प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया. यह सीट इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की इंदु गोस्वामी के पास थी. चुनाव अधिकारी और विधानसभा के सचिव ने नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद यह घोषणा की. नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन शर्मा के अलावा कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं था।

यह पिछले 10 वर्षों में राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी की वापसी का प्रतीक है. भाजपा ने 2018, 2020 और 2022 में राज्यसभा सीट पर कब्जा किया था. अप्रत्याशित घटनाक्रम में, भाजपा ने 2024 में कांग्रेस से यह सीट छीन ली, जबकि राज्य में कांग्रेस सत्ता में थी और विधानसभा में उसके पास बहुमत था।

अनुराग शर्मा, कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं और कांगड़ा के बैजनाथ क्षेत्र के बीर से आते हैं। वह बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं. 29 अगस्त 1978 पैदा हुए शर्मा 1995 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य हैं. इससे पहले वह बैजनाथ सरकारी कॉलेज में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अध्यक्ष रह चुके हैं और 1998 से 2001 तक पार्टी की युवा शाखा के राज्य महासचिव भी रहे हैं।

छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस नेता फूलो देवी नेताम सोमवार को राज्यसभा के लिए बिना किसी विरोध के चुनी गई. विधानसभा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, 'नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख आज दोपहर खत्म हो गई और दोनों उम्मीदवार बिना किसी विरोध के चुन लिए गए हैं।'बाद में निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा ने वर्मा और नेताम को चुनाव के प्रमाण पत्र सौंपे. लक्ष्मी वर्मा (59) राज्य के प्रभावशाली कुर्मी समाज से हैं. उन्होंने भाजपा की तरफ से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाए जाने के बाद राज्य महिला अयोग से इस्तीफा दे दिया था।

राज्य के पांच राज्यसभा सदस्यों में से दो-कवि तेजपाल सिंह तुलसी और नेताम का छह साल का कार्यकाल नौ अप्रैल को खत्म होने वाला था, जिससे दो खाली सीटों को भरने के लिए चुनाव कराने की जरूरत थी. राज्य के दूसरे राज्यसभा सदस्य कांग्रेस के रंजीत रंजन और राजीव शुक्ला, और भाजपा के देवेंद्र प्रताप सिंह हैं. छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सीट हैं जिसमें भाजपा के 54 सदस्य हैं, उसके बाद कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक सदस्य है. सदन में अपनी संख्या के आधार पर भाजपा और कांग्रेस दोनों को एक-एक राज्यसभा सीट मिलने की उम्मीद थी।

बिहार की 5 राज्यसभा सीटों के लिए 6 उम्मीदवार मैदान में होने से मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है. ह्ढ्ढ ने अपने 4 दिग्गजों–नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को उतारकर अपनी स्थिति मजबूत की है, लेकिन पांचवीं सीट पर भाजपा के शिवेश राम और महागठबंधन के ए.डी. सिंह (ऋछ्व) के बीच सीधी भिड़ंत है।

एक उम्मीदवार को जीत के लिए 41 प्रथम वरीयता के वोटों की जरूरत है. ह्ढ्ढ के पास कुल 202 विधायक हैं, जिससे उन्हें पांचवीं सीट के लिए कम से कम 3 अतिरिक्त वोटों की जुगाड़ करनी होगी. इसी कड़ी में तेजस्वी यादव ने राजद विधायकों की आपात बैठक बुलाई है।

हरियाणा में 2 सीटों के लिए 3 दावेदार हैं. भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर सिंह बौद्ध के अलावा निर्दलीय सतीश नांदल ने मैदान में उतरकर कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं. सतीश नांदल की जीत तभी संभव है जब कांग्रेस के खेमे में 'सेंधमारी' हो।

ओडिशा में 4 सीटों के लिए 5 उम्मीदवार हैं. भाजपा समर्थित निर्दलीय दिलीप राय को जीत के लिए विपक्ष के कम से कम 9 अतिरिक्त वोटों की दरकार है. बीजेडी ने भाजपा पर 'हॉर्स ट्रेडिंग' का आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईजीआरएस निस्तारण में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल

लगातार आठवें माह मिला पहला स्थान

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में भदोही पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। फरवरी 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में भदोही पुलिस को प्रथम स्थान मिला है। इसके साथ ही भदोही पुलिस ने लगातार आठवें माह (जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2025 तथा जनवरी-फरवरी 2026) में भी प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने का रिकॉर्ड कायम रखा है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन में जनपद भदोही की कार्यवाही 100 प्रतिशत पाई गई, वहीं जिले के सभी थानों की कार्रवाई भी शत-प्रतिशत रही।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस सेल के माध्यम से शिकायतों को संबंधित थानों को भेजा जाता है और तय समय सीमा के भीतर उनकी जांच कर रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड की जाती है। अधिकारियों के अनुसार शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर पुलिस कार्रवाई की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे शिकायतों के प्रभावी निस्तारण में मदद मिल रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को मिली रफ्तार, जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



**भदोही।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। अखिलेश दूबे, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के निर्देशन में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर सरपतहा से प्रचार वाहन को रवाना किया गया, ताकि जिले भर में लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। इस दौरान अपर जिला जज अमित वर्मा, अपर जिला जज प्रथम/नोडल पुष्पा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनन्द मिश्रा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव तरुणिमा पाण्डेय सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



**सीखड़ मीरजापुर।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मगरहा मीरजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ राजकीय हाई स्कूल खानपुर में हुआ। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को शिक्षा अर्जित करने के साथ-साथ समाज और समुदाय की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा,अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राकेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. चारू चंद्र, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. मनीष कुमार मिश्र, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. पवन कुमार तथा डॉ. बृजेश कुमार सिंह सहित राजकीय हाई स्कूल खानपुर सीखड़ के अध्यापकगण भी में सम्मिलित हुए।

## विद्युत समस्याओं के निस्तारण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित, जनप्रतिनिधियों ने दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि विद्युत विभाग से जुड़ी जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर, लाइन की खराब स्थिति तथा बिलिंग संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक औराई दीनानाथ भास्कर ने भी बैठक में कहा कि वित्तीय वर्ष2024 ,25 वित्तीय वर्ष 2025 ,26 मैं स्वीकृत सभी कार्यो सत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करे विद्युत से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखें और प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कहीं से भी अनावश्यक शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसफार्मरों की क्षमता, लाइन मरम्मत तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने भी विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अंत में जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर राधेश्याम ए सी विद्युत मंडल भदोही अधिशासी अभियंता ज्ञानपुर राजेश कुमार अधिशासी अभियंता भदोही एसके सिंह समस्त एसडीओ नगर पालिका अध्यक्ष गोपीगंज जीतेन्द्र गुप्ता जी, नगर पालिका अध्यक्ष सुरियावां विनय चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानपुर घनश्याम दास गुप्ता राजकुमार निषाद जी, व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गो तस्करी के आरोप में अध्यक्ष की याचिका खारिज

**मिर्जापुर।** गो-तस्करी के आरोप में जिला कारागार में निरुद्ध श्याम बहादुर पटेल की जमानत याचिका जनपद एवं सत्र न्यायालय से खारिज कर दी गई है। मामले की सुनवाई जनपद न्यायाधीश अरविंद मिश्रा की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान बचाव और अभियोजन दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। इसके बाद न्यायालय ने जिलाध्यक्ष श्याम बहादुर पटेल तथा एक अन्य सह-आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। गो-तस्करी के मामले में गिरफ्तारी के बाद श्याम बहादुर पटेल पिछले करीब एक महीने से मिर्जापुर डिस्ट्रिक जेल में निरुद्ध हैं। इस मामले को लेकर जिले की राजनीति भी गर्म रही है। श्याम बहादुर पटेल के समर्थन में पल्लवी पटेल के नेतृत्व में 7 मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया था, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनकी रिहाई की मांग उठाई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक राय ने अदालत में अपना पक्ष रखा और आरोपों की गंभीरता को रेखांकित किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से जमानत की मांग करते हुए दलीलें दी गईं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के बाद फिलहाल श्याम बहादुर पटेल और सह-आरोपी को जेल में ही रहना होगा।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत, मौके पर पहुंची पुलिस व अधिकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद के ऊंज थाना क्षेत्र के बिछिया चौरा कला गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जीत लाल आदिवासी (61 वर्ष) पुत्र अज्ञात, निवासी ग्राम लहगपुर, थाना लालगंज, जनपद मिर्जापुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य करता था। मंगलवार देर शाम या सुबह के समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर प्रभात राय (क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर) तथा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही सहित प्रभारी निरीक्षक ऊंज थाना पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार से वाहन चलते हैं, जिससे अक्सर हादसे की आशंका बनी रहती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जाएगी ताकि वाहन की पहचान हो सके। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**मीरजापुर।** बुधवार को विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के पावन नगरी कचौड़ी गली पक्का घाट महिला जिला कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला महिला कार्यवाहक अध्यक्ष रीना गुप्ता जी ने किया एवं अध्यक्षता जिला महिला अध्यक्ष मीना गुप्ता जी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता उपस्थित रहे। जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन जिला महिला अध्यक्ष मीना गुप्ता ने बताया की आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों के बराबर माना जाता था। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरे विश्व का ध्यान खींचा एक अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ।और तभी से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित जय हिंद मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। आज जब हम महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की बात करते हैं, तो 8 मार्च का दिन खुद-ब-खुद एक प्रतीक बन जाता है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के रुप मे मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस मौके पर सभी महिलाओं ने महिला दिवस के पर्व पर केक काटकर एक दूसरे को बधाइयां दी एवं जिला महिला अध्यक्ष मीना गुप्ता जी के द्वारा रीना गुप्ता जी को जिला महिला कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सोपा एवं आईडी कार्ड व चुनरी पहनाकर सम्मानित किया गया एवं शिवराम केसरवानी जी को जिला मिडिया प्रभारी का कार्य भार सौपा गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को मां की चुनरी पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित, ममता गुप्ता, सुमन मोदनवाल लल्ली देवी, आरती गुप्ता, किरण देवी, सुधा मोदनवाल, अनीता देवी, आदी लोग उपस्थित रहे।

## नारेपार में घायल मिले गोवंश का मिर्जापुर में हुआ ऑपरेशन




● समाजसेवी पवन पंडित की पहल पर आश्रय स्थल में कराया गया उपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतामढ़ी।** कोइरौना थाना क्षेत्र के नारेपार गांव में सोमवार को गंभीर रूप से घायल मिले गोवंश के उपचार के लिए स्थानीय समाजसेवियों ने सराहनीय पहल की। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे लोगों ने घायल गोवंश को सुरक्षित उपचार दिलाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि नारेपार गांव स्थित वृद्धाश्रम के पीछे एक गोवंश गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला था। उसके जबड़े और जीभ के पास गहरा घाव था और वह दर्द से कराह रहा था। ग्रामीणों के अनुसार किसी धारदार हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही थी, जिसके कारण उसका जबड़ा और जीभ नीचे की ओर लटक रहे थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी पवन पंडित के नेतृत्व में ग्रामीणों ने घायल गोवंश को निजी साधन से मिर्जापुर जनपद के बरकछा स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की टीम ने गोवंश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसका ऑपरेशन किया और आवश्यक उपचार शुरू किया।

डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन के बाद गोवंश की स्थिति में सुधार होने पर उसे वापस भदोही लाया गया। इसके बाद समाजसेवी पवन पंडित तथा क्षेत्र के अन्य युवाओं की मौजूदगी में गोवंश को सीतामढ़ी स्थित गोवंश आश्रय स्थल में सुरक्षित छोड़ दिया गया, जहां उसकी देखभाल की जा रही है। इस पूरी घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया और घायल गोवंश को बचाने के प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में गोवंश से जुड़ी घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### नो स्मोकिंग डे पर पीएचसी इमिलिया कोडर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पचपेड़वा/बलरामपुर।** नो स्मोकिंग डे के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमिलिया कोडर में लोगों को तंबाकू और धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.डी. चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान डॉ. प्रसून गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। इससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशीले पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान की लत धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को कमजोर कर देती है और कई असाध्य बीमारियों का कारण बनती है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे इस लत को छोड़कर तंबाकू मुक्त जीवन अपनाएं और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान धूम्रपान करने वाले लोगों को इस आदत को छोड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा तंबाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट प्रकाश गौतम, एल.टी. विशाल, नर्स ज्योत्सना मंगलम, प्रिंस कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी व क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मनोज कुमार श्रीवास्तव बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**भदोही।** जनपद के वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के अनुमोदन से तथा राष्ट्रीय महामंत्री विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से की गई है। मनोज श्रीवास्तव लंबे समय से सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने की सूचना मिलते ही जनपद सहित कायस्थ समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महासभा समाज के हित में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

## फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सांसद ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सांसद डॉ. विनोद बिंद ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर नेशनल हाईवे 19 पर स्थित लाला नगर टोल प्लाजा के पास फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग की। सांसद ने मंत्री को सौंपे पत्र में बताया कि लाला नगर टोल प्लाजा के पास यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। आसपास के गांवों की बड़ी आबादी को रोजाना हाईवे पार करना पड़ता है, जिसमें छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। फुट ओवर ब्रिज की व्यवस्था न होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि फुट ओवर ब्रिज का निर्माण होने से हजारों लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इस पर मंत्री नितिन गडकरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। सांसद ने इस दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी अन्य विकास योजनाओं और समस्याओं के संबंध में भी केंद्रीय मंत्री से चर्चा की, जिस पर सकारात्मक पहल का भरोसा मिला।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह बी आर सी सुरियावां पर संपन्न

● शिक्षकों और बच्चों का किया गया उत्साहवर्धन।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** 11 मार्च 2026 बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के तत्वावधान में आज बी आर सी सुरियावां पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां यशवंत सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर किया गया।आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले,और इंस्पायर अवार्ड विजेता छात्रों और उनके अध्यापकों का माल्यार्पण कर और बच्चों को ट्रॉफी, स्टेशनरी,और पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री और ए आर पी संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि,खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां के नेतृत्व में एकेडमिक क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है।अध्यापकों द्वारा जो परिश्रम किया जा रहा है,आज का परीक्षाफल इसका उदाहरण है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां द्वारा ए आर पी साथियों के किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार,संगठन मंत्री राजेश गौतम,संयुक्त महामंत्री वेद प्रकाश रघुवंशी,कोषाध्यक्ष विजय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों और अध्यापकों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुख्तार नाथ पाण्डेय,कार्यालय प्रभारी राजेश दुबे ,जिला आदर्श शिक्षक, डॉ ओम प्रकाश मिश्र, ए आर पी संघ के जिला संरक्षक भास्कर मिश्र,भोला नाथ सरोज,सुभाष पाल,संतोष शुक्ल सहित कुल 106 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एस आर जी विनय शंकर पाण्डेय जी ने किया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ बुधवार को मलिन बस्ती खैरुद्दीनपुर ग्राम में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा कुमारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया। निहारिका, पूर्णिमा एवं प्रिया ने स्वागत गीत तथा रोशनी विश्वकर्मा,अंजली दूबे एवं प्रियंका कुमारी ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा गीत के माध्यम से समाजसेवा हेतु प्ररित किया। मुख्य वक्ता डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने शिविरार्थियों के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए एनएसएस के उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा कुमारी ने व्यक्तिगत एवं परिवेश की स्वच्छता के प्रति शिविरार्थियों को जागरूक किया। अनुभवजन्य अधिगम के माध्यम से मलिन बस्तियों में सामुदायिक जागरूकता एवं स्वच्छता का मूर्त प्रदर्शन करके स्वयंसेवकों से चर्चा परिचर्चा की जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता को प्रदर्शित किया, स्वच्छ एवं सुरक्षित जल में अंतर बताया । अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने शिविरार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं एवं उन्हें पूरे मनोयोग से शिविर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजिका डॉ. विद्या सिंह ने किया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में डॉ0 अरविन्द कुमार ने योग के विभिन्न आसन यथा वज्रासन, पदमासन, सुखासन, भत्सिका प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया के बारे जानकारी प्रदान की एवं अभ्यास भी कराया। इस अवसर पर डॉ रजनीश,डॉ दीप नारायण,डॉ अरुणेश कुमार,डॉ सत्येन्द्र कुमार,डॉ अमित यादव,डॉ शिखा तिवारी, डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ रमेश चन्द्र,डॉ चन्दन द्विवेदी,धर्म चन्द्र,जय प्रकाश सिंह, कुर्बान अली सहित 50 स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### अदलपुरा शीतला धाम में जल शक्ति मंत्री ने पहुंच कर मां दर्शन पूजन किया



**सीखड़ मीरजापुर।** भाजपा सरकार में कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रत देव सिंह ने बुधवार को सुबह अदलपुरा शीतला धाम में पहुंच कर मां का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।जल शक्ति मंत्री सुबह छः बजे ही धाम में पहुंच गए थे। अचानक मंत्री के पहुंचने से पुलिस महकमा में खलबली मच गई। अदलपुरा चौकी प्रभारी कुमार संतोष ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए सकुशल जल शक्ति मंत्री को दर्शन पूजन कराया। धाम में दर्शन करने के बाद स्वतंत्र देव सिंह ने अदलपुरा में स्थित पंप कैनाल का औचक निरीक्षण करने पहुच गए। मंत्री के निरीक्षण के दौरान पंप कैनाल पर एक भी कर्मचारी उपस्थित नही मिला।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंड़ी दिखाए- जिला जज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार मिश्रा ।। एवं अपर जिला जज प्रथम, नोडल अधिकारी (रा0लो0अ0) सन्तोश कुमार गौतम, अपर जिला जज कोर्ट नं0 6 विनय आर्या, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट आसिफ इकबाल रिजवी, दिशेष न्यायाधीश-पॉक्सो चन्द्र गुप्त यादव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर पल्लवी सिंह, इण्डियन बैंक की विधि परामर्शदाता मयूरी दत्ता बैंक वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों, वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किये।

जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), अपर जिलाधिकारी (भू.रा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफॅन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द0प्र0सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुर्माना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं0 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित/पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा, लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इस निणर्य की अपील अन्य न्यायालय में नहीं होती है। उन्होने यह भी बताया कि पिछले लोक अदालत में कुल 73735 मुकदमों का निस्तारण किया गया था और इस प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 75000 मुकदमों को निस्तारण कराने के लिए चिन्हित किया गया है।

अपर जिला जज/नोडल अधिकारी सन्तोश कुमार गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, सभी तहसीलदार न्यायालय, चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय, श्रम आयुक्त विभाग, नगर पालिका विभाग, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगेशन सुलह योग्य मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए उन्हे निर्देशित किया गया है।

वादकारी व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित करके अपनी समस्याओं का निदान करा सकते है। डीएलएसए सचिव, श्रीमती पल्लवी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामलें, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा-138 एन.आई. एक्ट वाद एवं बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, तथा आर्बीट्रेशन निष्पादन से सम्बन्धित वादो का निस्तारण किए जायेगें साथ ही उन्होने यह भी बताया कि समस्त जनमानस तथा समस्त अधिवक्ता बन्धुओं एवं वादकारियों से अपील है कि राष्ट्रीय लोक अदालत तथा विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने-अपने मुकदमो, चालानों एवं पति-पत्नी के वैवाहिक विवादों से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामलों को तारण करायें और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाते हुए इस महा अभियान का लाभ उठावे।

## संक्षिप्त खबरें

### बलराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवायोजन के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




**कोरांव प्रयागराज।** बलराम महाविद्यालय सिरहीर मेजा प्रयागराज के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन सिरहिर पंचायत भवन में किया गया यह शिविर 11 मार्च से 17 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान व प्राचार्य डॉ0 अरुण कुमार सिंह बलराम महाविद्यालय प्रधानाचार्य मां शारदे इण्टर कॉलेज पूजा वर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य के द्वारा एनएसएस के मूल उद्देश्यों को अवगत कराते हुए राष्ट्र निर्माण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ0 अशोक उत्तम ने एनएसएस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यो की सराहना करते हुए इसे व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम माध्यम बताया। इस मौके पर डॉ अजय सिंह करुणा द्विवेदी आशीष पाण्डेय संध्या पाण्डेय बृजेश कुमार और ग्रामीण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वी0 पी0 सिंह ने किया।

### मोहित अग्रहरि के मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**नैनी, प्रयागराज।** चाकामंडल नैनी में युवा कार्यकर्ता मोहित अग्रहरि को मंडल मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया और प्रदेश नेतृत्व व जिला अध्यक्ष को बधाई दी।इस अवसर पर कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन में सही समय पर सही कार्यकर्ता का चयन करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि मोहित अग्रहरि एक तेज-तर्रार और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिनके मंत्री बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई और प्रदेश अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष को इस निर्णय के लिए बधाई दी।इस मौके पर नीरज शर्मा, उमेश सेन, सुनील विश्वकर्मा, अवधेश निषाद, नित्यानंद मिश्रा, पीयूष मिश्रा और रमेश पटेल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नैनी पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने चोरी के एक पुराने मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को बंधा कट के पास से पकड़ लिया।थाना नैनी में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 296/2024 धारा 457/380 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त दिनेश पुत्र सोहन बंशकार, निवासी धरिकार बस्ती मनौरी गांव, थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज (उम्र लगभग 40 वर्ष) को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था पुलिस के अनुसार 9 मई 2024 को वादी किशोर कुमार वैश्य, निवासी विवेक नगर, नैनी, प्रयागराज ने थाना नैनी में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सामान और लैपटॉप चोरी कर लिया। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही एक आरोपी शनि उर्फ दिलेश्वर को 26 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इसी मामले में वांछित चल रहे दूसरे आरोपी दिनेश को पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर बंधा कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आपराधिक इतिहास पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दिनेश के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, आबकारी और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना नैनी के प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक श्रीराम उपाध्याय, उपनिरीक्षक आशीष यादव तथा कांस्टेबल अभिनंदन चौरसिया की टीम द्वारा की गई।पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिला जनसुनवाई में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई, पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या। गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, राजस्व विवाद, पुलिस संबंधित शिकायतें, अवैध कब्जा और साइबर अपराध सहित विभिन्न प्रकार के लगभग 50 मामले सामने आए। इनमें से कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान सदस्या ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थानों में आने वाली महिलाओं की शिकायतों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए तथा छोटे मामलों का निस्तारण थाने स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को न्याय के लिए अनावश्यक रूप से कोर्ट के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई में कई महत्वपूर्ण शिकायतें भी सामने आईं। प्रार्थिनी शर्मिला पुत्री अमरचंद्र पत्नी जयप्रकाश उर्फ सोनू, निवासी चाका गोसाई का तालाब, थाना नैनी ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से बाहर निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इस मामले में माननीय सदस्या ने दोनों पक्षों को 19 मार्च 2026 को राज्य महिला आयोग, लखनऊ में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार करैलाबाग की निवासी कल्लो देवी पत्नी नरेश कुमार निषाद ने अपनी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 201 पर जबरन मिट्टी डालकर अतिक्रमण करने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर सदस्या ने संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई कर आयोग को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

वहीं शिवकुटी थाना क्षेत्र की निवासी रचना कुमारी ने मोहल्ले के पप्पू उर्फ उदय पासी और उनके परिवार द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। इस मामले में भी संबंधित थानाध्यक्ष को एक सप्ताह के भीतर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

करेली की निवासी मन्नो बानो ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ना और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इस पर सदस्या ने करेली थाना प्रभारी को मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुराना कटरा की निवासी राखी जायसवाल ने अपने मकान में किराये पर दी गई दुकान को खाली कराने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इस पर माननीय सदस्या ने पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान माननीय सदस्या ने पिछली जनसुनवाई में आए मामलों की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों से निस्तारित तथा लंबित मामलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं, सहायता राशि तथा उनके लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी भी मांगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई महिला शिकायत लेकर थाने में आती है तो उसकी समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और आवश्यक कार्रवाई कर उसे संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व सदस्या ने जिला कारागार के बंदी गृह का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नए यमुना ब्रिज से महिला ने लगाई छलांग, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक महिला ने नए यमुना ब्रिज से यमुना नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची और महिला को नदी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की टीम ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बाद में परिजनों द्वारा महिला की पहचान ज्योति शुक्ला के रूप में की गई, जो नैनी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली थीं। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजन अस्पताल पहुंच गए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है, हालांकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। इस घटना के बाद नए यमुना ब्रिज पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी प्रकार की मानसिक परेशानी हो तो परिवार या संबंधित लोगों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास करें। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### खजूरी खास में 8 महीने के बच्चे का अपहरण, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर बचाया; दंपती गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** खजूरी खास इलाके में एक 8 महीने के मासूम बच्चे के अपहरण की सनसनीखेज घटना ने परिवार को हिलाकर रख दिया था, लेकिन दिल्ली पुलिस टीम ने महज कुछ घंटों में बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया और दो आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस को सूचना मिली कि खजूरी खास फ्लाईओवर के नीचे रहने वाली 45 वर्षीय एक महिला ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात महिला ने बच्चे को खाना देने के बहाने गोद में उठाया और मौके से फरार हो गई। इसके बाद बच्चे की मां ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। खजूरी खास में इंस्पेक्टर राकेश यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने विभिन्न सूत्रों से अहम सुराग जुटाकर रूप नगर इलाके से 30 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महिला ने अपहरण में अपनी संलिप्तता कबूल ली। उसकी निशानदेही पर उसके पति पवन (31 वर्ष) को भी किडनैपिंग में सहयोग के आरोप में दबोचा गया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। छुड़ाए गए बच्चे को सुरक्षित रूप से उसकी मां से मिला दिया गया, जिससे पूरे परिवार ने राहत की सांस ली। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्जकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रयागराज में फायरिंग कांड का खुलासा: कीडगंज पुलिस ने दो अभियुक्तों को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस के अनुसार थाना कीडगंज में दर्ज मु0अ0सं0 44/2026 धारा 126(2), 190, 191(2), 191(3), 109(1), 352, 351(3) बीएनएस से संबंधित नामजद अभियुक्त आशुतोष सिंह पुत्र गोकरन सिंह निवासी बासुपुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ तथा विभव प्रताप सिंह पुत्र संजीव कुमार निवासी ऊबरी थाना खीरी जनपद प्रयागराज (हाल पता बैरहना, थाना कीडगंज) को बुधवार को लल्लू टेंट हाउस के पास परेड ग्राउंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त आशुतोष सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं विभव प्रताप सिंह के पास से एक अवैध तमंचा .312 बोर और एक जिंदा कारतूस .312 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है।



**घटना का विवरण**

पुलिस के मुताबिक वादी राजन पांडेय पुत्र स्वर्गीय संजय पांडेय निवासी 777 गऊघाट थाना मुठ्ठीगंज ने शिकायत दी थी कि 10 मार्च की रात संगम पेट्रोल पंप सोहबतियाबाग से लौटते समय जार्जटाउन के पीछे वाली गली में गाड़ी मोड़ने को लेकर उनकी आरोपियों से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए वादी की गाड़ी का पीछा किया और थाना कीडगंज क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस के पास रोककर वादी राजन पांडेय तथा उनके मित्र सतीश पांडेय और ऋतिक मिश्रा पर फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही कीडगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

**अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार अभियुक्त आशुतोष सिंह के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें दारागंज, जार्जटाउन और मिर्जापुर कोतवाली थानों में मारपीट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं।

## आईटीआई बाउंड्री के पास हुई चोरी के मामले में 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों को थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से पकड़कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार थाना औद्योगिक क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 159/24, धारा 305/331 (4)/317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त विपिन भारतीया (19 वर्ष) पुत्र लालजी भारतीया, राज भारतीया (23 वर्ष) पुत्र सुरेश कुमार भारतीया तथा पंकज भारतीया (21 वर्ष) पुत्र राजू भारतीया निवासी महुवारी (गंगोत्री पुरम) थाना औद्योगिक क्षेत्र, प्रयागराज को बुधवार को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के मुताबिक 19 अगस्त 2024 को आईटीआई बाउंड्री के पास स्थित सडवा से एम्प्लीफायर और स्टेबलाइजर चोरी किए गए थे। चोरी के बाद आरोपित चोरी के सामान को पिकअप वाहन पर लादकर ले जा रहे थे। उसी दौरान पुलिस के पहुंचने पर चार अभियुक्त मौके पर पकड़े गए थे, जबकि अन्य साथी भागने में सफल हो गए थे।मौके से पुलिस ने एम्प्लीफायर व स्टेबलाइजर, चोरी के माल के परिवहन में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा, एक पिकअप वाहन (नंबर UP70KT9038), तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक कीपैड मोबाइल बरामद किया था। उस समय गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुनील कुमार साहू, रवि बंसल, रिंकू बंशकार और रमेश भारतीया को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे।

स्वतंत्र प्रभात — जो लिखेगा, वही टिकेगा — पुलिस 112 आपात सेवाएं

पूछताछ में किया अपराध कबूल गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर आईटीआई बाउंड्री के पास से एम्प्लीफायर और स्टेबलाइजर चोरी किए थे। पुलिस के पहुंचने पर वे मौके से फरार हो गए थे, जबकि उनके चार साथी पकड़े गए थे। तब से वे पुलिस से बचते हुए छिपते फिर रहे थे।गिरफ्तार अभियुक्त विपिन भारतीया के खिलाफ थाना नैनी और थाना औद्योगिक क्षेत्र में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**गोण्डा।** जनपद न्यायालय गोण्डा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के एक पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में प्रारंभ की गई है।जारी आदेश के अनुसार ऐसे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं जो बी.एन.एस.एस. की धारा-11 में निर्धारित योग्यता रखते हों। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति पात्र होंगे जो शासन के अधीन कोई पद धारण करते हों अथवा पूर्व में कर चुके हों तथा विधि स्नातक हों। इसके अलावा विधिक मामलों में अनुभव रखने वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा पिछले पांच वर्षों की चारित्रिक प्रविष्टियां संलग्न करनी होंगी। आवेदन का निर्धारित प्रारूप जनपद न्यायालय गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन पत्र मय संलग्नकों सहित 13 अप्रैल 2026 तक जनपद न्यायालय गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय में जमा करना होगा। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# प्रयागराज जंक्शन पर अनबुक्ड लगेज के खिलाफ सघन अभियान

● 2015 किलो सामान पकड़ा गया– 46,999 जुर्माना वसूला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** रेलवे नियमों के प्रभावी पालन और यात्रियों को सुरक्षित व सुगम रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयागराज मण्डल द्वारा स्टेशनों एवं ट्रेनों में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज जंक्शन पर 10 और 11 मार्च 2026 को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 2015 किलोग्राम अनबुक्ड सामान पकड़ा गया, जिस पर रेलवे नियमों के तहत ?46,999 का जुर्माना वसूला गया। उद्देश्य बिना टिकट यात्रा और अनबुक्ड लगेज पर नियंत्रण के साथ-साथ यात्रियों में रेलवे नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राजस्व की हानि को रोकना है।

दिल्ली-प्रयागराज जंक्शन प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल, स्लीपर और अन्य कोचों में तीन बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया। साथ ही यात्रियों के पास बड़ी मात्रा में अनबुक्ड लगेज भी पाया गया। कुल 1056 किलोग्राम सामान जब्त किया गया, जिस पर रेलवे नियमों के तहत 22,639 का जुर्माना लगाया गया। अभियान में कई अधिकारी रहे मौजूद। टीम में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राहुल दुबे, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक प्रियरंजन कुमार, मण्डल मुख्य टिकट निरीक्षक दिवाकर शुक्ला, मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष कुमार, दीपक कुमार, दीपक सिंह तथा उप मुख्य टिकट निरीक्षक हितेन्द्र कुमार सहित अन्य चेकिंग स्टाफ शामिल रहे।

## जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

● 22 मई से 20 जून तक होगा मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का पहला चरण।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** जनगणना-2027 की प्रारम्भिक तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने की। इस दौरान जनगणना से जुड़े विभिन्न कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 के बीच किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, जिससे गणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण, गणना ब्लॉक तैयार करने, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के उपयोग, जनसंख्या गणना, वित्तीय प्रबंधन, उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा आंकड़ों के प्रकाशन एवं सारणीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि सभी गणना ब्लॉक 31 मार्च 2026 से पहले पोर्टल पर तैयार कर लिए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 25 मार्च 2026 तक फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जाए तथा निर्धारित समय के भीतर प्रगणकों की सूची उपलब्ध करा दी जाए। इसके साथ ही सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना से संबंधित बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल से पहले प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया जाए, ताकि मकानों की गणना का कार्य समय से शुरू होकर निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों, सहायक चार्ज अधिकारियों और उनके कम्प्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि वे 11 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में उपस्थित होकर जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति श्री विजय शर्मा, अपर जिलाधिकारी नजूल श्री संजय पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट श्री विनोद कुमार सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी, जनपद स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी और चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में मीडिया रिपोर्टर से मारपीट का आरोपी रईस खान गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर में मीडिया कर्मियों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। कवरेज के दौरान एक मीडिया रिपोर्टर के साथ मारपीट करने वाले आरोपी रईस खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के सख्त निर्देश के बाद की गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक मीडिया रिपोर्टर किसी घटना की कवरेज कर रहा था। इसी दौरान रईस खान नामक व्यक्ति ने रिपोर्टर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर दी। घटना के बाद पत्रकारों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला।

मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। शाहगंज थाने की पुलिस ने आरोपी रईस खान को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

बताया जा रहा है कि मारपीट का आरोपी रईस खान पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ चोरी समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इतना ही नहीं, वह करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी और 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी आदिल वसी का चाचा भी बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़



करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं इस घटना के बाद पत्रकारों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

# मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न, उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, एलडीएम तथा उद्यमियों ने भाग लिया। बैठक में औद्योगिक विकास को गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि उद्योगों के संचालन में किसी प्रकार की अनावश्यक बाधा न आए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है, जिससे क्षेत्र में निवेश बढ़े और रोजगार के नए अवसर सृजित हों। बैठक के दौरान रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना है, इसलिए इनके प्रभावी क्रियान्वयन में सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि समयसीमा के बाद लंबित सभी प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा निवेशकों का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर मंडल में कुल 16,663 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 15,027 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। जनपदवार आंकड़ों के अनुसार प्रयागराज में 8,837, फतेहपुर में 3,868, प्रतापगढ़ में 2,305 तथा कौशांबी में 1,653 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चार औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जय भारत एसोसिएट के एचआर प्रमुख सुनील यादव, हबीली सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के एचआर प्रमुख सुशील कुमार पांडे, सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट उमेश चन्द्र द्विवेदी तथा गरुड़ा सिक्योरिटी सर्विसेस इलाहाबाद के पार्टनर सूबेदार मेजर राम लखन पाल शामिल रहे। मंडलायुक्त ने इन इकाइयों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक वातावरण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में उद्यमियों ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस पर मंडलायुक्त ने उनसे कहा कि वे अपने सुझाव लिखित प्रस्ताव के रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें शासन को भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जा सके। औद्योगिक क्षेत्र नैनी से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। उद्यमियों द्वारा क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग की समस्या उठाए जाने पर मंडलायुक्त ने आरएम यूपीएसआईडीए को निर्देश दिया कि स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां प्रभावित न हों।

## संक्षिप्त खबरें

### रिमझिम बारिश ने खोली सड़कों की पोल, जलनिकासी व्यवस्था नहीं होने से लोगों की बढ़ी परेशानी



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मधुपुर शहर में विकास कार्यों के तहत हाल ही में बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता और योजना पर सवाल उठने लगे हैं। मार्च माह की पहली ही रिमझिम बारिश ने इन सड़कों की खामियों को उजागर कर दिया। बुधवार शाम को हुई महज कुछ देर की हल्की बारिश में ही शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे पानी जमा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क मरम्मत और निर्माण के दौरान कई जगहों पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण हल्की बारिश में ही जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सड़क किनारे पानी भर जाने से राहगीरों के साथ-साथ फुटकर दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी कुछ दुकानों के अंदर तक घुस गया, जिससे दुकानदारों को काफी दिक्कतें हुई। दुकानदार झाड़ू और अन्य साधनों की मदद से पानी बाहर निकालने में जुटे रहे। इस दौरान व्यापार भी प्रभावित हुआ। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आगामी बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। लोगों ने संबंधित विभागों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या पर जल्द ध्यान देते हुए स्थायी समाधान करने की माँग की है।

### रामनवमी को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में आज उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख स्थल झंडा चौक पहुंचकर रामनवमी पर्व के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और आमजनों की सुविधा तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जुलूस मार्गों पर सुदृढ़ बैरिकेटिंग, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था, सड़कों के ऊपर झूल रहे बिजली एवं केबल के तारों को व्यवस्थित करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा विधि-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि पर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रामनवमी का पर्व जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

### बीआरसी के लेखापाल शशिप्रकाश सिंह उर्फ पलटू का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**करौं, देवघर, झारखंडः-** बुधवार को अनुमंडल के करों प्रखंड अंतर्गत करोंग्राम निवासी बीआरसी के लेखापाल शशिप्रकाश सिंह उर्फ पलटू का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और इलाज के लिए एम्स में भर्ती थे, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शशिप्रकाश सिंह शिक्षा जगत से जुड़े होने के साथ-साथ एक मिलनसार एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए थे। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं स्थानीय समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिजन, मित्रगण तथा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उनके निवास स्थान पर पहुंचे और शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# हजारीबाग यूथ विंग का भव्य रक्तदान शिविर कल, एसपी अंजनी अंजन ने किया पोस्टर लॉन्च

**●रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया जाएगा सम्मानित, हजारीबाग पुलिस विभाग का रहेगा विशेष सहयोग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य रक्तदान शिविर को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम में हजारीबाग पुलिस विभाग के विशेष सहयोग से इस सामाजिक आयोजन को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सबसे बड़ा अखाड़ा स्थित भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पोस्टर अर्पित कर की गई। इस दौरान सभी ने भगवान गणेश से कार्यक्रम की सफलता एवं समाज के कल्याण की कामना की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने एसपी अंजनी अंजन को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और इससे कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में हजारीबाग पुलिस विभाग बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाएगा और इस आयोजन को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान शिविर में भाग लेकर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आएं।

संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि हजारीबाग यूथ विंग लगातार सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक रक्त संग्रह कर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है।

संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि इस बार रक्तदान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का संदेश देने के लिए सभी रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि लोग यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक हों।

संस्था की ओर से बताया गया कि वर्ष 2025 में आयोजित रक्तदान शिविर में 221 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि वर्ष 2024 में 130 यूनिट रक्त संग्रह हुआ था। इन सफल आयोजनों से प्रेरित होकर इस वर्ष और भी बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है।

इस अवसर पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खंडेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, संस्था मार्गदर्शक जय प्रकाश खंडेलवाल, संजय कुमार, डॉ. बी. वेंकटेश, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, राजेश जैन, पत्रकार सागर कुमार एवं सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह को लेकर समाहरणालय परिसर के आसपास 13 मार्च 2026 को निषेधाज्ञा लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हजारीबाग, झारखंडः-** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के निमित्त हजारीबाग नगर निगम के अंतर्गत निर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण तथा उपमहापौर के अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए दिनांक 13 मार्च 2026 को समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त, हजारीबाग के निर्देशानुसार कार्यक्रम के दौरान अवांछनीय व्यक्तियों की उपस्थिति रोकने हेतु बीएनएस की धारा 189(4) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देश के आलोक में समाहरणालय सभाकक्ष में निर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण तथा उपमहापौर के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए समाहरणालय परिसर के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत कार्रवाई अपेक्षित है। इस क्रम में आदित्य पाण्डेय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा समाहरणालय परिसर, हजारीबाग के 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह निषेधाज्ञा 13 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 8:00 बजे से शपथ ग्रहण एवं उपमहापौर के निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान निम्नलिखित आदेश लागू रहेंगे– 1. सदर अनुमण्डल, हजारीबाग के नगर निगम निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को छोड़कर समाहरणालय सभाकक्ष में अन्य व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। 2. यदि कोई व्यक्ति किसी गैर-कानूनी भीड़ या सभा में तलवार, बंदूक, चाकू जैसे जानलेवा हथियार लेकर शामिल होता है, तो उसके विरुद्ध बीएनएस की धारा 189(4) के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। 3. यह निषेधाज्ञा आदेश इस कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस पदाधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

## पाकुड़िया के विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ, पहले दिन इंग्लिश व सोशल साइंस की हुई परीक्षा

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** साक्षरता विभाग झारखण्ड के निर्देश के आलोक में पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखण्ड के कुल 151 सरकारी विद्यालयों में वर्ग एक से सातवीं तक की इंग्लिश एवं सोशल साइंस की वार्षिक परीक्षा 11 मार्च को सम्पन्न हुई। मिली सूचना के अनुसार 11, 12 और 14 मार्च को हिन्दी, संस्कृत, गणित, अंग्रेजी व विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी। यद्यपि प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में कुल ओकितने छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं मोंगलाबांध पंचायत के आमकोना प्राथमिक विद्यालय में एक से पाँचवीं कक्षा की अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा ली गई, जिसमें कुल 93 परीक्षार्थियों में से 70 परीक्षार्थी शामिल होकर शांतिपूर्वक परीक्षा दी। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक इब्रार आलम ने दी। जबकि प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकीसाल के प्रधानाध्यापक राणा प्रसाद साहू ने बताया कि 11 मार्च को कुल 240 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# विधानसभा में उठा चार माईल-रालो लठिया-करियातपुर सड़क के सुदृढ़ीकरण का मुद्दा

**●बरही विधायक मनोज यादव ने उठाया सवाल, मंत्री ने डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि समाप्त होने के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखण्ड विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत चार माईल एनएच-33 से रालो लठिया होते हुए करियातपुर जीटी रोड तक जाने वाली सड़क का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या यह सही है कि चार माईल एनएच-33 से रालो लठिया होते हुए करियातपुर जीटी रोड तक लगभग 14 किलोमीटर लंबी सड़क आरईओ योजना के तहत बनाई गई है। इस पर मंत्री ने उत्तर देते हुए बताया कि हजारीबाग जिले में स्थित चार माईल एनएच-33 से रालो लठिया होते हुए करियातपुर जीटी रोड तक का पथ ग्रामीण कार्य विभाग के स्वामित्व और अधीनस्थ है। विधायक मनोज कुमार यादव ने आगे पूछा कि क्या यह सही है कि उक्त सड़क एनएच-33 चार माईल से जीटी रोड करियातपुर तक एक महत्वपूर्ण बायपास के रूप में उपयोग की जाती है। मंत्री ने जवाब दिया कि इस सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया गया है और यह वर्तमान में डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि के अंतर्गत है। वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा इस पथ के उन्नयन को लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इसके बाद विधायक श्री यादव ने सरकार से पूछा कि यदि उक्त तथ्यों को स्वीकार किया जाता है तो क्या सरकार इस सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर उसके सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण करने का विचार रखती है। इस पर प्रभारी मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि संबंधित प्राधिकार द्वारा कराए गए कार्य की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि समाप्त होने के बाद पथ निर्माण विभाग को सड़क हस्तांतरण के लिए अनापत्ति प्रदान किए जाने तथा नेटवर्क की उपयोगिता और नीति की उपलब्धता के आधार पर प्रस्ताव पर विचार किया जा सकेगा। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से मंत्री को अवगत कराया कि इस सड़क की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि 21 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है, जिसके बाद तत्काल सड़क के सुदृढ़ीकरण और मजबूतीकरण की आवश्यकता है। इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि समाप्त होने के बाद यदि विधायक स्वयं अनुशंसा कर ग्रामीण सड़क विभाग की ओर से पथ निर्माण विभाग को प्रस्ताव भेजते हैं, तो सरकार इस सड़क के सुदृढ़ीकरण और मजबूतीकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई अवश्य करेगी।

# कोनरा पंचायत के शादी मुहल्ला स्थित मदीना मस्जिद में तकमील-ए-कुरान का आयोजन

**●हाफिज सईद ने मुकम्मल किया तिलावत-ए-कुरान, कांग्रेस नेता मोहम्मद वारिस अंसारी ने किया सम्मान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत अंतर्गत शादी मुहल्ला स्थित मदीना मस्जिद में तकमील-ए-कुरान का कार्यक्रम बड़े ही सम्मानजनक और आध्यात्मिक माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाफिज सईद साहब ने बहुत ही उम्दा अंदाज में कुरान की तिलावत सुनाई। 10 मार्च 2026 की रात को हाफिज सईद द्वारा तकमील-ए-कुरान मुकम्मल किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद वारिस अंसारी ने हाफिज सईद को बुके और शॉल देकर उनका खैरमकदम करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में कई मस्जिदों के इमामों को भी शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए इमामों में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हाजी मुशर्रफ उल कादरी साहब, मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद महमूद रिजवी साहब, मक्का मस्जिद के इमाम हफीजुल कारी अब्दुल कयूम साहब, मस्जिद अक्सा के इमाम मौलाना रिजवान साहब तथा मस्जिद क्यूबा के इमाम हाफिज कारी अलहाज कलीमुद्दीन रिजवी साहब शामिल थे।मिलाद के आयोजन को लेकर मदीना मस्जिद कमेटी की ओर से सभी मस्जिदों के इमाम, मोअज्जिन, सदर एवं सेक्रेटरी को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। मदीना मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने काफी मेहनत और लगन से कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सभी अतिथियों को सम्मानजनक तोहफे के रूप में नजराना-ए-अकीदत पेश किया।कार्यक्रम के दौरान मदीना मस्जिद के खतीब व इमाम मौलाना मोहम्मद महमूद रिजवी साहब ने इलाके के लोगों के लिए दुआएं और मगफिरत की दुआ की। साथ ही उन्होंने देश में आपसी सौहार्द, भाईचारा और अमन-चैन कायम रहने की दुआ भी मांगी। इस मौके पर मदीना मस्जिद के सदर मोहम्मद नजीर, सेक्रेटरी हाजी मोहम्मद इम्तियाज साहब, नाइब सेक्रेटरी शरीफ उल हक, खजांची मोहम्मद रुस्तम, नाइब खजांची मोहम्मद इसहाक साहब, मोहम्मद रावत उर्फ बबलू, जामा मस्जिद के सेक्रेटरी अब्दुल कयूम, मोहम्मद वारिस अंसारी, मोहम्मद नजीर हुसैन, मोहम्मद निजामुद्दीन, गुलाम सरवर, मोहम्मद अजीम, नौशाद, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद एकलाख, मोहम्मद शौकत, मोहम्मद कमल, मोहम्मद बशीर, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद बबलू, हाजी जमाल साहब, हाजी मुस्लिम साहब, हाजी मोहम्मद नूर साहब, हाजी मोहम्मद अनवर साहब, शिवम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# घरेलू गैस का संकट गहराया

**●गोलमटोल जवाब से काम चला रहे अधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंघरेलू गैस का संकट गहराता जा रहा है। अधिकारियों के पास इसका कोई सटीक जवाब नही है। गोलमटोल जवाब से अधिकारी काम चला रहे हैं। वहीं पूरे दिन गैस एजेंसियों पर लाइन मे खड़े रहने के बावजूद गैस सिलेंडर नही मिल रहा है। आपूर्ति से कई गुना डिमांड है, इसलिये अधिकारी सवालों का सामना करने से घराब रहे हैं। गैस की किल्लत कब तक रहेगी, प्रशासनिक स्तर पर क्या इसका समाधान है, इसका जवाब गोलमटोल है। एजेंसी पर अधिकारी दबाव बनाकर एडवांस रसीदें कटवा रहे हैं। गैस कब मिलेगी इसका जवाब किसी के पास नही है। ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध की वजह से घरेलू गैस का संकट गहराता जा रहा है। अधिकारियों के पास इसका कोई सटीक जवाब नही है। गोलमटोल जवाब से अधिकारी काम चला रहे हैं। वहीं पूरे दिन गैस एजेंसियों पर लाइन मे खड़े रहने के बावजूद गैस सिलेंडर नही मिल रहा है। आपूर्ति से कई गुना डिमांड है, इसलिये अधिकारी सवालों का सामना करने से घराब रहे हैं। गैस की किल्लत कब तक रहेगी, प्रशासनिक स्तर पर क्या इसका समाधान है, इसका जवाब गोलमटोल है। एजेंसी पर अधिकारी दबाव बनाकर एडवांस रसीदें कटवा रहे हैं। गैस कब मिलेगी इसका जवाब किसी के पास नही है। सूत्रों की माने तो स्टेशन रोड स्थित गैस एजेंसी पर 360 सिलेंडर आये थे, आनन फानन मे सब खत्म हो गये। उपभोक्ताओं की लम्बी लाइन लगी है। सिर फुटव्वल और जूतमपैजार न हो इसके लिये अधिकारी बैठकर एडवांस बुकिंग की रसीद कटवा रहे हैं।

लेकिन उपभोक्ताओं को यह नही पता कि उन्हे गैस कब तक मिलेगी। जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला ने मीडिया दस्तक को बताया कि एडवांस रसीदें कटवाई जा रही हैं। गैस आने पर उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस दी जायेगी। उनके पास सवालों का माकूल जवाब न होने के नाते उन्होने सेल्स मैनेजर का नम्बर दे दिया। सेल्स मैनेजर से बात की गई तो उन्होने कहा हमारे हेड गोरखपुर बैठते हैं उनके नम्बर पर बात कर लीजिये। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि स्थानीय अधिकारियों के पास गैस की किल्लत का समाधान किस स्तर का हैअधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ता पैनिक न हों, अफवाहों पर भरोसा न करें, गैस की कमी नही है। अगर गैस की कमी नही है तो एजेंसियों पर लम्बी लाइनें क्यों लगी हैं ? ये बढ़ा सवाल है। कई जिलों मे स्थिति विस्फोटक होने वाली है। गैस की किल्लत को लेकर आ रही खबरों के बाद केंद्र सरकार एक्टिव हो गई है। सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के साथ कई कड़े कदम उठाए हैं, जिससे राहत मिल सकती है। मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और एस्मा लागू कर दिया है। सरकार ने आम एलपीजी सिलेंडर धारकों से कहा है कि वो घबराएं नहीं और सभी को पर्याप्त गैस आपूर्ति के लिए ठोस इंतजाम किए गए हैं। घरेलू गैस की किल्लत को लेकर केन्द्र सरकार सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रही है। एआई जेनरेटेड वीडियो बनाकर लोग सरकार को घेरने मे जुटे हैं।

# प्रेम प्रसंग में हुई युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के जोगिया कोतवाली क्षेत्र के नादेपार चौराहे पर युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया हैं । आरोपी ने मृतक को अपने मामा की बेटी से बात करते देखा लिया था। जिससे नाराज होकर उसने युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया हैं, मंगलवार की शाम नादेपार चौराहे निवासी शुभम उर्फ शिवम पुत्र सबलू अपनी दुकान के लिए कपड़ा लेने कार से चौराहे पर पहुंचा था। इसी दौरान वहां मौजूद प्रिंस वर्मा ने उसकी कार रोक ली और कार के साइड का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान दोनों में कहासुनी होने लगी। जैसे ही शिवम कार से बाहर निकला, आरोपी ने अचानक चाकू से उसके गले पर हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि शिवम गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने घायल शिवम को पास के मेडिकल स्टोर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे । लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रिंस वर्मा ने बताया कि वह अपने मामा पवन वर्मा के घर शादी समारोह में शामिल होने दिल्ली से गांव आया था। एक दिन पहले उसने शिवम को अपने मामा की बेटी के साथ अंधेरे में बन रहे एक मकान के पास काफी देर तक बात करते देखा था। जिससे वह नाराज हो गया था। आरोपी ने इस बात की जानकारी उसने घर पर दी। जिसके बाद लड़की को परिजनों ने डांट-फटकार लगाई। इस मामले में शिवम के घरवालों से भी शिकायत की गई। आरोपी को शक था कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा है।

पुलिस जांच में सामने आया कि 9 मार्च को आरोपी के मामा के बेटे विनय की मेहंदी की रस्म थी। उसी कार्यक्रम के दौरान शिवम और प्रिंस के बीच कहासुनी हो गई थी। उस समय मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन आरोपी के मन में गुस्सा बना रहा। पहले से बना लिया था हत्या का प्लान पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसी दिन से उसने शिवम को सबक सिखाने की ठान ली थी। 10 मार्च की शाम जब शिवम कार से घर के पास पहुंचा तो उसने मौका देखकर उसकी गाड़ी रोक ली। पहले कार साइड शीश तोड़ा ताकि शिवम बाहर निकले और जैसे ही वह कार से उतरा, आरोपी ने चाकू से उसके गले पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक के पिता सबलू की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जोगिया थाना कोतवाली क्षेत्र के सूपा बक्शी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायलय में पेश किया।

# नकली चांदी देकर 18 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** नकली चांदी देकर 18 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर जनपद आगरा राठौर नाला पीपल मंडी निवासी पीड़ित व्यापारी पवन कुमार ने 10 मार्च को नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी मुकेश सराफ पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पवन कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी फर्म दीक्षा इंटरप्राइजेज के नाम से पंजीकृत है। फर्म के नाम से चांदी का कारोबार करते हैं। तीन नवंबर 2025 को व्हाट्सएप पर मुकेश सराफ ने संपर्क किया। मुकेश ने चांदी के आभूषण बनाने के लिए 20 किलोग्राम माल का आर्डर दिया।आरोपी ने फर्म का नाम जायसवाल ज्वेलर्स श्री राधा कृष्ण वस्त्रालय गोंडा रोड भगवतीगंज बताया। साथ ही एक विजिटिंग कार्ड व्हाट्सएप पर भेजा, जिस पर जीएसटी नंबर और दुकान का पता अंकित था। जानकारी मिलने के बाद आर्डर के अनुसार माल तैयार कराया। तैयार माल करीब 16.299 किलोग्राम था, जिसकी फाइन चांदी 6.356 किलोग्राम निकली। इसकी कीमत करीब 18.35 लाख रुपये बताई गई। पवन कुमार ने बताया कि आरोपी मुकेश के कहने पर माल एससीएन लॉजिस्टिक के माध्यम से भेज दिया। बाद में आरोपी ने कच्ची चांदी के कुछ पार्ट और कागजात भेजे। जब पवन कुमार ने उन पार्ट के शुद्धता की जांच कराई तो सभी पार्ट नकली निकले। पार्ट की शुद्धता शून्य पाई गई। आरोपी को फोन करके जानकारी दी तो गाली दी और पवन कुमार को जान से मारने की धमकी देकर फोन बंद कर लिया। पीड़ित ने बताया कि बाद में गोरखपुर जाकर जानकारी की तो पता चला कि आरोपी मुकेश ने किसी अन्य व्यापारी की फर्म का नाम, जीएसटी नंबर व पता इस्तेमाल करके फर्जी विजिटिंग कार्ड बनवा रखा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मुकेश सराफ पर धोखाधड़ी, कूट रचना व धमकी देने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।

# सीडब्लूसी ने एसआई को प्रतिबन्धित किया, प्रशिक्षण मे भेजने को लिखा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने पैकोलिया थाना के उप निरीक्षक को 6 माह के लिए सीडब्लूसी के समक्ष प्रतिबंधित कर दिया है, इतना ही नही पुलिस कप्तान को पत्र भेजकर कहा है की उक्त उप निरीक्षक का जे जे एक्ट का अनिवार्य प्रशिक्षण कराया जाय, एवं इस अवधि में उप निरीक्षक को बाल अधिनियम से संबंधितकोई भी विवेचना ना दी जाय। बताते चले की उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिक बेटी के घर से गायब हो जाने की सूचना मुकामी थाना में दी थी, पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए बालिका को बरामद भी कर लिया।

बालिका के बरामदगी के बाद मामले के विवेचक अभोरिक यादव ने बालिका को न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया, प्रस्तुत करते समय उप निरीक्षक ने वर्दी पहन रखी थी, वही बालिका के साथ उनका व्यवहार बाल मित्र की जगह असामान्य रहा। सुपुर्दगी की कार्यवाही के दौरान विवेचक प्रक्रिया का पालन करने में भी अक्षम रहे, जब न्याय पीठ के सदस्य के द्वारा उनसे पूछ ताछ की गयी तो उन्होंने बताया की मुझे प्रक्रिया की जानकारी ही नही है, थाने से मुझे भेज दिया गया इसलिए मै चला आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडब्लूसी के चेयरपर्शन प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने निर्णय लिया की इस उप निरीक्षक के द्वारा विवेचना किये जाने से बालिका का सर्बोच्च हित प्रभावित होगा। इस विषय पर एक राय होने के बाद न्याय पीठ के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया की,विवेचक को बाल अधिनियम 2015 का अनिवार्य प्रशिक्षण कराया जाय, बिना प्रशिक्षण पूर्ण हुए इन्हे बाल अधिनियम से सम्बंधित सभी प्रकार के कार्यो से दूर रखा जाय।उप निरीक्षक को बालक, बालिकाओं से सम्बंधित विवेचना ना दी जाय और इन्हे सी डब्लू सी के समक्ष 6 माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाय। इस आशय का आदेश पुलिस कप्तान को करने के साथ ही कृत कार्यवाही से न्याय पीठ को अवगत कराने के लिए भी लिखा गया है। इस संबंध मे पूछने पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने कहा की बालक, बालिका का सर्वोच्च हित हमारे लिए सर्वोपरि है, इसके साथ खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को भी नही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी मात्रा में सरकारी दवा पड़ी मिली कूड़े के ढेर में



**कोंच(जालौन)-** सरकारी स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। बुधवार की शाम नगर की रिहायशी बस्ती से बाहर कैलिया बाईपास से नदीगांव को जोड़ने वाले लिंक रोड पर नारायणपुरी मंदिर के समीप कूड़े के ढेर में सरकारी दवा 'एल्बेंडाजोल' के सैकड़ों पैकेट पड़े हुए मिले। सरकारी दवाइयों के इस तरह खुले में पड़े होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। बताया गया कि एल्बेंडाजोल दवा आमतौर पर बच्चों और बड़ों को कृमि नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित की जाती है। लेकिन बड़ी मात्रा में इन दवाइयों का कूड़े के ढेर में पड़ा मिलना हैरत भरी बात है। लोगों का कहना है कि यदि ये दवाइयां जरूरतमंदों तक पहुंचतीं तो संबंधित लोगों को लाभ मिल सकता था लेकिन इस तरह फेंक दिए जाने से सरकारी दवा की बर्बादी सामने आ रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये दवाइयां किस स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित हैं और इन्हें यहां किसने और किस मंशा से फेंकी हैं। लोगों ने इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो। वहीं इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अनिल शाक्य ने कहा है कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस कर्मियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ



**कोंच(जालौन)-** कोतवाली परिसर में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने कोतवाली प्रभारी सहित उप निरीक्षकों एवं पुलिसकर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी ने कहा कि नशा आज समाज के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इससे व्यक्ति का स्वास्थ्य तो प्रभावित होता ही है, साथ ही परिवार और सामाजिक व्यवस्था पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और आमजन को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्त समाज बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, अभिषेक भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### चकबंदी की नकल देने के नाम पर लेखपाल पर रुपये लेने का आरोप

#### पीड़ित ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**ललितपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बमरोला निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल पर चकबंदी की नकल देने के नाम पर अवैध रूप से रुपये लेने और बाद में अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बमरोला निवासी मुलायम पुत्र स्व.शिवलाल ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका गांव चकबंदी क्षेत्र में आता है। आरोप है कि मौजा देहा के लेखपाल प्रवेन्द्र यादव से पहले चकबंदी की नकल ली थी, जिसके बदले लेखपाल ने उससे रुपये ले लिए थे। पीड़ित का कहना है कि 11 अगस्त 2025 को जब उसने एक खाते की नकल मांगी तो लेखपाल ने दोबारा खर्चा देने की बात कही। इस पर पीड़ित ने बताया कि वह पहले ही रुपये दे चुका है और उसके पास अतिरिक्त पैसे नहीं हैं। आरोप है कि इस बात पर लेखपाल ने उसे डांटकर भगा दिया और अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर संबंधित लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और लिए गए रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

# बार संघ चुनाव: नामांकन वापसी के बाद प्रमुख पदों पर मतदान 16 मार्च को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** बार संघ कोंच के चुनाव में कुल 22 पदों के लिए 35 नामांकन दाखिल किए गए थे। तहसील परिसर स्थित बार भवन की लाइब्रेरी में बुधवार को ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा की देखरेख में निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, वीरेंद्र जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर, महेंद्र निरंजन, नरसिंह गहरवार ने सुबह साढ़े दस बजे नामांकन वापसी की प्रक्रिया शुरू कराई जो शाम चार बजे तक चली। नाम वापसी के बाद कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ जबकि अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष दस वर्ष से कम, संयुक्त सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 16 मार्च को मतदान कराया जाएगा। अध्यक्ष पद पर चार अधिवक्ता प्रत्याशियों में से राकेश तिवारी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है जिसके चलते अब अमरबाबू पाठक, ओमप्रकाश अग्रवाल व जितेंद्र सिंह गुर्जर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। महामंत्री पद पर नरेशचंद्र राजपूत व रामबाबू निरंजन ने नामांकन वापस लिए, इस पद पर अभिनीत कुमार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह यादव व रामबाबू निरंजन के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष (दस साल से अधिक) पर मुकेश कुमार कुशवाहा के नामांकन वापस लेने के बाद दो पदों के लिए अवधेश कुमार चौधरी व देवेंद्र कुमार निर्विरोध चुन लिए गए। उपाध्यक्ष (दस साल से कम) के एक पद पर दो लोगों सज्जीत कुमार व साकेत चतुर्वेदी के बीच मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद पर रुचि रस्तोगी के मैदान से हटने के बाद सुधीर कुमार द्विवेदी व अमित श्रीवास्तव के बीच सीधा मुकाबला होगा। संयुक्त सचिव के तीन पदों हैं जिनके लिए पांच नामांकन दाखिल हुए थे, जितेंद्र कुमार कुशवाहा के नामांकन वापस ले लेने के बाद अवनीश कुमार बूटौलिया, राघवेंद्र सिंह निरंजन, संजय कुमार निरंजन व जितेंद्र सिंह के बीच टक्कर होगी। सामान्य सदस्य (पंद्रह साल के अधिक की प्रेक्टिस) के छह पदों के लिए छह लोगों रामलखन कुशवाहा, अनिल कुमार गुप्ता, हरीप्रकाश स्वर्णकार, कुलदीप नारायण सौनकिया, अनिल पटेरिया व सुवीर निरंजन पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए थे जबकि सामान्य सदस्य (पंद्रह साल से कम) के छह पदों के लिए सातवें प्रत्याशी जितेंद्र कुमार के नामांकन वापस ले लेने के बाद ये सदस्य देवेश कुमार, इंद्रजीत सिंह, विश्वेश शर्मा, अनिल कुमार वर्मा, वरुण चड्ढा, खुशबू जाटव भी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन नहीं हो सका है उन पदों के लिए 16 मार्च को सुबह साढ़े दस से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### वाराणसी में 13 मार्च को पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह आयोजित

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी आशुतोष चौधरी ने अवगत कराया है कि पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 39 जीटीसी वाराणसी द्वारा दिनांक 13 एवं 14 मार्च 2026 को 39 गोरखा ट्रेनिंग सेन्टर, स्टेशन हेडक्वार्टर वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा दिवंगत सैनिकों की विधवाओं को आमंत्रित किया गया है। समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सहायता के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें स्पर्श आउटरीच स्टॉल, पेंशन ग्रीवांस स्टॉल, ईसीएचएस योजना, मेडिकल कैम्प, रिकार्ड ऑफिस कैम्प तथा जॉब फेयर शामिल हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वीर नारियों, वरिष्ठ पूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों की विधवाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। जनपद के पूर्व सैनिकों को इस रैली में सम्मिलित होने हेतु 39 जीटीसी वाराणसी द्वारा बस की व्यवस्था की गई है। यह बस दिनांक 13 मार्च 2026 को प्रातः 7:00 बजे बढ़ौली चौराहा, राबर्ट्सगंज से प्रस्थान करेगी तथा सायं 5:00 बजे सभी पूर्व सैनिकों को पुनः बढ़ौली चौराहा, राबर्ट्सगंज वापस छोड़ देगी।

# संगीत के बीच पुष्पवर्षा कर महिलाओं ने किया सखी होली मिलन कार्यक्रम





### ●अवध बिहारी लाल मंदिर में राठौर सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** राठौर समाज सेवा समिति कोंच द्वारा चंदकुआ स्थित राठौर समाज द्वारा संचालित अवधबिहारी लाल महाराज मंदिर परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह के अंतर्गत महिला सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में प्रतिष्ठापित भगवानजी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ हुई, तदोपरांत उपस्थित महिलाओं व युवतियों ने साज-बाज के साथ होली के पारंपरिक गीत गाते हुए नृत्य किया और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व पुष्पवर्षा कर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधने और आपसी एकता व भाईचारे का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान्न वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राठौर सेवा मंडल महिला इकाई की जिलाध्यक्ष सेठ शालिनी राठौर ने किया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री श्वेता राठौर, अनुष्का राठौर, राठौर धर्मादा समिति के अध्यक्ष रोहित राठौर, मंत्री धर्मेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह राठौर एड., डॉ कमलेश राठौर उरई, दिलीप राठौर, अनूप राठौर, राजेश राठौर, पंकज राठौर, मंजेश राठौर, लक्ष्मी देवी, राजेश्वरी, प्रीति राठौर, किरण राठौर, रचना, ज्योति, सुमित, अनीता, मिलन, स्नेहा, रानी, रचना, संजीव राठौर उरई आदि मौजूद रहे।

# शक्तिनगर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ, जन जागरूकता पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर/सोनभद्र** – महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर ( दिन- रात) के प्रथम दिवस का शुभारंभ दिनांक 11 मार्च 2026 को चिल्काडांड ग्राम स्थित पंचायत भवन में हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर ग्राम प्रधान चिल्काडांड हीरालाल ने मुख्य अतिथि के रूप में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय बाहुल्य इस ग्राम में शिक्षा का अभाव और नशाखोरी एक गंभीर समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए जन जागरूकता एक आवश्यक उपाय है जो राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सफलतापूर्वक किया जा सकता है। एनएसएस के स्वयंसेवक अपने इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें ताकि समय रहते एक स्वस्थ समाज को संरक्षित किया जा सके। समारोह के विशिष्ट अतिथि एनसीएल



खड़िया सीएसआर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि समाज को नशाखोरी से बचाना आज सबसे बड़ी चुनौती है जिसके समाधान में इस शिविर के स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस प्रयास में एनसीएल खड़िया सक्रिय योगदान देने को तैयार है। संस्था के प्रभारी डॉ0 प्रदीप कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में जन जागरूकता की आवश्यकता है क्योंकि बहुसंख्यक लोग जानकारी के अभाव में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपनी भूमिका निभाकर उन्हें जागरूक बना सकते हैं । इसके पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय ने सात दिवसीय शिविर (दिन- रात) के 7 दिन तक चलने वाले कार्ययोजना को प्रस्तुत किया और इस संबंध में विश्वविद्यालय के गाइड लाइन से स्वयंसेवकों को परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 छोटेलाल प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने स्थानीय प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया जिसमें मुख्य रूप से एसआईआर में आने वाली दिक्कतों के समाधान पर चर्चा हुई। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस गीत, गजल ,भजन व अन्य लोकगीत प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि इस शिविर में इकाई प्रथम एवं तृतीय के 50-50 कुल 100 स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में डॉ0 मनोज कुमार गौतम, डॉ0 मनिंदर कुमार डिसूजा, रविकांत कुशवाहा, अमित कुमार सिंह, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान दिव्या कुमारी, खुशी वर्मा, काजल मेहता, अन्जना पूर्ति, प्रिया अग्रहरि, रोशनी चौधरी, पूजा यादव, रूबि खातून, प्रभा सोंधिया, ने अग्रणी भूमिका निभाई।

# एसपी ने गूगल मीटिंग में की पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

### ●त्यौहारों को लेकर भी दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, शाखा व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी, जिसमें दो-दो पालियों में कुल चार पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए जिले में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एसपी ने निर्देश दिए कि भर्ती बोर्ड और उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए परीक्षा को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा के दौरान जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों तथा सचल दलों की ड्यूटी लगाई गई है। साइबर सेल और पुलिस टीमें लगातार भ्रमण कर फोटोकॉपी व अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि जाम जैसी समस्या न हो।

बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पुलिस सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही चेतक मोबाइल, सेकेंड मोबाइल और बस मोबाइल को अतिरिक्त ड्यूटी पर लगाया गया है, जो जरूरत पडने पर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करेंगे। बैठक में आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर आयोजकों से संवाद करने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने ई-रिक्शा चालकों के सत्यापन, आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के निपटारे, सोशल मीडिया निगरानी और हाईवे पर गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए। साथ ही संभावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए तैयारियों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षा और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### रेलवे ट्रेक किनारे घायलावस्था में मिला तेंदुआ, हुयी मौत

**ललितपुर।** रेलव ट्रैक के किनारे एक तेंदुआ घायल मिला। घायल तेंदुए को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। लोगों को देखकर तेंदुए ने उनकी ओर झपटने की कोशिश की। इधर-उधर भागता रहा। घायल होने की वजह से वह थोड़ी दूर चल के फिर जमीन पर गिर गया। थोड़ी देर बाद तेंदुआ बेहोश हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल तेंदुए को बेहोशी की हालत में पशु चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए के ट्रेन से टकराने की आशंका जताई है। जखौरा और बिजरौठा स्टेशन के बीच पोल नंबर 1098 के पास रेलवे ट्रैक किनारे बुधवार को करीब 9 बजे एक तेंदुआ घायल हालत में मिला। स्थानीय लोगों ने रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस बीच घायल तेंदुआ लोगों को देखकर घसीटते हुए इधर-उधर भागता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को अपने आस-पास देखकर तेंदुआ लंगड़ाते हुए दौड़ा। कुछ दूर बाद फिर जमीन पर गिर गया। इसके बाद बेहोश हो गया। स्टेशन अधीक्षक ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। करीब आधे घंटे बाद वन विभाग, जीआरपी, आरपीएफ और थाना जखौरा पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। तेंदुए को रेस्क्यू कर खौरा रेंज ले गए। वहां पशु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच का बुधवार को लखनऊ से आई कायाकल्प टीम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण टीम में लखनऊ से आए डॉ. तारिक अंसारी के साथ नामित सदस्य शामिल रहे। टीम ने कायाकल्प योजना के तहत अस्पताल के विभिन्न वार्डों/विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दवा कक्ष, लैब प्रयोगशाला, चिकित्सक कक्ष, लेबर रूम, एनसीडी कक्ष, एक्स-रे रूम, शौचालय सहित समूचे सीएचसी परिसर का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति, रिकॉर्ड संधारण व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर टीम ने संतोष जताया, हालांकि कुछ व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दिए।टीम ने लैब के बाहर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए ताकि मरीजों और तीमारदारों को प्रयोगशाला तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल शाक्य, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सविता पटेल, डॉ. के.के. भार्गव आदि मौजूद रहे।

# एससी/एसटी एक्ट: तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

### ●60- 60 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

### अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी

### - साढ़े 11 साल पूर्व पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में किए गए सामुहिक दुष्कर्म का मामला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** साढ़े 11 साल पूर्व पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में सामुहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तीन दोषियों को एससी/एसटी एक्ट में दोषसिद्ध पाकर उम्रकैद की सजा सुनाई। उनके ऊपर 60-60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला (पीड़िता) ने एसीजेएम कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। विपक्षीगण नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना कराए जाने की मांग की थी। अवगत कराया था कि उसके पति शाहगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी नंदलाल व कांग्रेस के साथ एक माह पूर्व काम के सिलसिले में गए थे। घटना 22 जुलाई 2014 की है। उसके घर पर नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति मैजिक गाड़ी से आए और कहा कि उसके पति दुर्घटना में घायल हो गए हैं उन्हें करमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ पैसे का प्रबंध करके साथ चलने को कहा तो उनकी बातों पर विश्वास करके घर में रखा 8 हजार रुपये लेकर चल दी। वे लोग उसे लेकर एक विद्यालय में चले गए। जब उसने कहा कि यहां क्यों लाए हो तो जाति सूचक शब्दों से गाली देने लगे और अकेला पाकर जबरन बारी बारी से तीनों ने उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहीं अकेले छोड़कर चले गए। इसकी सूचना तत्काल करमा थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर तीनों के विरूद्ध 5 सितंबर 2014 को दुष्कर्म, लूट, एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया। सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर नंदलाल, कांग्रेस व विनय सिंह के विरुद्ध कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों नंदलाल, कांग्रेस तथा विनय सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 60-60 हजार रूपये अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर तीनों को 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

# नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण पुलिस परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन तैयार, 13 को होगी रिहर्सल : डीएम

### ●चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पेहरा,बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्रों में किसी को नहीं मिलेगा प्रवेश : एसपी

### परीक्षा हेतु तैनात सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहेंगे

### केन्द्र में प्रवेश से पूर्व सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व अभ्यर्थियों की होगी सघन तलाशी, बिना आईडी कार्ड के नहीं मिलेगा प्रवेश

### परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर रहेगी पाबंदी, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में 14 व 15 मार्च को 8 सेंटरों पर आयोजित होने वाली उ.प्र. उप निरीक्षक परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक (प्रशासन एवं संस्था द्वारा नामित), परीक्षा सहायकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं यथा साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा कक्ष में किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

अधिकारियों, कर्मचारियों व परीक्षार्थियों की चैंकिंग की जाएगी, साथ ही स्मार्ट घड़ी, चश्मा, ब्लूटूथ डिवाइज या कोई अन्य डिवाइज ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में सही परीक्षार्थी ही परीक्षा देंगे, इसके लिए फेस रिकॉग्नाईजेशन पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने व चिकित्सा विभाग को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है जो परीक्षाओं को निर्बाध संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाएगा। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पेहरा रहेगा, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 14 व 15 मार्च को 8 परीक्षा केन्द्रों पर उ0प्र0 उप निरीक्षक परीक्षा-2026 सम्पन्न करायी जानी है, परीक्षा दो पालियों में संपन्न होंगी, जिसमें 7500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिस हेतु जिला प्रशासन ने कमर कस ली है और 13 मार्च को परीक्षा की रिहर्सल होगी। इसके लिए केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी जरुरी इंतजाम किये गए हैं, केन्द्र के भीतर मोबाइल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों सहित डयूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारियों का वैरिफिकेशन व सघन तलाशी ली जाएगी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से परीक्षा की शुरुआत से लेकर परीक्षा समाप्त होने के बाद तक की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एएसपी कालू सिंह, एडीएम न्यायायिक, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक (प्रशासन एवं संस्था द्वारा नामित), परीक्षा सहायक व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मां कर्मा देवी का 1010वां जन्मोत्सव और विशाल शोभा यात्रा 15 मार्च को

**ललितपुर।** साहू समाज द्वारा समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी का 1010वां जन्मोत्सव चैत्र कृष्ण एकादशी के पावन अवसर पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों और एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार, 15 मार्च 2026 को सुबह 8.30 बजे से विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा श्री गोपेश्वर मन्दिर (कर्माबाई नगर, सागर रोड) से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख स्थलों में श्री रामराजा मन्दिर, सावरकर चौक, घंटाघर, तुवन चौराहा, वर्णी चौराहा से होते हुए क्षेत्रपाल मन्दिर पुराना सूचना केन्द्र से श्री राधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती पर पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 मार्च (शनिवार) को सायं 7 बजे से श्री राधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती में श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा। 15 मार्च (रविवार) सुबह शोभा यात्रा के पश्चात दोपहर 12 बजे से श्रीराधाकृष्ण मन्दिर, नईबस्ती में ध्वजारोहण, माल्यार्पण, हवनोत्सव और विशाल प्रसाद भण्डारा आयोजित किया जाएगा। साहू समाज समिति ललितपुर ने सभी स्वजातीय बंधुओं, माताओं और बहनों से निवेदन किया है कि इस अवसर पर अपने प्रतिष्ठान और कारोबार बंद रखकर सपरिवार कार्यक्रमों में सम्मिलित हों। शोभा यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को नारियल और कलश गोपेश्वर मन्दिर से प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### एलपीजी गैस आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए कॉल सेंटर स्थापित



**0512-2988763 तथा 6394616122 (व्हाट्सएप नंबर) पर करें शिकायत**

**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी (सिविल सप्लाई) राजेश कुमार ने बताया कि एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इस कॉल सेंटर का दूरभाष नंबर 0512-2988763 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मोबाइल नंबर 6394616122 भी जारी किया गया है, जिस पर आमजन एलपीजी गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं तथा कालाबाजारी से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध करा सकते हैं। इस मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिकायत या सूचना भेजी जा सकती है। प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं सूचनाओं पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने मनाया अपना 57 वॉ स्थापना दिवस



**घाटमपुर।** घाटमपुर पावर प्लांट में जिम्मा संभाल रही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने अपने बल का 57 वॉ स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया, ईकाई प्रभारी उपसमादेस्टा,,, उप कमांडेंट सूरज राय ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक असाधारण प्रगति की हैं, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने शून्य शिखर तक का सफर तय किया, जिसमें हवाई अड्डा सुरक्षा, मैट्रो प्रोटेक्शन और रेड कारिडोर अभियानों का विस्तार प्रमुख हैं,,यह बल देश की आर्थिक व आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तम्भ बना हैं,1969 में 2800 सौ जवानों से शुरू होकर अब 1,77000 जवानों तक पहुंच गया है,अभी भी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एयरपोर्ट सुरक्षा डो?न निगरानी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान शामिल हैं,57?वर्षो में वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 से अधिक पदक प्राप्त किए हैं,, वर्तमान में 361 महत्वपूर्ण संस्थानों सहित 70,हवाई अड्डों, बंदर गाहों, मैट्रो रेल,परमाणु संयंत्रो, और ऐतिहासिक स्मारकों, जैसे ताजमहल,की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है,अभी बल को प्रतिदिन नई जिम्मेदारियां मिल रही है, नक्सलवाद उन्मूलन 31 मार्च 2026 तक लक्ष्य है, निजी क्षेत्रों को हाइब्रिड, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, अंत में ईकाई प्रभारी उपसमादेस्टा,, उप कमांडेंट,, सूरज राय द्वारा शुभकामनाएं और बधाई संदेश के साथ अपना भाषण समाप्त किया गया,,जय हिन्द।

### एनएसएस शिविर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने महाविद्यालय परिसर में जामुन, नीम, अमरूद आदि के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होने कहा कि वृक्ष धरती की अनमोल धरोहर हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना सम्भव नहीं है। वहीं उन्होने बढ़ते जल संकट पर भी चर्चा करते हुए जल, जंगल व जमीन के संरक्षण पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ0 ऋचासु कुमार ने शिविरार्थियों से पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता की बात रखी। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस के जिला नोडल एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 गंगाधर मिश्र, डॉ0 निशान्त पाण्डेय, डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 सत्येन्द्र तिवारी, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 अभिषेक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**● जनपद में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य, अफवाहों पर न दें ध्यान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जनपद में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में की। इस दौरान क्रूड ऑयल, पेट्रोल-डीजल और घरेलू एलपीजी की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम (सिविल सप्लाई) राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार सिंह तथा पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सामान्य है। वर्तमान में जनपद में एलपीजी के कुल 11,44,075 सक्रिय उपभोक्ता हैं, जिनमें आईओसीएल के 7,15,814, बीपीसीएल के 2,21,252 और एचपीसीएल के 2,07,009 उपभोक्ता शामिल हैं। सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति घरेलू सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग करते हुए पाया जाए तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि सिलेंडरों की आपूर्ति फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर की जाए। जिस उपभोक्ता की बुकिंग पहले हो, उसे प्राथमिकता के आधार पर पहले सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं के घर पर ही की जाएगी और ओटीपी व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी आने की आवश्यकता नहीं है।

### जल जीवन मिशन की पाइपलाइन से पानी की बर्बादी, चेम्बर बना बच्चों का 'स्विमिंग पूल'

**महरौनी।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में लापरवाही सामने आ रही है। महरौनी विकासखंड की ग्राम पंचायत मिदरवाहा में पाइपलाइन के चेम्बर से लगातार भारी मात्रा में पानी रिस रहा है, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार पाइपलाइन के चेम्बर में काफी समय से लीकेज बना हुआ है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। चेम्बर से लगातार निकल रहे पानी के कारण वहां गड्ढेनुमा जगह में पानी भर गया है, जो आसपास के ग्रामीण बच्चों के लिए मानो स्विमिंग पूल बन गया है। बच्चे उसी पानी में नहाते और खेलते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार जल संरक्षण और जल बचाने के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी यूं ही बहकर बर्बाद हो रहा है। इससे जल संरक्षण के प्रयासों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई करें : पुलिस उपायुक्त अपराध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्रवण कुमार सिंह द्वारा अपराध शाखा कार्यालय में सर्विलांस एवं स्वाट टीम के कार्यों का विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस उपायुक्त उन्होंने टीमों द्वारा किए जा रहे अभियानों, तकनीकी माध्यमों से की जा रही निगरानी तथा अपराधियों की धरपकड़ से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सक्रिय इनामिया एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने NDPS अधिनियम से संबंधित अपराधों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्यवाही करने, मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त गिरोहों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाने तथा इस प्रकार के अपराधों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित जांचों की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी लंबित जांचों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण किया जाए, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी परिणाम प्राप्त हो सकें।

## महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी एवं अनिता गुप्ता ने की जनसुनवाई, 10 प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी एवं अनिता गुप्ता ने बुधवार को जनपद कानपुर नगर में महिला जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थानीय सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से सुनवाई की गई। जनसुनवाई में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें घरेलू हिंसा, ससुराल पक्ष द्वारा उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, मारपीट तथा अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। आयोग की सदस्यों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों की संवेदनशीलता के साथ जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शकुंतला देवी पत्नी देवेंद्र विश्वकर्मा ने अपने देवर द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। शालू पत्नी राघवेंद्र सिंह ने अपने पति द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ना किए जाने की बात कही। निशात पुत्री जावेद ने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की, जबकि निधि शर्मा पुत्री नागेंद्र शर्मा ने अपने ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट एवं मानसिक उत्पीड़न किए जाने की शिकायत आयोग के समक्ष रखी। आयोग की सदस्यों ने सभी मामलों में संवेदनशीलता के साथ जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सदस्य पूनम द्विवेदी ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अन्याय की स्थिति में बिना भय के अपनी शिकायत आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।

# कानपुर में कुकिंग गैस के लिए लाइन में भीड़, काला बाजारी के खिलाफ डीएम की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मध्य-पूर्व के देशों में जारी युद्ध के फलस्वरूप कुकिंग गैस की आउटपुट प्रभावित होने से लोग परेशान हैं। यहां बुधवार सुबह गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सिलेंडर लेने वालों की भीड़ लंबी कतारों में दिखाई पड़ी। लोगों का कहना है कि पहले जहां गैस एजेंसियों पर रोजाना दो गाड़ियां सिलेंडर लेकर आती थीं, वहीं अब दो दिन में मुश्किल से एक गाड़ी पहुंच रही है। जानकारी के मुताबिक यही कारण है कि सप्लाई घटने के कारण एजेंसियों पर सिलेंडर जल्दी खत्म हो जा रहे हैं। कई उपभोक्ता सुबह से लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। यहां कहीं बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा तो किसी एजेंसी का सर्वर न आने की वजह से बंटने का काम रुका हुआ है। इसके अलावा एजेंसियों में जहां रोज दो गाड़ी आती थी। वहीं, इस समय दो दिन में महज एक गाड़ी पहुंच रही है। सप्लाई घट गई है।

यही हालत हसील बिल्हौर के भी हैं। यहां स्थित एचपी गैस एजेंसी बुधवार सुबह से अब तक बंद पड़ी है। एजेंसी का ताला नहीं खुला और किसी भी कर्मचारी का फोन भी नहीं लग रहा है। एजेंसी के बाहर उपभोक्ता भी नजर नहीं आए, जो भी ग्राहक सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, ताला बंद देखकर वापस लौट जा रहे हैं। मौके पर मिले कस्बा निवासी संजय त्रिपाठी ने बताया कि वह बुधवार को एजेंसी आए थे, तब कर्मचारियों ने गुरुवार को सिलेंडर देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि वह गोदाम भी गए थे, जहां कर्मचारियों ने लोड आने के बाद सिलेंडर देने की बात कही है। फिलहाल समस्या के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर यहां के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चेतावनी दी है कि कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी। मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने फांसी लगा कर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के डुमरियागंज कस्बे में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने मकान के एक कमरे के अंदर पंखे रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी हैं, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 कृष्णा नगर निवासी कल्लु के पुत्र अबराक 30 वर्षीय की शादी लगभग एक वर्ष पहले वासा गांव में हुई थी। बताया जाता हैं कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच हमेशा विवाद होता रहता था। मृतक की पत्नी हुदा अक्सर मायके जाने को लेकर पति से झगड़ा करती थी और अपने भाई को बुलाकर मायके चली जाती थी। करीब तीन महीने पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा था। उस समय पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था।

समझौते के बाद पत्नी अपने भाई के साथ मायके चली गई, जबकि अबराक काम करने के लिए मुंबई चला गया। मृतक के भाई मोहम्मद शमशाद ने आरोप लगाया है कि अबराक की सास और साला उसे लगातार प्रताड़ित करते थे। कुछ दिन पहले ससुराल पक्ष ने अबराक को फोन कर बताया कि उसकी पत्नी की डिलीवरी होने वाली है, जिसके बाद वह मुंबई से घर लौट आया। परिजनों के मुताबिक, अस्पताल में पत्नी की डिलीवरी होने के बाद फिर से विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इस दौरान सास और साले ने अबराक के साथ मारपीट और झगड़ा किया। किसी तरह वह वहां से अपने घर लौट आया, लेकिन ससुराल पक्ष की कथित प्रताड़ना से आहत होकर उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव का कहना हैं कि शव को पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं और मामले की जांच की जा रही हैं।

## एनएसएस युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है: प्रो. ए के सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद एवं रानी लक्ष्मीबाई इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर परिसर की साफ-सफाई एवं व्यायाम से हुई। इसके पश्चात नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ छात्र-छात्राओं ने शिविर स्थल से गांधीनगर वार्ड नंबर 10 एवं शिवनगर वार्ड नंबर 09 होते हुए गोलघर शोहरतगढ़ तक जन जागरूकता रैली निकाली और मार्ग में स्वच्छता अभियान भी चलाया। दोपहर बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में नशा मुक्त भारत एवं सामाजिक चेतना का सशक्तिकरण विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है।कार्यक्रम की अगली कड़ी में नशा मुक्ति और युवा विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें दोनों इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, कविताएँ एवं उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियाँ हुई। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठे-उठे' तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ, जिसने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण बना दिया। उक्त कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ए0 के0 सिंह एवं डॉ राम किशोर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

### बीमा सहायता का चेक पाकर जताया आभार




**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का चेक पाकर मृतक आश्रित के चेहरे पर खुशी छा गयी। सांगीपुर क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी सुरेश कुमार सिंह एसबीआई सगरा सुंदरपुर में खाताधारक थे। उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा भी हुआ था। एक दुर्घटना में बीते वर्ष 16 नवंबर को सुरेश कुमार की मौत हो गयी। इसकी जानकारी होने पर बैंक शाखा की ओर से बुधवार को मृतक की पत्नी पुष्पा को बीमा योजना के तहत दो लाख रूपये का चेक सौंपा गया। चेक पाकर मृतक आश्रित ने बैंक प्रबन्धन के प्रति आभार जताया। बैंक शाखा प्रबन्धक सुशील कुमार दुबे ने कहा कि सरकार की यह कल्याणकारी योजना है। इसके तहत हर खाताधारक को चार सौ छत्तीस रूपये का बीमा अवश्य कराना चाहिए। इस मौके पर सहायक प्रबंधक कोमल, सपना राजपूत, सत्यम आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नाबार्ड द्वारा महिला उद्यमियों का किया गया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाबार्ड प्रतापगढ़ द्वारा बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, गोंडे परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट तथा मोमबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को आमंत्रित अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रेमलता सिंह मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद अनुभा पांडे, प्रधानाचार्य स्प्रिंग डेल्स सेकेंड्री स्कूल तथा युवा उद्यमी, योगा-फिटनेस हेल्थ एक्सपर्ट अंकिता केसरवानी को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव शुक्ला द्वारा सम्मान प्रदान किया गया।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रवि रंजन, क्रिसिल फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारी अख्तर मसूद, फैकल्टी सदस्य संजीव कुमार, अमृता दुबे, शांतनु शेखर सिंह, गायत्री सिंह, शिवम श्रीवास्तव, अंकित चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन शिशिर खरे द्वारा किया गया।नाबार्ड द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 90 महिलाओं को उपहार प्रदान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने प्रशिक्षार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। हेल्थ एक्सपर्ट अंकिता केसरवानी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य उत्तम धन है। स्वास्थ पर ध्यान देकर आत्मसम्मान के साथ स्वरोजगार करते हुए जीवन में सुख शान्ति संवृद्धि प्राप्त सकते हैं। शिक्षाविद अनुभा पांडे ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय दिवस की महत्ता और भारत में छोटे-छोटे लघु उद्योगों के विकास में महिलाओं की योगदान की सराहना की। डीडीएम नाबार्ड अनुभव शुक्ला ने कहा कि आरसेटी, जिला प्रशासन तथा बैंक हमेशा महिला उद्यमियों के साथ सहयोग के लिए तत्पर हैं। संचालक शिशिर खरे ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



**प्रतापगढ़।** स्टेडियम प्रतापगढ़ में चल रही कुश्ती प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 57 किग्रा,61 किग्रा,65 किग्रा 70किग्रा,74 किग्रा,79 किग्रा,86 किग्रा,92 किग्रा, 97 किग्रा,125 किग्रा भारवर्ग एवं बालिका वर्ग में 50 किग्रा,55किग्रा, 57 किग्रा ,59 किग्रा,62 किग्रा 65किग्रा,72 किग्रा,76 किग्रा के प्रत्येक भार वर्ग में चार चार प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का सफल बनाने में निर्णायक के रूप में सुधांशु तिवारी, आलोक रंजन ,अरविंद कुमार,कपिल देव गिरी,प्रिंस कुमार,तेजस और शिवा सेन रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित किया। इस मौके पर एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह उपस्थित रहे। समापन समारोह का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

## युवक की हत्या का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार व हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सोमवार को वादी निवासी ग्राम अचलपुर कादीपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के भाई को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना वादी के गांव के चाचा को मोबाइल फोन के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर वादी अपने अन्य पड़ोसियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां वादी के भाई का शव पड़ा हुआ मिला तथा मौके पर पुलिस पहले से ही मौजूद थी। प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सुनियोजित ढंग से हत्या किया जाना प्रतीत होता है। इस संबंध में थाना दिलीपपुर पर मु0अ0सं0 46/26 धारा 103 (1) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया।थाना प्रभारी दिलीपपुर बलराम सिंह मय हमराह व स्वॉट टीम प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुमार चौरसिया द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश में थाना दिलीप पुर से संबंधित एक अभियुक्त सद्दाम पुत्र स्व0 शान मोहम्मद निवासी ग्राम अचलपुर कादीपुर थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को घटना में प्रयुक्त पिस्टल 32 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत चौखड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

## विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है : कुलपति प्रो. कविता शाह

**● सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में कला संकाय भवन के विस्तारीकरण के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में बुधवार को कला संकाय भवन के विस्तारीकरण के लिए विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने पूजन-अनुष्ठान कर निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारम्भ किया। प्रस्तावित विस्तारित भवन दो मंजिला होगा, जिसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त कुल आठ स्मार्ट लेक्चर कक्ष (चार भूतल तथा चार प्रथम तल पर) बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भवन में अग्निशमन, जल आपूर्ति तथा स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शौचालय सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि कला संकाय भवन का यह विस्तारीकरण विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक स्मार्ट लेक्चर कक्षों और उन्नत अधोसंरचना के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त होगा, जिससे उनके अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और तकनीक-सम्मत बनेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



कार्यवाहक कुलसचिव दीनानाथ यादव ने कहा कि नए विस्तारित भवन के निर्माण से कला संकाय की शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा विश्वविद्यालय के समग्र शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. नीता यादव, वाणिज्य संख्या के अधिष्ठाता प्रोफेसर सौरव विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. प्रकृति राय, पूर्व अधिष्ठाता प्रो. हरीश कुमार शर्मा, हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सत्येंद्र दुबे डॉ. विमल वर्मा डॉ संतोष सिंह सहित निर्माण कार्य से जुड़े अभियंता, विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ रविकांत शुक्ला, डॉ हृदयकांत पांडेय डॉ. जय सिंह यादव, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इतिहास राष्ट्र की सामूहिक



### स्मृति है, इसे प्रमाणों तथा शोध के आधार पर समझना जरूरी- प्रोफेसर इंदू भूषण द्विवेदी

#### इतिहास विज्ञान आधारित गोष्ठी संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय इतिहास संकलन समिति की जिला इकाई के तत्वावधान में जीडी बिनानी पीजी कॉलेज में बुधवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इतिहास को वैज्ञानिक दृष्टि से समझने और साक्ष्यों के आधार पर इतिहास लेखन की आवश्यकता पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर विषय पर अपने विचार रखे। गोष्ठी का विषय इतिहास विज्ञान आधारित अंत्याधुनिक दृष्टि रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष प्रोफेसर इंदू भूषण द्विवेदी ने कहा कि इतिहास राष्ट्र की सामूहिक स्मृति है और इसे प्रमाणों तथा शोध के आधार पर समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि इतिहास को साक्ष्यों की कसौटी पर नहीं परखा गया तो आने वाली पीढ़ियों को वास्तविक ऐतिहासिक दृष्टि नहीं मिल सकेगी। भारतीय इतिहास संकलन समिति का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध ऐतिहासिक स्रोतों का संकलन कर उन्हें शोध के लिए उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीडी बिनानी पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं काशी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर अशोक सिंह ने कहा कि इतिहास केवल घटनाओं का विवरण नहीं बल्कि प्रमाणों पर आधारित ज्ञान की विधा है। इतिहास लेखन में पुरातात्विक साक्ष्य, अभिलेखीय दस्तावेज, शिलालेख, साहित्यिक स्रोत और वैज्ञानिक अनुसंधान



की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन स्रोतों के समन्वित अध्ययन से ही किसी राष्ट्र की ऐतिहासिक चेतना को सही दिशा मिलती है।समिति की प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर अनुराधा सिंह ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा और ऐतिहासिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। इतिहास के अध्ययन को केवल राजनीतिक घटनाओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। समाज, संस्कृति, लोकजीवन और ज्ञान परंपरा भी इतिहास की महत्वपूर्ण धारा हैं। उन्होंने नई पीढ़ी में इतिहास के प्रति जिज्ञासा और शोध की भावना विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शशिधर शुक्ला ने किया ।इस अवसर पर डॉ ध्रुव जी पांडे, डॉ ऋषभ कुमार और श्याम मोहन उपाध्याय,प्रो राजेश पाण्डेय ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में इतिहास के क्षेत्र में शोध, दस्तावेजीकरण और स्थानीय ऐतिहासिक स्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया।

### दिल्ली हाई कोर्ट में खाना बनाने की मुश्किल, LPG गैस की कमी से कैंटीन ने मेन कोर्स बंद

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के युद्ध के कारण एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी का असर दिल्ली में भी दिखाई देने लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट में वकीलों की कैंटीन में एलपीजी गैस सिलेंडर न होने की वजह से कुछ समय के लिए मेन कोर्स का खाना देना बंद कर दिया है। कैंटीन प्रबंधन की तरफ से जारी एक नोटिस में बताया गया कि एलपीजी की कमी की वजह से खाना बनाना नामुमकिन हो गया है। कैंटीन प्रबंधन ने यह भी कहा कि गैस आपूर्ति दोबारा कब शुरू होगी, इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। जैसे ही गैस आपूर्ति उपलब्ध होगी, खाना बनना फिर से शुरू कर देंगे। हालांकि, अन्य रेडिमेड खाने-पीने चीजें उपलब्ध हैं।

## पहले भी हो चुके थे डिपोर्ट, फिर दिल्ली में पकड़े गए दो बांग्लादेशी नागरिक; दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**● जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, मोबाइल में प्रतिबंधित ऐप और छह बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिल्ली पुलिस की फॉरेनर सेल ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि दोनों को पहले भी भारत से डिपोर्ट किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद वे दोबारा अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कर दिल्ली में रह रहे थे।पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को फॉरेनर सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास सक्रिय हैं और अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। सूचना के आधार पर टीम ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी और लगातार सर्विलांस के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने शुरुआत में खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन उनके जवाबों में विरोधाभास और संदिग्ध व्यवहार के कारण पुलिस को उन पर शक हुआ।जांच के दौरान पुलिस ने उनके दस्तावेजों की जांच की, डिजिटल गतिविधियों का विश्लेषण किया और फोटो साक्ष्यों की पड़ताल की। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों व्यक्ति बांग्लादेश के नागरिक हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों को पिछले वर्ष उत्तराखंड से अवैध रूप से भारत में रहने के कारण डिपोर्ट किया गया था, लेकिन इसके बावजूद वे दोबारा सीमा पार कर भारत आ गए और दिल्ली में अवैध गतिविधियों में शामिल हो गए।

दरअसल, हाल ही में फॉरेनर सेल ने तीन बांग्लादेशी महिलाओं को भी डिपोर्ट किया था, जो मानव तस्करी और देह व्यापार से जुड़े रैकेट में शामिल थीं। पूछताछ के दौरान उन महिलाओं ने खुलासा किया था कि 'विकास' नाम का एक बांग्लादेशी नागरिक उन्हें अवैध तरीके से भारत लाया था और दिल्ली में उनके लिए ग्राहकों का इंतजाम करता था। इसी खुलासे के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर निगरानी शुरू की। इसी दौरान पता चला कि वही व्यक्ति और उसकी कथित पत्नी जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के आसपास सक्रिय हैं।इसके बाद पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया, जिसमें एसआई श्यामबीर, एएसआई विजय, एएसआई राजेंद्र, महिला हेड कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल दीपक बांगड़ शामिल थे।

यह टीम इंस्पेक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व में और एसीपी राजीव कुमार की निगरानी में काम कर रही थी। टीम ने इलाके में स्टिंग ऑपरेशन भी किया, जिसमें पुलिसकर्मियों ने संदिग्धों से अवैध गतिविधियों के लिए संपर्क किया। जैसे ही संदिग्धों ने सहमति जताई, पुलिस टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।तलाशी के दौरान उनके पास से दो स्मार्टफोन बरामद हुए, जिनमें प्रतिबंधित ढ्डस्न्ढ़ एप इंस्टॉल था। इसके अलावा उनके मोबाइल फोन की गैलरी से छह बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र भी मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। इन बरामदगी से यह भी पुष्टि हुई कि दोनों बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में रह रहे थे और यहां गलत गतिविधियों में शामिल थे।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए एफआरआरओ के सामने पेश किया गया, जहां से उनके खिलाफ डिपोर्टेशन की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय दिसो कुमार पाल उर्फ विकास और 27 वर्षीय रुमा बेगम के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के ढाका जिले के निवासी बताए गए हैं।

## छात्रवृत्ति और टैबलेट की मांग को लेकर बलिया में छात्रों का बड़ा प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिले में छात्रवृत्ति और टैबलेट की मांग को लेकर बुधवार को हजारों छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों और छात्र नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को छात्रवृत्ति के भरे हुए फॉर्म की हार्ड कॉपी सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह 'झुन्नू' ने कहा कि बलिया में पिछले दो-तीन वर्षों से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि छात्रवृत्ति आती भी है तो केवल करीब 10 प्रतिशत छात्रों को ही इसका लाभ मिलता है, जबकि 90 प्रतिशत छात्र इससे वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार छात्रवृत्ति के लिए बजट पास करती है, तो हर पात्र छात्र को इसका पूरा लाभ मिलना चाहिए।

छात्र नेताओं ने सरकार द्वारा छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन देने की घोषणा पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि यदि सरकार ने यह वादा किया है तो उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि छात्रों को पढ़ाई में सुविधा मिल सके।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने बलिया नगर विधानसभा के विधायक और प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी अपील की कि वे जिले के सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिलाने के लिए पहल करें। छात्र नेता अविनाश सिंह नंदन ने कहा कि उनकी दो प्रमुख मांगें हैं—पहली, सभी पात्र छात्रों के खातों में पूरी छात्रवृत्ति भेजी जाए और दूसरी, सरकार द्वारा घोषित मोबाइल फोन या टैबलेट छात्रों को उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र आंदोलन को और तेज करेंगे और अगला कदम 'छात्र कर्फ्यू' हो सकता है।

### दिल्ली में राष्ट्रीय लोक अदालत अब 22 मार्च को, क्या है नया समय और स्थान?




**नई दिल्ली।** राजधानी में 14 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत को टाल दिया गया है। दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (डीएसएलएसए) ने 22 मार्च की नई तारीख तय की है। डीएसएलएसए के मुताबिक, दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने 14 मार्च को हाई कोर्ट के तहत आने वाली सभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के लिए कोर्ट सिटिंग डे घोषित किया है। इसलिए, डीएसएलएसए के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस वी. कामेश्वर राव के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत को रीशेड्यूल करने का फैसला किया गया। नेशनल लोक अदालत अब 22 मार्च को तीस हजारी, कड़कड़डूमा, पटियाला हाउस, रोहिणी, साकेत, द्वारका और राउज़ एवेन्यू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स में होगी। इसमें तलाक के मामलों को छोड़कर, सिविल और क्रिमिनल मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

## जल जीवन मिशन के तहत 1.90 करोड़ से बनी टंकी से ग्रामीणों को मिलने लगा स्वच्छ जल

**● जल जीवन मिशन के तहत 1.90 करोड़ से बनी टंकी से ग्रामीणों को मिलने लगा स्वच्छ जल**

**भीखी सराय में हुआ जल अर्पण कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर





**अयोध्या।** जिले के बीकापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत भीखी सराय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी से अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया है। इस अवसर पर गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव में करीब एक करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। इस योजना के तहत अब तक 321 ग्रामीणों को घर-घर पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने की समस्या से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। उनके अनुपस्थित रहने पर ग्राम प्रधान ने फीता काटकर जल अर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गिरिना सिंह ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि जल ही जीवन है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कई बार लोग नल खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी बेकार बहता रहता है, ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मनुष्य, पशु-पक्षी सभी के लिए पानी अत्यंत आवश्यक है, इसलिए हमें जल को बचाकर रखना होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सहित इस योजना से जुड़े कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिद्धार्थ शंकर पांडेय, अवर अभियंता कर्मवीर गौतम विक्रम पांडेय (पंप ऑपरेटर), अनंतराम, इंजीनियर कृष्णा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस योजना को गांव के विकास और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नौकरी की तलाश अब खत्म-स्टूडेन्टस और जॉब ढूंढने वालो के लिए कम्पनियो के साथ

**● सीधे इन्टरव्यू और जॉब के बेहतरीन अवसर**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती एवं किसान डिग्री कालेज बस्ती के तत्वावधान में दिनांक- 18 मार्च 2026 दिन बुधवार को प्रातः 09 बजे से स्थान- शिव हर्ष किसान पी0जी0 कालेज-बस्ती में निःशुल्क एकदिवसीय वृहद् रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेला में देश की जानी-मानी 20 से भी अधिक प्रतिष्ठित कम्पनिया साथ ही स्थानीय नियोजक भी साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदो पर भर्ती करने हेतु आयेंगी। आने वाली कंपनियों मे प्रमुख रूप से टाटा मोटर्स लखनऊ, श्रीराम पिस्टन एवं रिंगस नोएडा, गाजियाबाद, बर्धमान टेक्सटाइल्स पंजाब, भारत शीट लिमिटेड गुजरात, नील मेटल हरियाणा, जे0बी0एम कम्पनी गुजरात, जमाटो गुड़गाव, एल.एन.टी. डस्की स्टालिन आदि कम्पनिया आईटीआई डिप्लोमा बीटेक वालों के लिय टेक्निकल/मशीन आपरेटर/फ्रेसर पदों पर नॉन टेक्निकल के लिय- 8 से 10 व 12 पास पर भर्ती करेगीं। वही आई0डी0बी0आई, एच.डी.एफ.सी, एस.बी. आई.लाइफ इन्सुरेंस, ऐयु स्माल फाइनेंस, एल0आई0सी, आदि कम्पनिया बैंकिंग क्षेत्र में स्नातक व परास्नातको के लिय विभिन्न पदो पर भर्ती करने हेतु आयेंगी।

बस्ती रोडवेज डिपो के भर्ती अधिकारीगण सविदा चालक के 50 पदों पर हैवी लाइसेन्स के साथ दो वर्ष का अनुभव काम से काम 8 पास आहर्ता वालो के लिय भर्ती करेगीं। पैराग्रीन प्रा0लि0 सिक्योरिटी गार्ड के लिए तथा अमेजोन, डिलिवरी व्याय के हेतु जिनके पास ड्राइवरी लाइसेंस (डी एल) होना चाहिए के लिए भर्ती करने हेतु आयेंगी। इस तरह कुल 5000 रिक्त पदो के साथ विभिन्न कंपनिया प्रतिभाग करेंगी। वेतनमान 6000.00 से 22000.00 तक रहेगा। इस रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 वी पास, हाईस्कुल, इण्टरमीडिएट, स्नातक ,आई0टी0आई0, डिप्लोमा कंप्यूटर दक्षता व अन्य तकनीकी गैर तकनीकी योग्यता धारक हो सकते है। इस रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी बायोडाटा व एक फोटो के साथ तिथि 18 मार्च 2026 दिन बुधवार समय सुबह-9 बजे से आयोजन स्थलः-शिव हर्ष किसान पी0जी0 कालेज-बस्ती मे निःशुल्क प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बस्ती (कटरा मुड़घाट रोड) पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारीजिला सेवायोजन अधिकारीबस्ती ने दिया।

## राजधानी की सड़कों पर दौड़े पिंक व्हील्स महिला दिवस पर फिटनेस और सशक्तिकरण का संदेश

**● मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से निकली 'पिंक साइक्लोथॉन' रैली में 1000 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी, महिलाओं के स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को मिला बढ़ावा।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लेजर स्किल्स काउंसिल (SPEFL-SC) ने फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से 'संडेज़ ऑन साइकिल' के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम रविवार, 8 मार्च 2026 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया। 'पिंक साइक्लोथॉन' पहल के इस तीसरे संस्करण ने महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए समाज के एक ख़ास वर्ग को आगे लाने का कार्य किया।सुबह की शुरुआत जबरदस्त ऊर्जा और फिटनेस के प्रति मिले-जुले जोश और जुनून के साथ हुई। मास फिटनेस सेशन में शामिल प्रतिभागियों ने जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इस आयोजन की मुख्य साइकिल रैली को सुबह 7:45 बजे आधिकारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसका उद्देश्य पूरे शहर में फिटनेस और सक्रिय जीवन को बढ़ावा देना था। इस साइक्लोथॉन में सभी आयु वर्ग और लिंग के 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स और उन प्रसिद्ध महिला एथलीटों को सम्मानित किया गया जिन्होंने भारतीय खेलों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों और खेल दिग्गजों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें श्री मयंक श्रीवास्तव उप महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण - खेलो इंडिया डिवीजन, सुश्री मंजुश्री दयानंद उप महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण), श्री तहसीन ज़ाहिद मुख्य कार्यकारी अधिकारी - SPEFL-SC, सुश्री नंदिनी अगासर (2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता,ढ्ढह्यद्धड्ड4 आशालता देवी (भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की कप्तान), सुश्री गरिमा चौधरी ओलंपियन जूडोका सुश्री तनिष्का खत्री एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता तलवारबाज शामिल थे।

स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कई इन्फ्लुएंसर्स को भी सम्मानित किया गया, जिनमें डॉ. रीरी त्रिवेदी मानसिक स्वास्थ्य फिटनेस, सुश्री निधि निगम (पोषण), और टेलीविजन जगत की हस्तियां श्री तरुण खन्ना और सुश्री ऐश्वर्या राय शामिल थीं। साइक्लोथॉन के दौरान, 5 भाग्यशाली विजेताओं ने नई साइकिलें भी जीतीं। स्किल इंडिया, SPEFL-SC, NSDC और FICCI द्वारा समर्थित यह पहल, पिंक साइक्लोथॉन के उन व्यापक उद्देश्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है, जिनका लक्ष्य प्रिवेंटिव हेल्थ (निवारक स्वास्थ्य) और महिला कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

राइड के बाद, गणमान्य व्यक्तियों ने मीडिया के साथ बातचीत की, जिसमें उन्होंने देश भर में महिलाओं की दिनचर्या में खेल और फिटनेस को शामिल करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। 'इस सफल कार्यक्रम के आयोजन में वेदांता का विशेष सहयोग रहा, जिसके कारण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका।

## दिल्ली विधान सभा सचिवालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

**● शासन की असली परीक्षा बहस में नहीं, बल्कि ऐसी नीतियों में है जो आम नागरिक के जीवन में वास्तविक सुधार लाएँ श्री विजेन्द्र गुप्ता**

**● एसआरसीसी के पूर्व छात्र एवं दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता ने 'माइन्ड्यूक्टर 14.0' में मुख्य भाषण दिया**

**● सार्वजनिक जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि ऐसी नीतियाँ बनाना है जो लोगों की सेवा करें विधानसभा अध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली,** बौद्धिक ईमानदारी और सार्वजनिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश देते हुए अपने पुराने शिक्षण संस्थान (अल्मा मेटर) में लौटे दिल्ली विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता ने आज श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'माइन्ड्यूक्टर 14.0' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। छात्रों, प्राध्यापकों और युवा नेतृत्वकर्ताओं की एक उत्साहपूर्ण सभा को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा किया तथा नेतृत्व, सुशासन, राष्ट्र-निर्माण और सार्वजनिक नीति के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।अपने विचारोत्तेजक मुख्य भाषण में श्री गुप्ता ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र का सार केवल राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे सार्थक और प्रभावी नीति-क्रियान्वयन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विभिन्न मत और असहमति स्वाभाविक हैं, किंतु शासन की वास्तविक सफलता इस बात से मापी जाती है कि कानून और नीतियाँ आम नागरिक के जीवन पर कितना सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।श्री गुप्ता ने आगे कहा कि यह जिम्मेदारी विधायी संस्थाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि विधानसभाएँ और संसद ऐसे मंच हैं जहाँ सार्वजनिक मुद्दों पर गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ विचार-विमर्श किया जाता है तथा समाज के हित में नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, 'एक विकसित भारत की पहचान उन संस्थानों से होती है जो ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हैं, तथा उन कानूनों से जो प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करते हैंएसआरसीसी की शैक्षणिक उत्कृष्टता को 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय लक्ष्य से जोड़ते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक प्रगति से नहीं होती। वास्तविक विकास संस्थागत मजबूती, अवसरों के विस्तार और ऐसी संवाद संस्कृति से उत्पन्न होता है जो लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा कि जब विभिन्न विचारों को सम्मान और शालीनता के साथ सुना और उन पर विमर्श किया जाता है, तो



सार्वजनिक नीतियाँ अधिक संतुलित और स्थायी बनती हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा, 'आपके विचार बौद्धिक ईमानदारी, नैतिक मूल्यों और व्यापक जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होने चाहिए।' भारत के आर्थिक और प्रशासनिक भविष्य के निर्माता के रूप में छात्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने एसआरसीसी के प्रतिभाशाली और विचारशील छात्रों, भविष्य के अर्थशास्त्रियों, प्रशासकों और उद्यमियों को अपनी पेशेवर भूमिकाओं को सामाजिक और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित किया अपने संबोधन के अंत में विधानसभा अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि युवाओं के विचार और प्रयास व्यापक राष्ट्रीय हित और समाज की सेवा के उद्देश्य से प्रेरित होंगे, तो एक ऐसे विकसित भारत का सपना साकार होगा जहाँ शासन उद्देश्यपूर्ण हो और कानून वास्तव में जनता की सेवा करें।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा
स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254
www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com